RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 169
नई दिल्ली, बुधवार, 26 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




2024 में फिर लड़ेंगे राष्ट्रपति का चुनाव
विदेश-10

# सूडान से भारतीयों का पहला जत्था रवाना

## 72 घंटे के युद्ध विराम के बीच नागरिकों को पहुंचाई राहत सामग्री

● इसमें 278 लोग शामिल, आईएनएस सुमेधा के बाद नौसेना का पोत तेग भी पहुंचा सूडान, विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन मिशन की निगरानी के लिए जेद्दा में



सूडान में बंदरगाह पर आईएनएस सुमेधा में सवार होने के लिए लाइन में लगे भारतीय नागरिक। ऑपरेशन कावेरी के तहत इन लोगों को वापस लाया जा रहा है।

**एजेंसी।** नई दिल्ली

अफ्रीकी देश सूडान में हिंसा के बीच ऑपरेशन कावेरी के तहत 278 भारतीय नागरिकों का पहला जत्था आईएनएस सुमेधा से जेद्दा के लिए रवाना हो गया। इसके साथ ही सूडान में 72 घंटे के युद्ध विराम के दौरान वहां फंसे भारतीय नागरिकों को आवश्यक राहत सामग्री पहुंचाई गई।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार ऑपरेशन कावेरी के तहत 3000 भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए नौसेना का दूसरा जहाज आईएनएस तेग भी सूडान के तट पर पहुंच गया है। भारत ने सूडान में फंसे भारतीयों को को निकालने व राहत सामाग्री पहुंचाने के लिए सऊदी अरब के शहर जेद्दा में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। इस बीच विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन भारतीयों को निकालने के मिशन की निगरानी के लिए जेद्दा पहुंच चुके हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक ट्वीट में कहा कि ऑपरेशन कावेरी के तहत सूडान में फंसे 278 भारतीयों का पहला जत्था आईएनएस सुमेधा से जेद्दा के लिए रवाना हो गया। जेद्दा से भारतीय नागरिकों को भारतीय वायु सेना के विमानों से देश लाया जाएगा। एक अन्य ट्वीट में बागची ने कहा कि भारतीयों को निकालने के मिशन आईएनएस तेग भी सूडान के तट पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कावेरी के तहत और भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए अधिकारियों के साथ आईएनएस तेग जरूरी राहत सामग्री के साथ सूडान तट के दूतावास कैंप कार्यालय पर पहुंच गया है। सूडान में पिछले 12 दिनों से सेना और पैरामिलिट्री समूह के बीच भयंकर युद्ध में अबतक 400 लोगों की मौत हो चुकी है।

सूडान से भारतीयों को निकालने के लिए भारत के प्रयास से सेना और पैरामिलिट्री रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच 72 घंटे के युद्ध विराम पर सहमति बनी है। विदेश राज्यमंत्री मुरलीधरन ने कहा कि भारतीयों को निकालने के लिए सूडान और जेद्दा में जरूरी तैयारी की गई है। जेद्दा पहुंचने पर उन्होंने यहां स्थापित नियंत्रण कक्ष का दौरा किया। गौरतलब है कि भारत ने हिंसाग्रस्त सूडान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए सोमवार को ऑपरेशन कावेरी शुरू किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि सूडान में फंसे हमारे नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी शुरू हो गया है। भारतीय जहाज और विमान भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए तैयार हैं।

# आतंकवाद समर्थक पड़ोसी से संवाद मुश्किलः जयशंकर



● पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के एससीओ बैठक में शामिल ने होने से पूर्व भारत ने अपना रुख साफ किया

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/पनामा सिटी

**पाकिस्तानी** विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की भारत यात्रा से पहले भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा 'ऐसे पड़ोसी से संवाद कायम करना बेहद मुश्किल है जो भारत के खिलाफ सीमा पार से आतंकी गतिविधियों में मदद देता है।

बिलावल चार और पांच मई को गोवा में आयोजित शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेश (एससीओ) की विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने भारत आएंगे। पनामा सिटी में देर सोमवार को पनामा की विदेश मंत्री जनैना तेवानी मेनकोमो के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने (शेष पेज 9)

## पूर्वी लद्दाख में गतिरोध खत्म करने पर भारत और चीन सहमतः बीजिंग

**एजेंसी।** बीजिंग

**चीन** के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि भारत और चीन के शीर्ष सैन्य अधिकारी ताजा दौर की वार्ता में सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के अलावा पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी गतिरोध से संबंधित प्रासंगिक मुद्दों को तेजी से हल करने को सहमत हुए हैं। बीजिंग ने यह भी कहा कि रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू 27 अप्रैल से एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए इस सप्ताह भारत का दौरा करेंगे। दौरे के दौरान ली की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ वार्ता होने की उम्मीद है। चीन के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, चीन-भारत कोर कमांडर स्तर की (शेष पेज 9)

## पाक के कश्मीर राग को भारत ने किया खारिज

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई राजदूत रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर उठाने को समय बर्बाद करने वाला बताते हुए नकार दिया। कंबोज ने दृढ़ता के साथ कहा कि वह ऐसी बेकार टिप्पणियों का जवाब देकर परिषद का समय बर्बाद नहीं करेंगी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बनाए रखनेः संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के सिद्धांतों को कायम रखते हुए प्रभावी बहुपक्षवाद विषय पर चर्चा के दौरान कंबोज ने पाकिस्तान की टिप्पणियों पर कड़ा जवाब दिया। इस महीने सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता रूस कर रहा है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव सोमवार को बहस की अध्यक्षता कर रहे थे, तभी संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थाई प्रतिनिधि मुनीर अकरम ने अपने बयान में जम्मू-कश्मीर (शेष पेज 9)

# यौन शोषण के आरोपः पहलवानों की याचिका पर दिल्ली सरकार को नोटिस



नई दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन के दौरान महिला पहलवान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● शीर्ष न्यायालय ने उत्पीड़न के आरोप को गंभीर बताते हुए की कार्रवाई

**उच्चतम** न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने की मांग कर रही सात महिला पहलवानों की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया।

शीर्ष न्यायालय ने महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों को गंभीर बताया और कहा कि इस पर उसे (न्यायालय को) विचार करने की जरूरत है। न्यायालय ने शुरूआत में कहा कि याचिका को सुनवाई के लिए शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाए। हालांकि, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की कुछ दलीलें सुनने के बाद इसने तुरंत मामले की सुनवाई करने का फैसला किया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि आम तौर पर, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156 (संज्ञेय मामलों की जांच के लिए पुलिस अधिकारियों की शक्ति) के तहत पुलिस से (शेष पेज 9)

## मानहानि मामले में गुजरात हाईकोर्ट पहुंचे राहुल गांधी

**भाषा।** अहमदाबाद

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को गुजरात उच्च न्यायालय में अपील दायर कर सूरत की सत्र अदालत के उस आदेश को चुनौती दी जिसमें मोदी उपनाम वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि के एक मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था। एक वकील ने यह जानकारी दी। कांग्रेस नेता के वकील बी एम मंगुकिया ने पुष्टि की कि राहुल गांधी (52) ने सत्र अदालत के पिछले सप्ताह के आदेश के खिलाफ यहां उच्च न्यायालय में अपील दायर की है। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर 2019 के मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 23 मार्च को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी। फैसले के (शेष पेज 9)

# हाईस्कूल में सीतापुर की प्रियांशी और इंटर में महोबा के शुभ टॉपर

यूपी बोर्ड



**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम मंगलवार को एक साथ जारी कर दिया गया। वर्ष 2023 की परीक्षा में हाईस्कूल का परिणाम कुल 89.78 प्रतिशत रहा।

जिसमें बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.64 और बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों से अधिक 93.34 रहा है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम कुल 75.52 रहा। जिसमें बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 69.34 और बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 83.00 प्रतिशत रहा है। इस बार की परीक्षा में (शेष पेज 9)

## राज्य व जिले में शीर्ष पर रहने वाले 10-10 विद्यार्थियों को योगी सरकार करेगी सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** बोर्ड में शानदार रिजल्ट पर सीएम योगी ने छात्रों को बधाई देते हुए सौगात भी देने की घोषणा कर दी है। राज्य की मेरिट लिस्ट में आने वाले मेधावी छात्रों को लखनऊ में बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। जिलों के टॉपर को उनके ही जनपद में सम्मानित करने के लिए आयोजन किए जाएंगे। रिजल्ट घोषित होने के कुछ देर बाद ही सीएम योगी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की 10 वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं, (शेष पेज 9)

## मुस्लिमों के लिए चार फीसदी कोटा खत्म करने का फैसला नौ मई तक लागू नहींः कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि कर्नाटक में मुसलमानों को चार फीसदी आरक्षण देने का पूर्ववर्ती सरकार का फैसला नौ मई तक कायम रहेगा। शीर्ष अदालत कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले इस मामले से संबंधित विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई करेगी। चुनाव परिणाम 13 मई को घोषित होंगे। न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने कहा कि अन्य पिछड़ी जातियों की 2बी श्रेणी में मुसलमानों के लिए प्रदत्त चार प्रतिशत आरक्षण को निरस्त करने और सरकारी शिक्षण संस्थानों में दाखिले तथा नौकरियों में वोक्कालिगा और लिंगायत का आरक्षण बढ़ाने के मौजूदा सरकार के फैसले के अमल पर नौ मई तक रोक रहेगी। राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई शुरू होने पर कहा कि वह दिन में जवाब दाखिल करेंगे। उन्होंने पीठ से कहा कि मैं इसे (शेष पेज 9)

# कांग्रेस सत्ता में आई तो कर्नाटक दंगों की चपेट में रहेगा : शाह



**भाषा।** बागलकोट

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अगर कर्नाटक में कांग्रेस सत्ता में आई तो राज्य में परिवारवाद की राजनीति चरम पर होगी और वह दंगों की चपेट में रहेगा। शाह ने कहा कि कांग्रेस के सरकार बनाने पर राज्य में अभी तक हुआ विकास रिवर्स गेयर में चला जाएगा।

कर्नाटक में लोगों से राजनीतिक स्थिरता के लिए मतदान करने की अपील करते हुए शाह ने इस जिले के तेरदल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केवल भारतीय जनता पार्टी ही राज्य को नया कर्नाटक बनाने की दिशा में आगे ले जा सकती है। पार्टी के प्रमुख चुनावी रणनीतिकारों तथा प्रचारकों में शामिल शाह ने कहा, अगर कांग्रेस सत्ता में आती है, तो परिवारवाद की राजनीति चरम पर (शेष पेज 9)

## कर्नाटक को किसी नेता के आशीर्वाद की जरूरत नहींः प्रियंका



**भाषा।** मैसुरू

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को कर्नाटक की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर बेरहमी और बेशर्मी के साथ भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया और दावा किया कि राज्य में इस सरकार के दौरान 1.5 लाख करोड़ रुपए की लूट की गई है। प्रियंका गांधी ने यहां एक चुनावी सभा में लोगों का आह्वान किया कि वे कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाएं, ताकि उनके हित में काम हो सके। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### पंजाब के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल का निधन



**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख प्रकाश सिंह बादल (95) का मंगलवार को रात करीब 8 बजे निधन हो गया। वह मोहाली के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। केंद्र सरकार ने बादल के सम्मान में 26, 27 अप्रैल को पूरे देश में दो-दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। बादल को मोहाली स्थित फोर्टिस अस्पताल में करीब एक सप्ताह पहले सांस लेने में परेशानी होने की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। वे आईसीयू में भर्ती थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रकाश सिंह बादल के निधन पर शोक जताया और कहा कि उन्होंने ना सिर्फ पंजाब की प्रगति के लिए अथक प्रयास किए, बल्कि देश के विकास में भी बहुत योगदान दिया। मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि प्रकाश सिंह बादल के निधन से अत्यंत दुखी हूं। वह भारतीय राजनीति के विशाल व्यक्तित्व और उल्लेखनीय राजनेता थे।

# कोच्चि की लाइफ लाइन बनेगी पहली वाटर मेट्रो

● मोदी ने दिखाई हरी झंडी, कोच्चि के आसपास के 10 द्वीपों को जोड़ेगी और एक लाख लोगों को मिलेगा फायदा

**पीएनएस/एजेंसी।** तिरुवनंतपुरम



कोच्चि झील में वॉटर मेट्रो।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार कोच्चि वाटर मेट्रो सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और कहा कि जैसे-जैसे राज्यों का विकास होगा, देश तेजी से विकास करेगा।

यहां के सेंट्रल स्टेडियम में प्रधानमंत्री ने 3200 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। भारत की यह पहली वाटर मेट्रो है। इस प्रोजेक्ट की लागत 1,137 करोड़ रुपए है। वाटर मेट्रो कोच्चि में और उसके आसपास के 10 द्वीपों को जोड़ेगी। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने इसका निर्माण किया है। पहले चरण में इस परियोजना को आठ बोट्स से शुरू किया गया है। वाटर मेट्रो से द्वीप पर रहने वाले एक लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। इसे केरल का ड्रीम प्रोजेक्ट कहा जा रहा है। केरल सरकार और जर्मन फर्म ने इस प्रोजेक्ट में पैसा लगाया है। वाटर मेट्रो का स्वामित्व कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड के पास है।

### सस्ता टिकट और पास भी

**यात्रा** के लिए न्यूनतम टिकट की कीमत 20 रुपए, जबकि अधिकतम कीमत 40 रुपए है। नियमित यात्रियों के लिए साप्ताहिक और मासिक पास भी उपलब्ध रहेगा। साप्ताहिक पास 180 रुपए का है। इससे 12 बार यात्रा कर सकते हैं।

### 10 से 15 मिनट में होगी चार्ज

**यात्री** सेवा के लिए कुल 78 इकोफ्रैंडली बोट चलेंगीं। इनमें से 23 बोट 100 यात्रियों को ले जा सकती हैं, बाकी 55 बोट 50 यात्रियों को वहन कर सकती हैं। इसके अलावा चार रेस्क्यू बोट भी हैं। मेट्रो में लिथियम टाइटनेट ऑक्साइड बैटरी लगी है। इसे 10 से 15 मिनट में चार्ज किया जा सकता है।

# ढोल-नगाड़े की थाप से किया वंदे भारत का स्वागत

● पीएम ने केरल को दी पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात, झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में जुटे लोग

**पीएनएस/एजेंसी।** तिरुवनंतपुरम

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने केरल की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को यहां राज्य की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उद्घाटन यात्रा के दौरान ट्रेन की झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग रेलवे फाटक, फ्लाईओवर, खेतों और अन्य स्थानों पर जुटे।

स्टेशनों पर ढोल नगाड़ों की थाप सुनाई दी। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक से वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने से पहले, उन्होंने ट्रेन की एक कोच के अंदर स्कूली बच्चों के एक समूह के साथ बातचीत की।



तिरुवनंतपुरम-कासरगोड वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद ट्रेन में बच्चों से बात करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनरई विजयन और कांग्रेस सांसद शशि थरूर भी ट्रेन के अंदर छात्रों के साथ बातचीत करते हुए मोदी के साथ मौजूद थे। बच्चों ने इस दौरान मोदी को उनके द्वारा बनाई गई प्रधानमंत्री और वंदे भारत एक्सप्रेस की पेंटिंग भी दिखाई। मोदी जब ट्रेन को हरी झंडी दिखा रहे थे, उस समय विपरीत दिशा के प्लेटफॉर्म पर भी बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

वंदे भारत एक्सप्रेस राज्य की राजधानी को केरल के उत्तरी कासरगोड जिले से जोड़ेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस 11 जिलों को जोड़ेगी। उद्घाटन यात्रा के दौरान ट्रेन की झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग रेलवे फाटक, फ्लाईओवर, खेतों और अन्य स्थानों पर जुटे। एक्सप्रेस ट्रेन का उसके मार्ग पर पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 26 अप्रैल, 2023



# 10वीं में इकरा, 12वीं में प्रिया ने किया टॉप

● दोनों परीक्षा परिणामों में राज्य में सातवें स्थान पर गौतमबुद्ध नगर, एक बार फिर बेटियों ने फहराया परचम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) का परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका है। प्रदेश स्तरीय टॉप टेन में जहां लड़की और लड़कों दोनों ने जगह बनाई है। वहीं, गौतमबुद्ध नगर में बेटियों का जलवा इस साल भी कायम रहा।

बेटों को पछाड़ते हुए बेटियों ने न केवल अपने परिवार का बल्कि अपने कालेज और जिले का नाम भी रोशन किया। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर के परीक्षार्थियों ने शानदार उपलब्धियां प्राप्त की हैं। जिनकी बदौलत पूरे प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर सातवें स्थान पर रहा। खास बात यह है कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों परीक्षा परिणामों में जिला राज्य में सातवें स्थान पर है।

हाईस्कूल की परीक्षा में नोएडा की इकरा ने टॉप किया है। इकरा शहर के सेक्टर-122 में पर्थला



इकरा प्रिया

खंजरपुर गांव के बीआर पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने धर्मवीर सिंह ने बताया कि इकरा को 96.17 प्रतिशत अंक मिले हैं। जिले में हाईस्कूल के टॉप-3 स्टूडेंट बीआर पब्लिक इंटर कॉलेज से हैं।

कॉलेज के संचालक जगत सिंह ने बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में दादरी के वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा प्रिया ने बाजी मारी है। वह जिले में पहले स्थान पर रही हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि प्रिया को 92.40 प्रतिशत अंक मिले हैं। हाईस्कूल की टॉप-10 लिस्ट में 12 छात्र- छात्राएं शामिल हैं। जबकि इंटरमीडिएट की टॉप 10 लिस्ट में 14 छात्र-छात्राएं शामिल हुए हैं।

## गाजियाबाद में आराध्य अग्रवाल और अमान रहे जिले में अव्वल

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से सत्र 2022-23 की बोर्ड परीक्षा 10वीं व 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। 10वीं में मोदीनगर के डॉ. केएन मोदी साइंस एंड कामर्स कॉलेज के आराध्य अग्रवाल ने 94.80 प्रतिशत अंक और 12वीं में महर्षि दयानंद विद्यापीठ के अमान सैफी ने 95.60 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉप किया। जिले में इस बार हाईस्कूल में 28,428 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 26,953 छात्रों ने परीक्षा दी और इंटरमीडिएट में पंजीकृत 24,182 में से 22,740 छात्रों ने परीक्षा दी थी। सफल होने वाले विद्यार्थियों की कंपाइल रिपोर्ट कुछ देर में जारी होगी। जिले में 10वीं कक्षा की दूसरी जिला टॉपर ज्योति मिश्रा हैं, जो कैलाशवती इंटर कॉलेज का छात्रा हैं। इन्होंने 600 में से 567 (94.50त्न) अंक हासिल किए हैं। यूपी बोर्ड इंटर के रिजल्ट में इस साल गिरावट देखने को मिली है। पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष के नतीजे कम बेहतर रहे हैं। साल 2023 में, जहां कुल 75.52 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। वहीं, 2022 में यह आंकड़ा 85.33 फीसदी रहा था।



यूपी बोर्ड परीक्षा में पास होने के बाद स्कूल के बाहर जश्न मनातीं छात्राएं।

# मारपीट करने वाले पांच टोल कर्मी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के लोहारली टोल प्लाजा पर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांच टोल कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन लोगों ने बोलेनो कार सवार युवकों के साथ मारपीट की थी।

इस दौरान एक युवक के गंभीर चोट आई थी। दादरी थाना क्षेत्र के लुहारली टोल प्लाजा पर हुई मारपीट सीसीटीवी में कैमरे में कैद हो गई। देर रात टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों और कार सवार 4 से 5 लड़कों के बीच यह मारपीट हुई। इस मारपीट में दनकौर निवासी अनस घायल हो गया। एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि देर रात अपनी



कार से 4.5 लड़के नोएडा से सिकंदराबाद की ओर जा रहे थे। रास्ते में लुहारली टोल प्लाजा पर टोल देने को लेकर टोल कर्मियों से उन लड़कों का विवाद होने लगा।

इसी बात को लेकर टोल कर्मियों ने कार सवार लड़कों के साथ हाथापाई व मारपीट की गई। मौके पर पहुंची दादरी थाने की पुलिस ने घायल अनस का मेडिकल कराया है। दादरी थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर 5 टोल कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस दौरान बुलंदशहर निवासी सोनू, हाथरस निवासी गौरव, कन्नौज निवासी सुग्रीव, मथुरा निवासी मुकेश और पवन को गिरफ्तार किया है। यह सभी लोग टोल प्लाजा पर ही कार्य किया करते थे। टोल देने को लेकर के विवाद हुआ था। इसी दौरान इन लोगों ने कार सवार युवकों के साथ जमकर मारपीट कर एक युवक को घायल कर दिया था। जिन्हें पुलिस ने टोल प्लाजा 5 कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## पिछले 24 घंटे में कोरोना 107 मामले, एक की मौत

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में कोरोना वायरस का संक्रमण एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का सबब बन चुका है। गौतमबुद्ध नगर में रोजाना कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या 100 के पार पहुंच रही है। वहीं, एक सप्ताह के भीतर कोरोना वायरस के चलते दो लोगों की मौत भी हो चुकी है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे के भीतर 107 नए कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की पुष्टि की गयी है। जिसमें 50 साल के एक व्यक्ति की भी मौत हो गयी। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को कोरोना वायरस के चलते एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

# उत्तराखंड पब्लिक स्कूल के खिलाफ एफआईआर

● सोमवार को प्राधिकरण ने स्कूल को किया था सील, प्रबंधन के खिलाफ सड़क पर उतरे अभिभावक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर 56 स्थित उत्तराखंड पब्लिक स्कूल को प्राधिकरण द्वारा सील किए जाने के बाद मंगलवार को सैकड़ों अभिभावकों का आक्रोश भड़क गया।

उत्तराखंड पब्लिक स्कूल के सभी अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज करायी है। अभिभावकों ने यह एफआईआर कोतवाली सेक्टर 58 पुलिस के पास दर्ज करायी गयी है। अभिभावकों से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तराखंड पब्लिक स्कूल सील होने के बाद ना तो गार्ड स्कूल पहुंचा और ना ही स्कूल प्रबंधन का कोई भी अधिकारी और अध्यापक स्कूल पहुंचा है। अभिभावकों ने शिकायत में लिखा है कि वह सब सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए गए थे।

स्कूल पहुंचने के बाद अभिभावकों को जानकारी प्राप्त हुई कि प्राधिकरण के द्वारा स्कूल को सील कर दिया गया है। ऑल नोएडा स्कूल्स पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष यतेंद्र कसाना ने बताया कि स्कूल प्रबंधन के काले कारनामों की सजा सैकड़ों छात्रों को क्यों दी जा रही है। छात्रों और अभिभावकों का इसमें क्या कसूर है।

ऑल नोएडा स्कूल पैरेंट्स एसोसिएशन (एएनएसपीए) के नेतृत्व में सैकड़ों अभिभावकों ने उत्तराखंड पब्लिक स्कूल के मुख्य गेट पर और पुलिस के रोकने के बाद में दिल्ली स्थित स्मृति वन के पास जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान उत्तराखंड पब्लिक स्कूल के खिलाफ अभिभावकों ने जमकर नारेबाजी भी की। नोएडा प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक, करीब 15.49 करोड़ रुपया बकाया न चुकाने की स्थिति में सीबीएसई से मान्यता प्राप्त उत्तराखंड पब्लिक स्कूल को सीज किया गया है।

उत्तराखंड पब्लिक स्कूल के अभिभावक अपने बच्चों के साथ मंगलवार को स्कूल पहुंचे तो स्कूल ने बच्चों और अभिभावकों को वापस लौटा दिया। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन से इसकी जानकारी मांगी तो स्कूल प्रबंधन की तरफ से इस पर ठीक प्रकार से जानकारी अभिभावकों को उपलब्ध नहीं करायी गयी। अभिभावकों ने स्कूल के खिलाफ कराया धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है।

## संक्षिप्त समाचार


भाटी गैंग के रिश्तेदार का कैंटर जब्त करती पुलिस।

### गैंगस्टर रणदीप गैंग के साथी के रिश्तेदार की संपत्ति कुर्क

**नोएडा।** कुख्यात गैंगस्टर रणदीप भाटी गैंग के एक सदस्य के रिश्तेदार की करीब 24 लाख रूपए मूल्य की संपत्ति को थाना जारचा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में जब्त कर लिया। थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि रणदीप भाटी गैंग के सदस्य योगेश डाबरा के साले हरेंद्र बंसल के मेरठ स्थित आवास से करीब 24 लाख रुपए कीमत के दो वाहन पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत जब्त कर लिए हैं। इसके खिलाफ थाना दादरी में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। मामले की जांच थाना जारचा पुलिस द्वारा की जा रही थी।

### 11 दिन से चल रही अधिवक्ताओं की हड़ताल समाप्त

**नोएडा।** दादरी तहसील से सब-रजिस्ट्रार दफ्तर को दूसरी जगह स्थानांतरित करने के विरोध में 11 दिन से चल रही वकीलों की हड़ताल सोमवार को समाप्त हो गई। अपर जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। वकील 13 अप्रैल से हड़ताल पर थे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महिपाल सिंह भाटी ने बताया कि आज अपर जिलाधिकारी नितिन मदान के साथ हुई बातचीत के बाद बाद हड़ताल समाप्त हो गई।

### रोटरी क्लब ने बांटे निशुल्क हेलमेट

**नोएडा।** यातायात पुलिस और रोटरी क्लब द्वारा संयुक्त रूप से वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया। यह हेलमेट ट्रैफिक इंस्पेक्टर आशुतोष के नेतृत्व में वितरित किया गया। इस दौरान यातायात पुलिस और रोटरी क्लब ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की भी विस्तार के साथ जानकारी दी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर आशुतोष ने बताया कि पुलिस और रोटरी क्लब द्वारा संयुक्त रूप से लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस जागरूकता अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। वाहन चालकों को फर्स्ट एड किट और हेलमेट का निशुल्क वितरण भी किया गया।

### ऑटो यूनियन की परिवहन विभाग के साथ बैठक

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 32 स्थित उपसहायक संभागीय परिवहन विभाग के कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन (भानु), नोएडा ऑटो यूनियन और नोएडा संयुक्त ट्रांसपोर्ट यूनियन की संयुक्त रूप से परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की गयी। इस बैठक में आरटीओ अरुण कुमार, एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा, एआरटीओ प्रवतर्न अजय मिश्रा, प्रशांत तिवारी, वीके चौधरी, दीपक शाह, डीसीपी हरीश चंद्र और एसीपी सुशील कुमार गंगा मौजूद रहे। इस बैठक के दौरान नोएडा ऑटो यूनियन और नोएडा संयुक्त ट्रांसपोर्ट यूनियन ने एनसीआर परमिट को ऑन लाइन किए जाने का विरोध किया। वहीं, आरटीओ अरुण कुमार ने भाकियू (भानु), नोएडा ऑटो यूनियन और नोएडा संयुक्त ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि मेरठ मण्डल कमिश्नर के साथ बुधावर को होने वाली बैठक के दौरान सभी समस्याओं को प्रमुखता के साथ रखा जाएगा। नोएडा ऑटो यूनियन के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुर्जर ने बताया कि कोई समाधान नहीं होता है तो गुरुवार से परिवहन विभाग के कार्यालय पर ऑटो यूनियन, भाकियू (भानु) और नोएडा संयुक्त ट्रांसपोर्ट यूनियन के नेतृत्व में सभी ऑटो चालकों की हड़ताल शुरू हो जाएगी।

# निकाय चुनाव के लिए 330 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

● दादरी नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 14 ने पर्चा भरा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के छह नगर निकायों में अध्यक्ष और सदस्यों के लिए करीब 330 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। दादरी में अध्यक्ष पद के लिए 14 और सदस्यों के लिए 117 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है। अब 27 अप्रैल को नाम वापसी और 28 अप्रैल को चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि सोमवार को नामांकन करने की अंतिम तारीख थी। नामांकन प्रक्रिया दादरी तहसील, जेवर और सदर तहसील में चल रही है। दादरी नगर




पालिका अध्यक्ष पद के लिए 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। जबकि सदस्य पद के लिए 117 ने पर्चा भरा है। इसी प्रकार नगर पंचायत दनकौर में अध्यक्ष पद के लिए 8 और सदस्य पद के लिए 37 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया हैं।

नगर पंचायत बिलासपुर में अध्यक्ष पद के लिए 9 और सदस्य पदों के लिए 26 नामांकन दाखिल किए गए हैं। नगर पंचायत जेवर में अध्यक्ष पद के लिए 9 और सदस्यों के लिए 45 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। नगर पंचायत जहांगीरपुर में अध्यक्ष पद के लिए 20 और सदस्यों के लिए 32 नामांकन किया गया है। नगर पंचायत रबूपुरा के लिए अध्यक्ष पद पर एक और सदस्य के लिए 12 नामांकन किया गया है। दादरी नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए 14 नामांकन किए गए हैं।

हालांकि, दो प्रत्याशियों ने एक से अधिक नामांकन किया हैं। जिस कारण नामांकन पत्रों की संख्या 18 है। जबकि सभासद पदों के लिए 117 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। अब सभी नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। जांच के दौरान त्रुटि पाने वालों के नामांकन रद्द किया जाएगा। इसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा।

# पुलिस ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान, काटे 341 चालान

● शहर को जाम मुक्त बनाने की लिए कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यातायात पुलिस ने नोएडा के सेक्टर 132 स्थित स्टेप बाई स्टेप स्कूल, ईटीटी टावर प्लाट नं-36, एक्सप्रेस ट्रेडिंग कंपनी, मैप्पल फोर्स कंपनी, मेडएक्स फार्मेसी और फोर्स मोटर के सामने सार्वजनिक रूप से नो-पार्किंग और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया।

यातायात पुलिस ने कुल 341 वाहनों के चालान भी काटे। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर को जाम मुक्त बनाने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थानों पर यातायात पुलिस की तरफ से एक अभियान चलाया गया है।

इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर अवैध अतिक्रमण और नो-पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ लागातार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के तहत वाहन चालकों के ई-चालान भी काटे जा रहे हैं।

# न्यू नोएडा के लिए प्राधिकरण जल्द शुरू करेगा 87 गांवों का जमीन अधिग्रहण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की तरफ से आगामी चार से पांच महीनों के भीतर न्यू नोएडा को बसाने की तैयारी शुरू करने जा रहा है। न्यू नोएडा को लेकर प्राधिकरण जल्द ही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करेगा।

नोएडा प्राधिकरण ने जमीन अधिग्रहण को लेकर बोर्ड बैठक में न्यू नोएडा को लेकर एक हजार करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी हो। दादरी और बुलंदशहर के करीब 87 गांवों की जमीन पर दादरी, नोएडा और गाजियाबाद विशेष निवेश क्षेत्र (डीएनजीआईआर) बसाया जाना है। यह करीब 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बसाया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण की तरफ से न्यू नोएडा में करीब 41 प्रतिशत में औद्योगिक और 4.5 प्रतिशत में व्यावसायिक गतिविधियां विकसित की जाएगी। न्यू नोएडा के लिए प्राधिकरण करीब पांच हजार हेक्टेयर जमीन सीधे किसानों से खरीदेगा। इस निवेश क्षेत्र को बसाने की जिम्मेदारी शासन की तरफ से नोएडा प्राधिकरण को दी गयी है।

### तीन माह बाद मास्टर प्लान को मंजूरी : सीईओ

प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि तीन महीने बाद होने वाली अगली बोर्ड बैठक में न्यू नोएडा को लेकर मास्टर प्लान-2041 के प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी। बोर्ड बैठक में मंजूरी मिलने के बाद प्रस्ताव को शासन के पास भेजा जाएगा। इसके बाद फाइनेनशियल मॉडल तय किया जाएगा। न्यू नोएडा को बसाने के लिए प्राधिकरण ने शासन से भी पैसा मांगा है।

## अवैध हथियार बेचने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** ऑन डिमांड कंट्री मेड पिस्टल की सप्लाई करने वाले एक आरोपी को फेस-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया। यह नोएडा में तमंचों की सप्लाई करने आया था।

निकाय चुनावों में तमंचों की मांग बढ़ जाती है। जिसके चलते अलीगढ़ से वह गौतमबुद्ध नगर में तमंचों की सप्लाई करने आया था।

इसकी पहचान देवेंद्र के रूप में की गयी है। यह थाना खैर अलीगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने चैकिंग के दौरान इसे जैविक पार्क फॉरेस्ट स्पा के सामने से गिरफ्तार किया है। इसके पास से नौ कंट्री मेड पिस्टल बरामद की गई है।


नोएडा पुलिस गिरफ्त में आरोपी। इंसेट में हथियारों का जखीरा

# नोएडा और ग्रेनो एक्सप्रेसवे 45 दिनों तक रहेगा प्रभावित

● यातायात पुलिस ने किया रूट डायवर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर मरम्मत का काम लगभग पूरा हो चुका है। अब नोएडा प्राधिकरण ने अंडरपास का काम शुरू कर दिया है। जिसकी वजह से आगामी 45 दिनों तक लोगों को नोएडा और ग्रेनो एक्सप्रेस-वे पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

वहीं, यातायात पुलिस की तरफ से नोएडा और ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे को लेकर एक रूट डायवर्जन प्लान भी जारी किया गया है। इस रूट डायवर्जन प्लान के तहत नोएडा और ग्रेटर नोएडा को जोड़ने



वाले एक्सप्रेस-वे पर बुधवार से वाहनों को सेक्टर 96 के नजदीक सर्विस लेन की तरफ डायवर्ट कर देगा। नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-9 के वरिष्ठ प्रबंधक प्रवीन ने बताया कि सेक्टर 96 और सेक्टर 126 को जोड़ने के लिए अंडरपास का काम किया जा रहा है। निर्माण कार्य दोनों तरफ से किया जा रहा है। ऐसे में नोएडा और ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे की तरफ से वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा।

बुधवार की सुबह निर्माणाधीन साइट से 100 मीटर पहले ही वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने बताया कि यातायात पुलिस ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर होने वाले निर्माण कार्य को लेकर डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया है। यह डायवर्जन प्लान बुधवार से लागू हो जाएगा।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा की ओर आने वाले मुख्य मार्ग पर निर्माण कार्य होने के चलते सर्विस लेन पर यातायात को डायवर्ट किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा से नोएडा और दिल्ली की ओर जाने वाला यातायात एक्सप्रेस-वे से सेक्टर 132 सर्विस रोड सेहोते हुए हाजीपुर अण्डरपास होकर सेक्टर 44 गोलचक्कर से महामाया फ्लाई ओवर की ओर जा सकेगा। वहीं ग्रेटर नोएडा से नोएडा और दिल्ली की ओर जाने वाला यातायात एक्सप्रेस-वे से सेक्टर 128 सर्विस रोड से हाजीपुर अण्डरपास होकर सेक्टर 44 गोलचक्कर से महामाया फ्लाई ओवर की ओर जा सकेगा।

# फाइनेंस कंपनी ने सुपरटेक बिल्डर समेत 34 पर कराया मुकदमा दर्ज

● 425 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का लगाया है आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के थाना सेक्टर 126 में इंडिया बुल फाइनेंस कंपनी के अधिकारी ने सुपटेक बिल्डर और उनसे संबंधित 34 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी कर अरबों रुपये की ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है। यह पूरा मामला 4,25,09,15,436 रुपये का है।

पुलिस ने सुनीला सांगवान की शिकायत पर धारा 409, 420, 467, 468, 471 और 120-बी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं, इस मामले में सुपरटेक बिल्डर के एमडी आरके अरोड़ा से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। थाना सेक्टर 126 के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इंडिया बुल नामक फाइनेंस कंपनी के अधिकारी सुनीला सांगवान ने थाना सेक्टर 126 में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

उनका आरोप है कि सेक्टर 94 स्थित सुपरनोवा प्रोजेक्ट के लिए सुपरटेक ग्रुप द्वारा उनकी कंपनी से दस्तावेज में हेरफेर कर सैकड़ों करोड़ का लोन लिया गया। बाद में अमानत में खयानत कर उनके लोन को हड़प लिया गया। ज्ञात हो कंपनी पर पहले भी गंभीर आरोप लगे है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एक क्लिक पर मिलेगी सरकारी योजनाओं की जानकारी

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने क्लाउड आधारित 180 नई वेबसाइट का किया उद्घाटन

● यूजर फ्रैंडली बनाने के लिए वेबसाइट में सभी जरूरी चीजों का ध्यान रखा गया है, अब मोबाइल फोन पर पूरा कंटेंट देख सकेंगे : गहलोत




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की सेवाएं और जानकारियां अब एक क्लिक में उपलब्ध हो जाएंगी। क्लाउड आधारित वेबसाइट पर कितना भी भार पड़ेगा लेकिन वह क्रैश नहीं होगी। यूजर फ्रैंडली बनाने के लिए वेबसाइट में सभी जरूरी चीजों का ध्यान रखा गया है, अब मोबाइल फोन व टैब पर भी आसानी से एक्सेस किया जा सकता है।

सभी विभागों की वेबसाइट को वेब पोर्टल से इंटीग्रेट किया गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को नया वेबपोर्टल और 50 विभागों की 180 वेबसाइट्स का उद्घाटन किया।

वर्ष 2008 में लांच की गई दिल्ली सरकार की मौजूदा वेबसाइट पुरानी तकनीक पर आधारित थी, जो ट्रैफिक लोड बढ़ते ही क्रैश हो जाती थी। इसकी वजह से लोगों को सरकारी योजनाओं और जानकारियां प्राप्त करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस अवसर पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि नई वेबसाइट क्लाउड पर आधारित है। इसमें आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है और स्पेस भी पर्याप्त है। यह वेबसाइट्स प्रति सेकेंड लाखों की ट्रैफिक आने पर भी क्रैश नहीं होंगी। केजरीवाल ने आईटी विभाग को बधाई देते हुए कहा कि इससे पहले वर्ष 2008 में वेबसाइट बनाई गई थी, जो पुरानी तकनीक पर आधारित थी और सर्वर भी पुराने तकनीक पर थे। वो वेबसाइट मोबाइल और टैब फ्रैंडली नहीं थी। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए अब क्लाउड पर चले गए हैं और सर्वर की जरूरत को खत्म कर दी गई है। आने वाले समय में इस बात पर भी नजर रखा जाएगा कि लोगों की क्या-क्या जरूरते हैं। कौन सी चीजों को जनता ज्यादा देख रही है और जनता को कौन सी चीज ज्यादा चाहिए। टेक्नोलॉजी का भविष्य आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस है। वह लोगों की सेवाएं बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का सरकार के कामकाज में अधिक से अधिक कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं, इस पर ज्यादा ध्यान देंगे।

आईटी मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि कोविड के दौरान पैरा ट्रांजिट ड्राइवरों को पांच हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की थी। उस समय जैसे ही वेबसाइट पर ट्रैफिक बढ़ता था, वेबसाइट क्रैश हो जाती थी। यूजर फ्रैंडली बनाने के लिए वेबसाइट में सभी जरूरी चीजों का ध्यान रखा गया है, अब मोबाइल फोन पर पूरा कंटेंट देख सकेंगे।

### नई वेबसाइट को एक्सेस करना बहुत आसान

**अब कोइ भी व्यक्ति अपने मोबाइल, टैबलेट या वेब ब्राउजर पर इसको आसानी से एक्सेस कर सकता है। इसमें विभिन्न विभागों के सोशल मीडिया अकाउंट को एक साथ इंटीग्रेटेड किया गया है। पुरानी वेबसाइट्स की तुलना में नई वेबसाइट को एक्सेस करना बहुत आसान है। इसमें कोई भी कंटेंट बहुत तेजी से कम समय में लोड किया जा सकता है। डेटा और साम्रगी को सुरक्षित रखने के लिए ऑटो आर्काइव है। ये वेबसाइट्स जीआईजीडब्ल्यू या डब्ल्यूउसी और द्विभाषी, बहुभाषी का समर्थन करता है। पेज का लेआइट सुंदर और आकर्षक बनाया गया है। वेबसाइट पर ट्रैफिक, विजिटर और समय का विश्लेषण आदि भी है। किसी भी स्तर पर थर्ड पार्टी एपीआई के साथ एकीकृत करना आसान है।**

# महापौर का चुनाव आज, शैली और शिखा के बीच मुकाबला

● आप के 132 व भाजपा के 106 पार्षद


शैली ओबेरॉय


शिखा राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महापौर और उपमहापौर का चुनाव बुधवार को होगा। दिल्ली नगर निगम में सदन की बैठक 26 अप्रैल को सुबह 11 बजे बुलाई गई है।

पीठासीन अधिकारी बने मुकेश गोयल ही मेयर का चुनाव कराएंगे। जिसमें सीधा मुकाबला आम आदमी पार्टी की शैली ओबेरॉय और भारतीय जनता पार्टी की नेता शिखा राय के बीच होगा। आंकड़ों व समीकरण को देखते हुए हंगामा होने के आसार कम हैं। इससे पहले पिछली बार मेयर चुनाव को लेकर निगम सदन की बैठक लगातार तीन बार हंगामे की वजह से स्थगित करनी पड़ी थी। चौथी बैठक में आम आदमी पार्टी की पार्षद शैली मेयर चुनी गई थी। इस बार भी आंकड़ों व समीकरण को देखते हुए उनका ही पलड़ा भारी है। राजधानी में महापौर पद के लिए बारी-बारी से एक-एक साल के पांच कार्यकाल के लिए चुनाव होता है। पहले वर्ष में मेयर का पद महिलाओं, जबकि तीसरे वर्ष में आरक्षित श्रेणी के लिए होता है। अन्य तीन वर्षों (दूसरे, चौथे और पांचवें) में यह पद अनारक्षित श्रेणी के लिए होता है। सूत्रों ने तीन अप्रैल को कहा था कि नए महापौर के चुनाव तक ओबेरॉय पद पर बनी रहेंगी। मेयर चुनाव को लेकर समीकरण देखें तो आम आदमी पार्टी के कुल 132 पार्षद जबकि बीजेपी के 106 पार्षद हैं।

# बृजभूषण की गिरफ्तारी पर अड़े पहलवान

● डब्ल्यूएफआई प्रमुख अब बाहुबल का सहारा धमकी और रिश्वत देकर पीड़ितों को तोड़ने की कर रहे कोशिश : विनेश


मीडिया से बातचीत करते बजरंग पूनिया, विनेश फोगट और साक्षी मलिक।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों ने भारतीय खेल प्राधिकरण के सुलह फार्मूले को ठुकरा दिया है। पहलवानों ने स्पष्ट कर दिया अब काफी देर हो चुकी है। तीन माह तक उन्हें न्याय नहीं मिला। उन्हें बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी से कम कुछ भी मंजूर नहीं है।

पहलवानों ने कई राजनेताओं और किसान संगठनों के समर्थन के बीच मंगलवार को बृजभूषण के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया और कहा कि यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष की गिरफ्तारी नहीं होने तक वे धरना स्थल से नहीं जाएंगे। विनेश फोगट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया सहित पहलवानों ने आरोप लगाया कि डब्ल्यूएफआई प्रमुख अब बाहुबल का सहारा ले रहे हैं और धमकी तथा रिश्वत देकर पीड़ितों को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

विनेश फोगट ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण को पीड़ितों के नाम सार्वजनिक किए हैं जो हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव राकेश और कोच महाबीर प्रसाद बिश्नोई का इस्तेमाल उन महिला पहलवानों के परिवारों को डराने-धमकाने के लिए कर रहे हैं जिन्होंने डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

विनेश ने मीडिया से बातचीत में कहा, बृजभूषण अब शिकायतकर्ताओं के नाम जानते हैं। दिल्ली पुलिस ने उन्हें नाम लीक कर दिए हैं। वे धमकियां दे रहे हैं। वे पीड़ितों को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं और इसलिए प्राथमिकी दर्ज करने में देरी हो रही है। उन्होंने कहा, हमने सोचा था कि खेल मंत्रालय हमें न्याय देगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लेकिन उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा है। अगर उच्चतम न्यायालय इस मामले से जुड़ी हर चीज को अपने अधीन ले लेता है तो उन्हें भरोसा है कि कोई खेल नहीं खेला जाएगा, तभी हम धरना स्थल छोड़ेंगे। अगर सिर्फ एक प्राथमिकी दर्ज की जाती है तो वे यहां से नहीं जाएंगे। अगर वह बाहर रहेगा तो पहलवान सुरक्षित नहीं रहेंगे। अगर वह खुले में घूम रहा है तो वह ट्रेनिंग कैसे करेंगे। विनेश ने कहा, लोगों के खिलाफ सैकड़ों और हजारों प्राथमिकी दर्ज हैं लेकिन यह न्याय का सवाल है। जब हमें यकीन हो जाएगा कि उन्हें बहकाया नहीं जाएगा तो वे विरोध खत्म कर देंगे, नहीं तो यहां डटे हुए हैं। कोच महाबीर प्रसाद ने आरोपों से इनकार किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, वह नहीं जानते कि पीड़ित कौन हैं। उन्हें इसमें घसीटा जा रहा है क्योंकि वह पहलवानों का पक्ष लेने से इनकार कर दिया था।

### रेसलरों को मिला नेताओं का साथ

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित कई राजनेताओं तथा खाप नेताओं ने मंगलवार को प्रदर्शन कर रहे पहलवानों से मिलकर उनके प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। हुड्डा, कांग्रेस के एक अन्य नेता उदित राज, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की वृंदा करात का पहलवानों ने स्वागत किया। हुड्डा ने लगभग 35 मिनट जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के साथ बिताए। कपिल सिब्बल ने बताया कि एक नाबालिग पहलवान समेत सात पहलवानों ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं लेकिन इस पहलू पर बहुत स्पष्ट कानून होने के बावजूद अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

# समान नागरिक संहिता पर याचिका विचार योग्य नहीं: उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने संबंधी वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका प्रथम दृष्टया विचार योग्य नहीं है। अदालत ने याचिकाकर्ता को उच्चतम न्यायालय में ऐसे ही मामलों में अपने अनुरोध पेश करने का निर्देश दिया।


मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने उपाध्याय से कहा, आप उन अनुरोधों को दर्ज करें।

हम देखेंगे। यह प्रथम दृष्टया विचारणीय नहीं है। हम पहले देखेंगे कि क्या यह बरकरार रखने योग्य है। पहले भी उच्चतम न्यायालय ने याचिकाओं पर यह कहते हुए विचार करने से इनकार कर दिया था।

# चार्जशीट में पहली बार सिसोदिया का नाम शामिल

आबकारी नीति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में पहली बार अपनी चार्जशीट में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का नाम शामिल किया है।

सीबीआई ने दिल्ली की एक अदालत में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और तीन अन्य के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने आरोप पत्र पर विचार करने के लिए 12 मई की तारीख तय की। सीबीआई ने दलील दी कि सिसोदिया के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी सक्षम अधिकारियों से प्राप्त कर ली गई है। वहीं दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि मनीष सिसोदिया का नाम आज शराब घोटाले से जुड़ी सीबीआई जांच शीट में आने के बाद मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के सभी नेता जनता के प्रति जवाबदेह हैं।

एजेंसी ने अदालत को बताया कि अंतिम रिपोर्ट में हैदराबाद निवासी चार्टर्ड अकाउंटेंट बी बाबू गोरंतला, शराब कारोबारी अमनदीप सिंह ढल और एक अन्य व्यक्ति अर्जुन पांडेय के भी नाम हैं। इस रिपोर्ट में गवाहों की एक सूची भी है।

सीबीआई ने 26 फरवरी को सिसोदिया को गिरफ्तार किया था और 58वें दिन आरोप पत्र दाखिल कर दिया, जिससे उन्हें स्वत: जमानत मिलने की संभावना नहीं रहेगी। विशेष सीबीआई अदालत में दाखिल आरोप पत्र में एजेंसी ने कहा कि व्यापक साजिश का पता लगाने और मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका का पता लगाने के लिए जांच को जारी रखा गया है।

### मनीष की पत्नी अस्पताल में भर्ती



पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया तबीयत बिगड़ने के बाद अपोला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऑटोइम्यून डिसऑर्डर और मल्टीपल स्केलेरोसिस रोग से पीड़ित हैं। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

# आरओ प्रोजेक्ट में देरी पर अधिकारियों को लगी फटकार

● मुख्यमंत्री ने कहा अगर समय सीमा में काम पूरा नहीं कर सकते तो इस्तीफा देने के लिए स्वतंत्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड को हर परिवार को साफ पानी मुहैया कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने जलबोर्ड के अधिकारियों को सख्त आदेश दिया कि लोगों को साफ पानी उपलब्ध कराने के काम में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

साफ पानी उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। केजरीवाल ने मंगलवार को जलापूर्ति का जायजा लेने के लिए उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने आरओ वॉटर प्रोजेक्ट में अनावश्यक देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार भी लगाई और कहा कि यदि वे समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा नहीं कर सकते हैं तो अपना इस्तीफा देने के लिए स्वतंत्र हैं। इसलिए अधिकारी युद्धस्तर पर काम करें और इस बात का ख्याल रखा जाए कि किसी भी घर को गंदा पानी मिलने की समस्या का सामना न करना पड़े। अरविंद केजरीवाल ने समीखा बैठक में दिल्ली जल बोर्ड को 15 दिनों के अंदर जल उपचार संयंत्रों और भूमिगत जलाशयों पर स्थापित सभी फ्लो मीटर्स की मरम्मत करने का निर्देश दिया। साथ ही व्यक्तिगत रूप से पानी के उत्पादन और आपूर्ति की निगरानी करने का निर्णय लिया। सीएम ने विभाग को इसकी रोजाना रिपोर्ट भी पेश करने को कहा।

केजरीवाल ने कहा कि उन्हें विभिन्न इलाकों से लगातार दूषित जलापूर्ति की शिकायतें मिल रही हैं। विभाग को ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने के निर्देश दिए, जहां नियमित रूप से खराब गुणवत्ता वाला पानी मिलता है, ताकि प्राथमिकता के आधार पर इस समस्या की जड़ तक पहुंचा जा सके। अधिकारियों ने सीएम को आश्वस्त किया है कि जल्द ही दूषित पानी की समस्या से मुक्ति मिलेगी। सीएम के निर्देश पर डीजेबी अब इस तरह की शिकायतों का लगातार निगरानी करेगा।

### सीएम आवास के पास उड़ता दिखा ड्रोन



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। सीएम आवास के पास एक ड्रोन उड़ता हुआ नजर आया है। मामला सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस जांच में जुट गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि सूचना मिली थी कि सिविल लाइंस इलाके में मुख्यमंत्री आवास के ऊपर एक ड्रोन देखा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरोजिनी नगर में लगी आग, कोई हताहत नहीं



**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के सरोजिनी नगर बाजार में सोमवार देर रात को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आग एक घंटे के भीतर ही बुझा ली गई। दमकल विभाग के अधिकारियों को देर रात करीब दो बजकर 20 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के लिए घटनास्थल पर दमकल की पांच गाड़ियों को भेजा गया और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया, आग देर रात करीब दो बजे लगी थी। आग से, सड़क के किनारे बने करीब 20 स्टॉल और छह से सात दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। दमकल विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर देर रात करीब ढाई बजे पहुंचे। सरोजिनी नगर लघु बाजार संघ के अध्यक्ष अशोक रंधावा ने कहा, अगर दमकल विभाग समय पर नहीं पहुंचा होता तो और अधिक क्षति हो सकती थी। फिर भी करोड़ों रुपये की संपित्ति का नुकसान हुआ है।

### अखिल भारतीय वेद विज्ञान सम्मेलन 29-30 को

**नई दिल्ली।** राजधानी के पूसा संस्थान में 29 और 30 अप्रैल को अखिल भारतीय वेद विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का आयोजन विश्व वेद परिषद, परमार्थ निकेतन, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पतंजलि विश्वविद्यालय के संयुक्त संयोजन में किया जा रहा है। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द और लोक सभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, सारस्वत अतिथि के रूप में अश्विनी कुमार चौबे, सत्यपाल सिंह, अतुल कोठारी, सुमेधानन्द सरस्वती, बीएल वर्मा मौजूद रहेंगे। इसके अलावा स्वामी चिदानंद सरस्वती, पूज्य स्वामी प्रणवानंद सरस्वती,श्री श्री रवि शंकर जी, स्वामी भद्रेश दास भी उपस्थित रहेंगे।

### कुपोषण से निपटने के लिए लगेगे परामर्श शिविर

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में कुपोषण के मुद्दे पर अभिभावकों के लिए छह मई को एक बड़ा परामर्श शिविर आयोजित करेगी। इस शिविर में अभिभावकों को पोषण और स्वस्थ खान-पान की आदतों के बारे में जरूरी जानकारी दी जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके बच्चों को संतुलित और पौष्टिक आहार मिले। छह मई को होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के बीच कुपोषण के मुद्दे से निपटना है। आतिशी ने कहा, दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए लगातार कदम उठा रही है।

### गुजरात एटीएस को लॉरेंस बिश्नोई की हिरासत मिली

**नई दिल्ली/अहमदाबाद।** गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) को मादक पदार्थ की सीमा पार तस्करी के एक मामले के संबंध में जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की हिरासत मिल गई है। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते को तिहाड़ जेल में बंद बिश्नोई की ट्रांजिट रिमांड दे दी थी।

एटीएस गैंगस्टर से पिछले साल सितंबर में गुजरात तट पर अरब सागर में 200 करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य की 40 किलोग्राम हेरोइन जब्त किए जाने के मामले में उसकी भूमिका के बारे में पूछताछ करना चाहती है। अधिकारी ने कहा कि हमें बिश्नोई की हिरासत मिल गई और हमारे दल गुजरात पहुंच रहे हैं।

### पंखे की चुन्नी से फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के करोल बाग स्थित एक होटल में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सोमवार रात उसका शव पंखे में बंधी चुन्नी से लटका मिला। मृतक की जेब से मिले पैनकार्ड से उसकी पहचान मोहम्मद आमिर के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि सोमवार को गोल्डन डीलक्स होटल के एक कमरे में युवक के आत्महत्या की जानकारी मिली थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार का मोर्चरी रख दिया था। आमिर की जेब से एक मोबाइल फोन, पैनकार्ड, 3210 रुपए नकद मिले हैं। उसके परिवार को इस घटना की जानकारी दे दी गई है।

# बुजुर्ग दंपति हत्या मामले का तीसरा आरोपी पकड़ा गया

● संपत्ति के लालच में बहू ने प्रेमी और उसके दोस्त के साथ मिलकर की थी हत्या



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वोत्तर दिल्ली में एक बुजुर्ग दंपति की हत्या के मामले में वांछित 29 वर्षीय एक व्यक्ति को मयूर विहार से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि गाजियाबाद का रहने वाला विकास उर्फ विराज हत्या के बाद से ही फरार था। उन्होंने बताया कि भागीरथी विहार के निवासी राधेश्याम वर्मा (72) और उनकी पत्नी वीना (68) की 10 अप्रैल को उस वक्त चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी जब वे अपने घर में सो रहे थे। आरोपी के कब्जे से चोरी हुए कुछ जेवरात और नगदी भी बरामद की।

जांच के दौरान मृतक दंपत्ति की बहू मोनिका वर्मा, उसका प्रेमी आशीष और उसका दोस्त विराज लूट और हत्या के मामले में शामिल पाए गए। मोनिका और आशीष को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि विराज फरार था। मयूर विहार के कोटला गांव में विराज की मौजूदगी की सूचना मिली थी।

# सराय काले खां जुलाई से हो जाएगा जाम मुक्त

● टी-जंक्शन को सिग्नल फ्री बनाने के लिए बन रहा नया फ्लाईओवर

● पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारीयों के साथ निर्माण कार्य का किया निरीक्षण


निर्माणधीन फ्लोईओवर के कार्य प्रगति का जायजा लेती आतिशी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सराय काले खां दिल्ली के व्यस्ततम इलाकों में से है, जहां अंतर्राज्यीय बस अड्डा, मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन होने, व आरआरटीएस बनने के कारण यातायात और बढ़ेगा।

यातायात को सुचारू बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग यहां नया तीन लेन के फ्लाईओवर का निर्माण कर रहा है। करीब 643 मीटर लम्बा 3 लेन का यह फ्लाईओवर जुलाई तक बनकर तैयार होगा। इसके बन जाने के बाद रोजाना आईटीओ से आश्रम जाने वाले वाले लाखों वाहनों को जाम से मिलेगा निजात। साथ ही रोजना पांच टन कार्बन डाईआक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। सालाना लोगों के 19 करोड़ रुपये की बचत होगी। ढ़ाई साल में इस फ्लाई ओवर की लागत निकल आएगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने मंगलवार को अधिकारीयों के साथ यहां चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार सराय काले खां टी-जंक्शन को जाममुक्त बनाने के लिए यहाँ फ्लाईओवर का निर्माण करवा रही है। निर्माण कार्य अपने तय समय से 1 महीने आगे चल रहा है और इसे जुलाई में जनता को समर्पित कर दिया जायेगा।

इस दौरान उन्होंने अधिकारीयों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में और तेजी लाई जाये ताकि फ्लाईओवर को जल्द पूरा कर इसे ट्रैफिक के लिए खोला जा सके। मंत्री ने बताया कि सराय काले खां ट्रैफिक के लिहाज से व्यस्ततम इलाकों में से एक है और आने वाले समय में यहां यातायात का दबाव और ज्यादा बढ़ेगा। क्योंकि यहां पहले से ही रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन व अन्तर्राज्यीय बस अड्डा मौजूद है तथा यहां रैपिडएक्स रेल का स्टेशन बन रहा है जिससे सराय काले खां एक अनूठे ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित होगा इसलिए यहां ट्रैफिक को सुचारू बनाने के लिए आज यहां हम फ्लाईओवर का निर्माण कर रहे है।

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि वर्तमान में यहां आश्रम से आईटीओ की ओर जाने वाले यातायात के लिए मौजूदा फ्लाईओवर है लेकिन इसके वपरीत दिशा से आईटीओ से आश्रम की ओर जाने वाले यातायात को यहां टी-जंक्शन पर रेड-लाइट पर रुकना होता है जिससे यहां जाम की समस्या उत्पन्न होती है। 643 मीटर लम्बे 3 लेन के इस फ्लाईओवर के निर्माण के बाद यात्रियों को इस जाम से निजात मिलेगा। साथ ही निर्माण किया जाएगा। साथ ही यहां मौजूदा सड़क के चौड़ीकरण, उसके सुदृढ़ीकरण, पैदल यात्रियों के लिए फूटपाथ को बेहतर बनाने के साथ-साथ सौन्दर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा।

### विशेषताएं व इससे होने वाले फायदे

*तीन लेन के फ्लाईओवर की कुल लम्बाई 643 मीटर है। इसके बन जाने से सराय काले खां टी-जंक्शन जाममुक्त बनेगा। रोजाना 5 टन कार्बन गैस का उत्सर्जन होगा कम। सालाना लोगों के 19 करोड़ रूपये के ईंधन की बचत होगी।*

### चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर आज से फर्राटा भरेंगे वाहन

**नई दिल्ली।** चिराग दिल्ली फ्लाईओवर 26 अप्रैल से पूरी तरह से आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा और वाहन इस पर फर्राटा भर सकेंगे। इस बाबत जानकारी साझा करते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग तेजी से काम करते हुए मरम्मत कार्य अपने तय समय से एक सप्ताह पहले पूरा कर लिया है। पिछले 1 महीने में कई बार बारिश के कारण मरम्मत के काम को रोकना पड़ा था जिससे काम पीछे हो गया था।

# मासिक टोल वृद्धि के विरोध में 13 किलोमीटर पैदल चलकर सौंपा ज्ञापन



घामडौज टोल से गुरुग्राम के लिए रवाना होते हुए टोल संघर्ष कमेटी का जत्था।


उपायुक्त कार्यालय में डीडीपीओ विरेन्द्र सिंह ज्ञापन लेते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** टोल संघर्ष कमेटी के सदस्य व ग्रामीणों ने घामडौज टोल प्लाजा पर मासिक दरों में बढ़ोत्तरी के विरोध में 13 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए कड़ा विरोध जताया। इस संबंध में उपायुक्त गुरुग्राम को ज्ञापन सौंपते हुए बढ़ी दरों को वापस लिए जाने की मांग की गई।

मंगलवार को सोहना टोल संघर्ष कमेटी ने एक अप्रैल से राष्ट्रीय मार्ग 248ए के एलिवेटेड मार्ग-मार्ग पर घामडौज टोल प्लाजा पर क्षेत्रवासियों के लिए बनाएं जा रहे 315 रुपये के मासिक पास में वृद्धि किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में संघर्ष कमेटी व आस पास के गांवों से आए सैकड़ों ग्रामीणों ने घामडौज टोल प्लाजा से पैदल मार्च करते हुए गुरुग्राम उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचे। टोल वृद्धि के विरोध में कमेटी व ग्रामीणों ने मंगलवार को सुबह साढ़े नौ बजे घामडौज टोल पर आना शुरु कर दिया। 10 बजकर 50 मिनट पर संघर्ष कमेटी का जत्था गुरुग्राम के लिए रवाना हो गया। जत्था करीब 13 किलोमीटर पैदल मार्च करके गुरुग्राम उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचा।

जानकारी के अनुसार सोहना टोल संघर्ष कमेटी के जत्था को गुरुग्राम जाते समय पुलिस ने वाटिका चौक पर रोका गया था।

पुलिस ने जत्था को करीब डेढ़ घंटा के बाद गुरुग्राम जाने की अनुमति दी। उसके बाद पैदल चल रहे सभी नागरिक गुरुग्राम उपायुक्त कार्यालय की तरफ रवाना हो गए। घामडौज टोल से उपायुक्त कार्यालय के बीच की 13 किलोमीटर दूरी को साढ़े तीन घंटा में तय किया। विरोध प्रदर्शन करने वालों का जत्था ढाई बजे उपायुक्त कार्यालय में पहुंचा।

### डीडीपीओ ने लिया ज्ञापन

**टोल** संघर्ष कमेटी द्वारा सौंपा गया ज्ञापन को जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विरेन्द्र सिंह ने लिया। उपायुक्त निशांत यादव मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में होने के कारण कार्यालय में नहीं थे। डीडीपीओ ने कमेटी को उनकी मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### कमेटी की मुख्य छह मांगे

**सोहना** टोल संघर्ष कमेटी द्वारा मंगलवार को घामडौज टोल प्लाजा पर मासिक पास दरों में की गई वृद्धि के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन में मुख्य रुप से छह मांगे रखी गई। पहली मांग टोल से 20 किलोमीटर के दायरें में आने वाले ग्रामीणों का टोल माफ हो। अधिवक्ता व पत्रकार का टोल फ्रीम हो। सोहना शहर के 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी टोल को समाप्त किया जाए। एलिवेटेड मार्ग पर तीन से चार कट बनाएं जाए। जिसमें सोहना की चुंगी नंबर एक, जेल रोड़, वाटिका चौक और बदशाहपुर के वाटिका चौक। क्षेत्रवासियों के लिए टोल के साइड में सर्विस रोड़ की सुविधा दी जाए। एलिवेटेड रोड़ पर चलने वाले वाहना चालकों से ही वसूली की जाए।

## कला स्थली के मंच पर होंगे वीकेंड स्पेशल कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** अगर आप रंग-मंच में रूचि रखते हैं और गुरुग्राम या आस-पास किसी अच्छे कार्यक्रम का विकल्प ढूंढ रहे हैं तो यह वीकेंड आपके लिए खास होने वाला है। जिला प्रशासन द्वारा कलाग्राम सोसाइटी के माध्यम से 29 अप्रैल को बच्चों के लिए अनुशंसित कॉमेडिया एब्सड्र्स तथा 30 अप्रैल को गुरू नानक देव जी पर आधारित दास्तान ए गुरू नानक का मंचन कराया जाएगा। डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत आयोजित होने वाले इन नाटकों में ख्याति प्राप्त कलाकार अपने अभिनय का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहन देना है।

इसके साथ ही लोगों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रति रूचि बनाए रखना है। जिला प्रशासन की ओर से पहले भी इस तरह के आयोजन कराए गए है। इस वीकेंड आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रवेश नि:शुल्क रखा गया है। कलाग्राम सोसाइटी से शिखा ने बताया कि सर्च ईयर संस्था के सहयोग से मेरी गो राउंड समूह द्वारा कॉमेडिया एब्सड्र्स के तहत बच्चों के लिए रूचिकर नाटक आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन पालम विहार के जी-ब्लॉक स्थित कला स्थली में 29 अप्रैल की शाम सात बजे आरंभ होगा। इसी तरह 30 अप्रैल को दास्तान-ए-गुरु नानक, एटेलियर रिपर्टरी कंपनी द्वारा एक बहुत ही खास शैली में गुरु नानक देव की एक संगीतमय कहानी की प्रस्तुति दी जाएगी।

# गर्मी से दमदमा झील का जलस्तर घटा, झील हुई नदी में तब्दील


दमदमा झील का तेजी से घटता जलस्तर से नदी का रूप लेते हुए।

एन. रोहिल्ला। सोहना

**गर्मी** का मौसम जैसे-जैसे अपने उग्र रुप की तरफ बढ़ने लगा है। वैसे ही दमदमा झील का जलस्तर तेजी से घटने लगा है। जिसके कारण पर्यटकों झील में नौकायन का आनंद कम पानी के कारण अच्छे से नहीं आ रहा है। आखिर पर्यटक झील के आस पास लगे एडवेंचर एक्टीविटिज में मनोरंजन लुफ्त उठा रहे है।

गर्मी का मौसम शुरु होने के साथ ही दमदमा झील का जलस्तर घटता चला जाता है। मार्च से बारिश का मौसम आने तक दमदमा झील पानी घटने से नदी का रुप धारण कर लेती है। जिससे दमदमा झील पर पर्यटक पूरे आनंद के साथ नौकायान नहीं कर पाते और निराश मन से अपने घर को लौट जाने के लिए मजबूर होने लगे है। पिछले करीब 15 दिन से गर्मी के मौसम का तापमान जितनी तेजी से बढ़ा है। उतनी तेजी से झील का जलस्तर घटा भी है। जबकि गर्मी के मौसम का असल उग्र रूप अभी आना बाकी है। पर्यटक झील में 200 से 250 मीटर के गहराई वाले दायरे में ही नौकायान करके अपने मन को संतुष्ट कर रहा है।

**झील में बनें खेल के मैदान :** झील का घटता जलस्तर के साथ-साथ स्थानीय गांव के युवाओं ने अपने मनपंसद खेल खेलने के लिए मैदान बना लिए है। जिसमें सबसे प्रिय खेल क्रिकेट ही है। इसके अलावा युवा गिल्ली-डंडा, फुटबॉल और छोटी कबड्डी के मैदान बनकार खेल खेलने का पूरा आनंद ले रहे है।

**एडवेंचर एक्टीविटिज पर जोर :** दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी, गाजियाबाद, नोएडा जैसे दूर दराज वाले शहरों से छुट्टी का दिन को मनोरंजन में तबदिल करने के उद्देश्य से दमदमा झील पर आने वाले पर्यटक एडवेंचर एक्टीविटिज करके घूमने का आनंद ले रहे है। झील के साथ-साथ पर्यटक कैमल राइडिंग, चक्री झूला, बंदूक से निशाना साधना और पहली बार एडवेंचर एक्टीविटिज में शामिल जिप लाइन ऊंचाई से निचाई की तरफ रस्सी से लटक कर जाने का पूरा आनंद ले रहे है।

> “ झील को पानी से लबालब होने का बारिश के मौसम आने तक का इंतजार करना पड़ेगा। झील में बारिश होने पर तीन तरफ लगती अरावली पर्वत श्रंखलाओं से पानी आता है। पर्यटकों को झील में नौकायान का आनंद लेने के लिए तीन से साढ़े तीन माह का और इंतजार करना पड़ेगा।
>
> **अशोक खटाना-एडवेंचर एक्टीविटिज मास्टर**

## सिकंदरपुर-बढ़ा गांव में 2.16 करोड़ रुपये में बनेगा आंबेडकर भवन


गुरुग्राम के गांव सिकंदरपुर बढ़ा में डॉ. भीमराव आंबेडकर भवन का शिलान्यास करते विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

### विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने किया शिलान्यास

**गुरुग्राम।** मानेसर नगर निगम क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर बढ़ा में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर भवन का मंगलवार को पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने शिलान्यास किया। इस भवन पर 2.16 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

शिलान्यास समारोह में पहुंचने पर विधायक सत्यप्रकाश जरावता का गांव की तरफ से ढोल बजाकर स्वागत किया गया। गांव की तरफ से उन्हें सम्मान स्वरूप पगड़ी बांधकर सम्मान दिया गया। इस अवसर पर रामानन्द, हरकेश नंबरदार, सूबेदार धर्म सिंह, परवीन, राजीव तंवर, तीरथ सिंह, पवन कुमार कुक्कू, जगदीश, अजीत सिंह सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीम राव आंबेडकर ने हमारे देश को बहुत कुछ दिया है।

संविधान का निर्माण करके उन्होंने सभी को बराबरी के हक दिए। आज हम सबके लिए हमारा संविधान सर्वोपरि है। क्योंकि वह हमें जीवन का एक मार्ग प्रदान करता है। विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि सिकंदरपुर बढ़ा गांव में सभी ग्रामीण जिस एकता के साथ रहते हैं, वह बड़ा उदाहरण है। इससे पहले भी वे गांव में कार्यक्रम में आए थे। ग्रामीणों की ओर से किया जाने वाला सम्मान उन्हें गौरवान्वित करता है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए जो भी सरकारी योजनाएं आ रही हैं, उनका लाभ सिकंदरपुर बढ़ा को भी मिल रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। इसके लिए निजी क्षेत्र के साथ मिलकर भी यहां के स्कूल में सुविधाएं दिलाने के प्रयास किए।

गांव के सरपंच सुंदर लाल यादव ने गांव की तरफ से विधायक सत्यप्रकाश जरावता का स्वागत करते हुए कहा कि अपने पटौदी हल्के के हर गांव तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए वे सदैव प्रयासरत रहते हैं। उनके एजेंडे में शिक्षा, चिकित्सा प्रमुखता से रहते हैं। क्योंकि उनका मानना है कि जब हम स्वस्थ होंगे, तभी कुछ कर सकेंगे। जब हम शिक्षित होंगे तो बहुत कुछ कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मानेसर नगर निगम के माध्यम से गांवों के विकास के लिए विधायक लगातार अधिकारियों से संपर्क में रहते हैं।

# हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट में दो कंपनियों ने दिया चार करोड़ 61 लाख छह हजार का योगदान

### तालाबों के पुनरुद्धार व लाइब्रेरी खोलने में किया जाएगा इस धनराशि का उपयोग

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सीएसआर ट्रस्ट में योगदान के लिए चेक प्रदान करते हुए कंपनी प्रतिनिधि।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल को मंगलवार को गुरुग्राम में दो कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सीएसआर फंड के तहत चार करोड़ रुपये व 61 लाख 6 हजार के चेक सौंपे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट को मिली इस धनराशि का उपयोग प्रदेश में तालाबों के पुनरुद्धार व लाइब्रेरी खोलने में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री को इंडस टावर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि ने चार करोड़ रुपये तथा पेरनो रिकॉर्ड इंडिया द्वारा 61 लाख छह हजार रुपये की धनराशि का चेक दिया। हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट को मिली इस धनराशि के सदुपयोग को लेकर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी व एडिशनल सीईओ गौरव सिंह भी उपस्थित रहे।

# आइस स्केटिंग के नेशनल चैम्पियन को किया गया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


नेशनल एवं इंटरनेशनल आइस स्केटर्स को सम्मानित करते भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

**हरियाणा** को 18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप का खिताब दिलवाने वाले 22 आइस स्केटर्स को यहां सेक्टर-99 में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने बतौर मुख्य अतिथि उन्हें प्रमाण पत्र एवं केश अवार्ड प्रदान करके सम्मानित किया।

इस दौरान पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा बतौर अति विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता इस दौरान हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान एवं प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ ने संयुक्त रुप से की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि 18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप में रिकार्ड 31 मेडल जीत कर जो प्रदेश के खिलाड़ियों ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है, उससे दूसरे खिलाड़ियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। इससे पहले हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान एवं प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ एवं कोषाध्यक्ष मुकेश बत्रा ने प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ एवं पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा को गुलदस्तें भेंट करके उनका स्वागत किया। हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन की तरफ से स्वर्ण पदक विजेता आइस स्केटर्स को 11000-11000 रुपये, रजत पदक पदक विजेताओं को 5100-5100 एवं (कांस्य पदक विजेताओं को 3100-3100 रुपये के कैश रिवार्ड भी विजेताओं को प्रदान किए गए। इस दौरान आइस स्केटर्स को 1,52,500 रुपये के कैश अवार्ड भी प्रदान किए गए। इस सम्मान समारोह में इस दौरान 18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप के अलावा विंटर गेम के खेलों इंडिया, नाको स्पीड नेशनल चैम्पियनशिप एवं सी-ट्राफी सिंगापुर में अलग-अलग आयु वर्ग में हरियाणा एवं देश का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रदेश आइस स्केटर्स को विशेष रुप से सम्मानित किया गया।

इस दौरान आइस स्केटिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आदित्य धनखड़, रश्मी राय, कोषाध्यक्ष मुकेश बत्रा, हिसार आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रामअवतार वर्मा, सोनीपत की महासचिव सुमन, फरीदाबाद की अध्यक्षा ममता सिंह, फरीदाबाद की सचिव सोनू सहरावत सहित कई जिलों के पदाधिकारी एवं कोच मौजूद रहे।

**इन खिलाड़ियों को मिला सम्मान :** सेक्टर-99 में आयोजित इस सम्मान समारोह में फरीदाबाद से जतिन सहरावत, जिया सिंह, चैल्सी सिंह, गुरुग्राम से शुभांग मुजांल, विक्रांत धनखड़, अनुष्का मर्चेंट, सौम्या सक्सेना, उत्कर्ष सक्सेना, प्रेरणा सिक्का, सार्थक कपूर, अंकुश मण्डल, शिवांक शर्मा, रुही शर्मा, जिया महत्ता, तवेशा यादव, स्तुति धारणनिया, समीर अग्रवाल, गोरी राय, हिया अदालका, कशीश शर्मा, खुशी शर्मा, नविका सिंगल, कबीर हीरा, सारा नरुला एवं सोनीपत से रैना कुकरेजा, भविष्य, तन्मय को हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन की तरफ से केश अवार्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### ओमप्रकाश धनखड़ की पायलट गाड़ी का हुआ एक्सीडेंट



**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के काफिले की पायलट गाड़ी की एक पानी के टेंकर से टक्कर हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ सोमवार की देर रात कहीं जा रहे थे। यहां हिमगिरी चौक के पास जैसे ही उनका काफिला पहुंचा तो आगे एक पानी का टेंकर जा रहा था। जब तक पायलट गाड़ी का चालक कुछ समझ पाता, गाड़ी का टेंकर से टक्कर हो गई। आनन-फानन में पायलट गाड़ी को टेंकर से हटाया और गाड़ी में स्टाफ को उतारा गया। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी देते हुए कहा कि ईश्वर की कृपा से सब सुरक्षित हैं। हमारे पुलिसकर्मी भी सब सुरक्षित हैं। दो दिन पहले राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा की अपनी गाड़ी का भी एक्सीडेंट हुआ था। गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। सांसद बाल-बाल बचे थे।

### नप अधिकारी दुकानदार व ठेला वालों से मांग रहे हैं सहयोग

**सोहना।** नगर परिषद अधिकारी और कर्मचारी अब दुकानदारों को अतिक्रमण न करने तथा कूड़ा-कचरा को आम रास्ता या सड़क पर न फेंकने का पाठ दुकान-दुकान जाकर पढ़ा रहे है। दुकानदार व कूड़ा कचारा फैलाने वालों से शहर को साफ-सूथरा बनाने में सहयोग मांग रहे है। नगर परिषद प्रशासन शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने का हर रोज नये-नये उपयोग कर रहा है। शहर के आम रास्तों से लेकर सड़क, चौक-चौराहे, पार्क और बाजारों को अतिक्रमण मुक्त बनाने पर अधिक बल दिया जा रहा है। इसके साथ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए बाजारों में बैठे दुकानदार, बड़े व्यापारी और ठेला वालों को गंदगी न फैलाने की सलाह दे रहे है। ठेला मालिकों को अपने पास कूड़े को टोकरी या टब में डलवाने की सलाह दे रहे है। ताकि खाने-पीने की वस्तु का उपयोग करने के बाद ग्राहक कचरा का आम रास्ता या सडक पर न फेंके। बाल्टी, टब या कूड़ेदान में भरे कचरा को नगर परिषद की आने वाली कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में डालने की हिदायतें दी जा रही है। नगर परिषद अधिकारी सड़क, चौक-चौराहे व आम रास्तों पर एक ही स्थान पर ठेला लगाने वालों के चालान कटते-कटते थक गए है। आखिर परिषद अधिकारियों ने अब मित्रता का व्यवहार अपनाते हुए ठेले वालों से लेकर दुकानदार व व्यापारियों को अतिक्रमण न करने के सुझाव दे रहे है। सामान दुकान या गोदाम से बाहर रखकर अतिक्रमण को बढ़ावा न देने की अपील कर रहे है। सतेन्द्र यादव-सफाई इंस्पेक्ट नप ने बताया कि ठेला वाले से लेकर दुकादार व व्यापारी अपने कूड़े को परिषद की गाड़ी में न डालकर सड़क व आम रास्ते में फेंक देते है। कूड़ा फैलाने वाले और अतिक्रमण करने वाले दुकानदार, ठेला मालिक व व्यापारियों को मित्रता के व्यवहार में समझाया जा रहा है।

### स्टेट कराटे चैंपियनशिप में गुरुग्राम के खिलाड़ी छाए



**गुरुग्राम।** बहादुरगढ़ में हुई हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप में गुरुग्राम के खिलाड़ियों का प्रदर्शन खास रहा। कराटे हरियाणा एसोसिएशन के महासचिव शिहान सुनील सैनी, स्पोटर्स कराटे डू एसोसिएशन गुरुग्राम के प्रधान राजकुमार, राजेंद्र पंवार बताया कि प्रतियोगिता में 13 जिलों से 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में गुरुग्राम के गांव धनकोट की टीम व डूंडाहेड़ा की टीम में लगभग 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। गुरुग्राम शहर के अलावा साई कराटे एकेडमी से 13 खिलाड़ियों ने कई पदक जीते। जिसमें आत्मन जयन ने गोल्ड, आशका गोदारा ने गोल्ड और सिल्वर मेडल, दुर्जोय सिंह ने गोल्ड और ब्रांज मेडल, चैतन्या कुमार ने गोल्ड मेडल, इनेश कुमार ने सिल्वर मेडल, हार्दिक यादव ने सिल्वर मेडल, वृषण ठाकुर ने सिल्वर मेडल, वाणी भारद्वाज ने ब्रोंज मेडल, प्रियांशी ने सिल्वर मेडल, दीपसा मक्कर ने ब्रोंज मेडल, देवल सैनी ने ब्रोंज मेडल, पीहू भट्टीवाल ने ब्रोंज मेडल जीते।

### पुलिस ने होटल व आहाता मालिक पर किया केस दर्ज

**सोहना।** पुलिस ने भोंडसी व सोहना थाना क्षेत्र में बिना लाइसेंस अवैध रुप से ग्राहकों को परोसी जा रही अवैध शराब पिलाने वालों समेत 8 आरोपियों के खिलाफ मामलें दर्ज किए गए है। भोंडसी थाना क्षेत्र में होटल मालिक व सोहना शहर थाना क्षेत्र में अवैध आहाता चलाया जा रहा था। थाना पुलिस ने गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर जीडी गोयंका यूनिवर्सिटी के सामने रोड़ साइड कैफे के नाम से अवैध रूप से आहाता चलाया जा रहा था। छापे के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान नेपाल मूल का निवासी शिवराज, तन्नू रावत मूल निवासी लखनऊ उत्तर प्रदेश व हरीसिंह मूल निवासी नैनीताल व हाल निवासी एलडीओ सोसायटी में रहता है।

## भारत के शहरी केंद्रों में हो रहा एक्टिव एवं शेयर्ड मोबिलिटी की ओर पलायन

### ओएमआई फाउंडेशन की ईज ऑफ मूविंग इंडेक्स (ईओएमआई) इंडिया रिपोर्ट 2022

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**ओएमआई** फाउंडेशन की ईज ऑफ मूविंग इंडेक्स इंडिया रिपोर्ट 2022 का विमोचन कुणाल कुमार, आईएएस, ज्वाईंट सेक्रेटरी एवं मिशन डायरेक्टर, स्मार्ट सिटीज मिशन और शोंबी शार्प, भारत में यूएन रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। एक विस्तृत मोबिलिटी इंडेक्स का विकास करने के लिए उन्होंने ओएमआई फाउंडेशन टीम की सराहना की। इस इंडेक्स में कम्प्यूटर की चेतनता को समाहित कर एक्टिव और शेयर्ड मोबिलिटी विकल्पों पर रोशनी डाली जाती है।

ईज ऑफ मूविंग इंडेक्स (ईओएमआई)- इंडिया रिपोर्ट 2022 भारत के सबसे बड़े सर्वे पर आधारित है, जिसमें 50,488 उत्तरदाताओं, 220 एफजीडी फोकस ग्रुप सामूहिक वार्ता प्रतिभागियों और सरकार एवं अन्य स्त्रोतों से प्राप्त डेटा का उपयोग किया गया है। यह विस्तृत सर्वे इन शहरों में विभिन्न स्थानों पर ऑन-ग्राउंड किया गया, इसमें 100 से ज्यादा सब-इंडीकेटर बताए गए हैं, जो नौ पैरामीटर्स पर 41 इंटीकेटर्स में बंटे हुए हैं। ईओएमआई में उपलब्धता और समावेशन के पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसमें 'मोबिलिटी फॉर ऑल' की जरूरत पर बल देते हुए कहा गया है कि एक वाईब्रेंट एक्टिव एवं शेयर्ड मोबिलिटी के परिवेश के लिए यह एक मुख्य पहलू है। ओएमआई फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी और चीन में भारत के पूर्व एम्बेसडर, गौतम बंबावले ने कहा, शहरी केंद्र भारत में आर्थिक वृद्धि के चालक हैं, और मोबिलिटी नागरिकों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में समर्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ओएमआई फाउंडेशन के ट्रस्टी, हरीश अबिचंदानी ने कहा, एक्टिव और शेयर्ड मोबिलिटी के विकल्प सस्टेनेबल मोबिलिटी संभव बनाने के लिए मुख्य तत्व हैं, इनके साथ मिलकर टेक्नॉलॉजिकल इनोवेशन में भारतीय शहरों में आवागमन के परिदृश्य को बदलने की सामर्थ्य है। ओएमआई फाउंडेशन के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर, एश्वर्य रमन ने कहा, ईज ऑफ मूविंग इंडैक्स इंडिया रिपोर्ट, 2022 नीतिनिर्माताओं का सहयोग करने के लिए ओएमआई फाउंडेशन का अद्वितीय प्रयास है।

## अमेजन फ्रेश ने की सीजन के मनपसंद मैंगो फिएस्टा की घोषणा

### गर्मी के इस मौसम में अमेजन फ्रेश पर चल रहे मैंगो फिएस्टा के दौरान शानदार कीमतों पर मिल रहे विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट आमों का आनंद लें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




**गर्मियों** के मौसम का मतलब होता है फलों के राजा आम का मौसम। ऐसे में इस स्वादिष्ट फल का आनंद लेने के लिए अमेजन फ्रेश के मैंगो फिएस्टा से बेहतर तरीका और क्या हो सकता है। फिएस्टा देश के विभिन्न क्षेत्रों के बेहतरीन क्वालिटी वाले ताजा आमों की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ लेकर आया है। यहां पर आपको इन आमों का बेहतरीन स्वाद शानदार कीमतों के साथ मिलता है। चाहें आप मीठे और रसीले रत्नागिरी अल्फांसो की बात करें, चटपटे और स्वाद से भरपूर बंगनापल्ली, या फिर सदाबहार एवं फाइबर रहित तोतापुरी की, रसदार बादामी आम की, विटामिन से भरपूर सफेदा/बंगानापी आम की, या फिर आप मीठे सिंधुरा (लालबाग) आम के प्रशंसक हों, अमेजन फ्रेश के मैंगो फिएस्टा पर आपको हर तरह के आम का स्वाद मिलेगा।

लोकप्रिय किस्मों के अलावा, अमेजन फ्रेश पर ग्राहकों की स्थानीय पसंद का भी ख्याल रखा गया है। यहां पर बेंगलुरू में ग्राहकों को पेड़ा रसम, कलापद और चेरुकुरसम और मुंबई में ग्राहकों के लिए थोथापुरी और सिंधुरा की पेशकश की जा रही है। अमेजन फ्रेश के मैंगो फिएस्टा के साथ, आप आम का स्वाद उसके सभी गुणों के साथ ले सकते हैं। यह आम कार्बाइड मुक्त हैं, सुरक्षित रूप से पके हैं और 4 स्तर के क्वालिटी टेस्ट प्रोसेस से गुजरते हैं और सीधे आपके दरवाजे पर डिलीवर किए जाते हैं। तो, अपने पसंदीदा आम खरीदें और पूरी गर्मियों में उनके स्वाद का आनंद लें।

फिएस्टा के दौरान ग्राहक बैंक ऑफर्स पर 10 प्रतिशत तक की छूट, कैशबैक और रिवार्ड्स सहित विभिन्न फायदों का आनंद ले सकते हैं। बंगलौर, दिल्ली, फरीदाबाद, गुड़गांव, गाजियाबाद, नोएडा, अहमदाबाद, मैसूर, जयपुर, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे, कोलकाता, इंदौर और चंडीगढ़ जैसे 50 से अधिक शहरों में रहने वाले ग्राहक बेहतरीन क्वालिटी वाले ताजे आम का आनंद ले सकते हैं। ये आम दो से तीन घंटे के डिलीवरी स्लॉट में डिलीवर किए जाएंगे। यह डिलीवरी सुबह 6 बजे से आधी रात तक उपलब्ध रहेगी।

# डालसा के जरिये सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर लगा मेगा कैंप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** सत्र एवं न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन वाईएस राठौड़ के निर्देशानुसार नालसा द्वारा सरकार की गरीबी उन्मूलन से जुड़ी जन कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों के श्रमिक कार्य स्थलों व बस्तियों में पैरा लीगल वालंटियर्स के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव न्यायाधीश सुकिर्ती गोयल ने कहा कि पैरालीगल वालंटियर द्वारा राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-28 में मंगलवार को शहर के औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिकों को गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विधिक सेवा योजना सहित सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती गोयल ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उनके विभाग से संबंधित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं के बारे लोगों को जागरूक किया गया है। वहीं, गरीबी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं



सीजेएम सुकिर्ती गोयल मेगा जागरूकता कैंप के बारे में जानकारी लेते हुए।

चलाई जा रही है, जहां स्वरोजगार के लिए सरकार के अनेक ऋण संबंधी योजनाएं और परियोजनाएं हैं, जिनका लाभ उठाएं। मेगा जागरूकता कैम्प में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला बाल संरक्षण, रोजगार, हैफेड, स्टूडेंट सेवा मिशन सराय ख्वाजा, नालसा लीगल सर्विस, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-28 लर्निंग स्किल सप्लाई, आयुष विभाग, जिला अग्रणी केनरा बैंक, जिला जेल सहित अन्य विभाग शामिल रहे।

सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पैरा-लीगल वालंटियर्स शहर के श्रमिक बस्तियों व जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं और वे अधिक से अधिक व्यक्तियों को गरीबी उन्मूलन योजनाओं, विधिक सेवा योजना सहित सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानूनी और सामाजिक सहायता पर डालसा द्वारा लोगों को जागरूक किया गया है।

सीजेएम ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-28 में जागरूकता फैला कर लोगों को बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों को निपटाने का लाभ उठाएं। वहीं डालसा के तत्वाधान में विशेष रूप से दिव्यांगजनों, एचआईवी संक्रमित लोगों के अधिकारों पर जागरूक किया गया, जहां लोगों को विशेष समूह के संबंध में कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया गया।

कानूनी जागरूकता अभियान में बताया गया कि सरकार विशेष रूप से दिव्यांगजनों और एचआइवी पॉजिटिव लोगों के लिए कैसे काम करती है और सरकार द्वारा स्थापित विभिन्न संस्थानों और संगठनों के माध्यम से उन्हें हर कानूनी और सामाजिक सहायता कैसे प्रदान की जाती है। जागरूकता मेगा कैम्प में स्कूल प्रिंसिपल संजय यादव, डाक्टर मकुला चौधरी, पैनल अधिवक्ता राजेन्द्र गौतम, सुनील दिक्षित और रविंद्र गुप्ता शामिल थे।

# सड़क बनाने में ठेकेदार ने कमी छोड़ी तो होगी उस पर सख्त कार्रवाई : अपराजिता

## दुर्घटना में जिसकी लापरवाही हो, उस पर कसें शिकंजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एडीसी अपराजिता समीक्षा बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों के सही क्रियान्वयन दिशा निर्देश देते हुए।

**अतिरिक्त** उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करना पूरी तरह से सुनिश्चित करें। सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए जिस विभाग को जो भी दायित्व मिला है। उस विभाग के अधिकारी उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्धारित समय पर पूरा करें। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता मंगलवार को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों सही पालना के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। समीक्षा बैठक में हरियाणा रोडवेज, ट्रांसपोर्ट, पुलिस एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) के प्रतिनिधियों सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एडीसी ने कहा कि अगर कही कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो उस दुर्घटना के कारणों की सही तरीके से जांच हो और दुर्घटना में जिसकी लापरवाही हो, उस पर कानूनी कार्यवाही की जाएं। सभी डिपार्टमेंट के अधिकारी एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें जोकि सड़क सुरक्षा में कोई समस्या हो, तो उसका तुरंत निपटान करें। सभी एजेंसियां अपने अंडर बनी रोड की पूर्ण जानकारी दें और सड़क बनाने में अगर ठेकेदार कोई कमी छोड़े तो उस पर भी कार्रवाई की जाए।

**हिदायतों का पालन नहीं करते ठेकेदार** : सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए पुलिस प्रशासन और हाइवे के तकनीकी अधिकारी आपसी तालमेल करके कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करें। सरकार ने जो हिदायतों जारी की है, उसके अनुसार सड़क सुरक्षा के नियम भी बने हुए हैं। इन नियमों के तहत सड़क पर लगाई जाने वाली पट्टियां, जेबरा क्रॉसिंग प्वाइंट और ग्रील लगाने, टूटने पर ठीक करवाने सहित बरसाती पानी या गंदा पानी इक्कठा होता है, वहां उन स्थानों को चिन्हित करके सभी समस्याओं को दूर किया जाना चाहिए।

बैठक में सीइओ जिला परिषद सुमन भांकर, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, आरटीए सचिव जितेन्द्र गहलोत, एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन प्रदीप संधू सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी और सड़क सुरक्षा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लड़कों में बिजेंद्र-लड़कियों में विधि के सिर सजा सर्वश्रेष्ठ योगी का ताज

## चैंपियनशिप संपन्न, 350 खिलाड़ी पहुंचे थे

**पलवल।** पलवल में हुई उत्तर भारत योगासन चैम्पियनशिप में सर्वश्रेष्ठ योगी का खिताब लड़कों में बिजेंद्र योगी ने और लड़कियों में कुमारी विधि के सिर सजा है। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन व महर्षि पतंजलि योग संस्थान के संयुक्त देखरेख में हुई इस प्रतियोगिता में उत्तर भारत के 10 राज्यों के 350 से अधिक खिलाड़ियों व कोचों ने हिस्सा लिया। आयोजन योगाचार्य गुरमेश सिंह की देखरेख में जाट धर्मशाला में हुआ। लड़कों में महेश कुमार व लड़कियों में कुमारी सृष्टि उपविजेता रही।

प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा युवा नेता गौरव गौतम ने किया, जबकि अध्यक्षता नारायण सिंह ने की। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कुमारी राजबाला, नीरज, लक्ष्मण सिंह देसवाल, तिलकराम, लेखराम, आशीष, तनु बड़ोद, प्रशांत योगी व मनीष ने निभाई। योगाचार्य गुरमेश के अनुसार, लड़कियों की पांच से आठ आयु वर्ग में मन्नत ने पहला, निष्ठा ने दूसरा व बबीता ने तीसरा, 8 से 12 आयु वर्ग में आंचल ने पहला, शिविका ने दूसरा व लक्षिता ने तीसरा, 12 से 15 आयु वर्ग में कुमारी विधि ने पहला, सृष्टि ने दूसरा व मुस्कान ने तीसरा, 15 से 18 आयु वर्ग में तनीषा ने पहला, अंजलि ने दूसरा व काजल ने तीसरा, 18 से 21 आयु वर्ग में रेनू ने पहला, शोभा ने दूसरा व तनु ने तीसरा, 21 से 24 आयु वर्ग में नेहा ने पहला, अंजलि ने दूसरा व सिमरन ने तीसरा, 24 से 30 आयु वर्ग में तानिया ने पहला, निर्मला ने दूसरा व सरस्वती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि लड़कों के ग्रुप में पांच से आठ आयु वर्ग में देवा ने पहला, अविनाश ने दूसरा व रिहान ने तीसरा, आठ से 12 आयु वर्ग में वंश ने पहला, हर्ष कुमार ने दूसरा व गर्वित ने तीसरा, 12 से 15 आयु वर्ग में महेश ने पहला, बहादुर ने दूसरा व सुधांशु ने तीसरा, 15 से 18 आयु वर्ग में जयेंद्र ने पहला, विशाव ने दूसरा व कोषांक ने तीसरा, 18 से 21 आयु वर्ग में हिमांशु ने पहला, अंकित ने दूसरा व दीपक मिश्रा ने तीसरा स्थान पाया।

इसी प्रकार 21 से 24 आयु वर्ग में रोहित ने पहला, अक्षित ने दूसरा व अभिषेक ने तीसरा, 24 से 30 आयु वर्ग में राहुल ने पहला, रवि ने दूसरा व संतोष कुमार ने तीसरा, 30 से 40 आयु वर्ग में सोनू ने पहला स्थान मिला।

# रास्ते में खड़े होने का कारण पूछा तो कर दिया फायर, चार नामजद

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**घर** के बाहर रास्ते में खड़े युवकों ने एक शख्स पर गोली चला दी। युवक ने रात के समय घर के बाहर खड़े होने का कारण पूछा तो गुस्से में आकर युवकों ने गोली चला दी। गोली लगने से युवक घायल हो गया, जबकि दूसरा बाल-बाल बच गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी उदयभान के अनुसार, असावटा गांव निवासी दिनेश ने दी शिकायत में बताया कि 24 अप्रैल को उसकी सालगिरह का कार्यक्रम था। रात में वह कार्यक्रम के बाद अपने साथी मनीष के साथ अपने रिश्तेदारों को घर से बाहर विदा करने के लिए आया। उसी दौरान उनके घर के बाहर रास्ते में गांव के ही जितेंद्र उर्फ जीतू, राहुल, विकास और आकाश खड़े थे, जिनसे खड़े होने का कारण पूछा। पीड़ित ने पूछा कि भाई आप रात के समय रास्ते में क्यों खड़े हो। इतना सुनते ही आरोपी आकाश ने कहा कि तू कहे तो तुझे गोली मारूं।

मैंने कहा कि आप अपने घर जाओ। इसके बाद चारों जोश में आकर बोले कि अभी रूक, इतने में जितेंद्र उर्फ जीतू व राहुल अपने घर से देसी कट्टा निकाल कर लाए और आते ही उन्होंने जान से मारने की नियत से पीड़ित व उसके साथी मनीष के पर गोली चला दी।

एक गोली मनीष के बाएं पैर के टखने के पास छुते हुए निकली और वह घायल हो गया, जबकि दूसरी गोली दिनेश पर चलाई, जिससे वह बाल-बाल बच गया। गोली चलने की आवाज सुनकर संजीव दौड़कर आया, जिसने उन्हें बचाया। इसी दौरान परिवार के अन्य लोग भी मौके पर आ गए। लोगों को मौके पर आता देख आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और एफआइआर दर्ज कर ली।

# छात्रों ने वर्ल्ड लार्जेस्ट क्लाईमेट क्लॉक असेंबली एंड डिस्प्ले इवेंट में भाग लिया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**सेक्टर 21** बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के अटल टिंकरिग लैब के छात्रों ने एक और कीर्तिमान स्थापित किया। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुए वर्ल्ड लार्जेस्ट क्लाईमेट क्लॉक असेंबली एंड डिस्प्ले इवेंट का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन ष्एनर्जी स्वराज फाउंडेशन नीति आयोग व अटल इनोवेशन मिशन की ओर से किया गया। देश भर के छात्रों ने इसमें फिजिकली एवं वर्चुअली भाग लिया। जीवा स्कूल के 18 छात्रों ने भी फिजिकली भाग लिया और दो अध्यापकों, मनीष कुमार, एटीएल इंचार्ज एवं रितु थरेजा एटीएल मेंटर ने भी इस आयोजन में भाग लिया और इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। मुंबई आईआईटी के प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी ने इस इवेंट के मुख्य कार्यकर्ता रहे। श्री सोलंकी को भारत का सोलर मैन कहा जाता है। श्री सोलंकी एक विशेष विषय पर कार्य कर रहे हैं। उनका उद्देश्य पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचाना है।

चेतन सिंह सोलंकी ग्यारह साल से एक बस में रह रहे हैं, जो सौर उर्जा से चलती है और वे देश के विभिन्न राज्यों में अपनी इस बस से यात्रा कर चुके हैं। उनका उद्देश्य उर्जा की बचत के साथ साथ पर्यावरण का संरक्षण करना है। उनके इस कार्य की चर्चा विश्व भर में हैं। उनकी बस का नाम एनर्जी स्वराज यात्रा है। उनका यह मिशन 2030 तक पूर्ण होगा वे विश्व भर में सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करना चाहते हैं। उन्होंने वहां उपस्थित सभी से कहा कि पर्यावरण बदल नहीं रहा, बल्कि बदल चुका है। इस इवेंट में बच्चों को क्लॉक के कुछ पार्ट्स दिए गए और बच्चों ने यहां अपनी कुशलता का प्रयोग तो किया ही, साथ ही उन्हें इस कार्य को पूरा करने के लिए दिशानिर्देश भी दिए गए और इसी आधार पर बच्चों ने क्लॉक को असेंबल किया। जीवा स्कूल के छात्रों ने उत्साहवश क्लॉक को सबसे पहले असेंबल किया।

# ब्रह्मोत्सव के तीसरे दिन भगवान नारायण के विवाह में शामिल हुए भक्तगण

**फरीदाबाद।** श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम में भगवान श्रीलक्ष्मीनारायण का विवाह समारोह पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। भगवान के बाराती बनकर भक्तों में एक अनोखी प्रसन्नता दिखाई दी, जिसका शब्दों में वर्णन करना मुश्किल है। यहां जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज के सान्निध्य में चल रहे 16वें ब्रह्मोत्सव के तीसरे दिन यह उत्सव आयोजित हुआ। विभिन्न वाद्य यंत्रों पर नाचते झूमते भक्त गोबिन्दा गोबिन्दा कहते खूब मस्त हो रहे थे। स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने माता लक्ष्मी जी का कन्यादान किया। उन्होंने कहा कि आज के दिन भगवान का विवाह हुआ था, जिसे हम हर वर्ष मनाते हैं। भगवान की कृपाओं को पाने के लिए भगवान की आरती, भजन, कीर्तन और उनके आयोजनों में शामिल होना चाहिए। गुरु महाराज ने सभी को प्रसाद एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

# डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद ने मनाया धरोहर कार्यक्रम, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**डीपीएस** ग्रेटर फरीदाबाद ने स्कूल के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूरे होने पर इसे पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर प्रकृति को समर्पित धरोहर कार्यक्रम का आयोजन किया। धरोहर-विरासत जारी है, नामक इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण को समर्पित गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुगध कर दिया।

इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल सुरजीत खन्ना ने की जबकि अनिल चौपड़ा ट्रस्टी विंग्फी फाउंडेशन, द नेस्ट मैन ऑफ इंडिया राकेश खत्री, अनिमेष कपूर जैव विविधता संरक्षणवादी, निपुन कौशिक, डायरेक्टर ऑपरेशंस इको रूट्स फाउंडेशन व मोनिका कपूर डायरेक्टर सामाजिक उद्यम पूनम शर्मा, महिला इको रूट्स फाउंडेशन की प्रमुख सिमरन प्रोजेक्ट मैनेजर, विंगिफाई फाउंडेशन, डॉ. करुणा पाल गुप्ता, उद्यान कलाकार आदि विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा पौधों को पानी देकर की गई। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण थीम पर फैशन शो भी प्रस्तुत किया। अनिमेष कपूर ने जैव विविधता पर अपने विचार रखे। वहीं डिप्साइट्स द्वारा एसडीजी लक्ष्यों के आधार पर एक जीवंत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र अर्थ गुल्लक रही, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने विचार गुल्लक में डाले। इस मौके पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के अनेक छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

इस मौके पर सर्वश्रेष्ठ पोस्टर बनाने वाले तथा 10 सर्वश्रेष्ठ विचार अर्थ गुल्लक में से चयनित कर विद्यार्थी सम्मानित किए गए। इस मौके पर नेस्ट मैन ऑफ इंडिया राकेश खत्री ने बच्चों को घोंसले के बारे में जानकारी दी। स्कूल की प्रिंसिपल सुरजीत खन्ना ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्कूल के जन्मदिवस को पृथ्वी दिवस के रूप में मनाने से बेहतर कुछ और ही नहीं सकता। इससे बच्चों में पर्यावरण भावना प्रबल होती है।

# जाट संस्था फरीदाबाद की कार्यकारिणी गठित सांगवान बने प्रधान

**फरीदाबाद।** जाट संस्था फरीदाबाद प्याली चौक के प्रांगण में आम सभा की मीटिंग कार्यालय में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से आजाद सिंह सांगवान को प्रधान, रामनिवास कैंदल को महासचिव, धर्मपाल ओला को कोषाध्यक्ष चुना गया। मंगलवार को आयोजित सभा की अध्यक्षता चौधरी श्रीभगवान अहलावत ने की। वहीं अध्यक्ष ने सभा में उपस्थित सभी शामिल मेंबरों के सामने पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की।

सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने पदाधिकारियों का स्वागत किया, जिसके बाद सर्व सम्मति से कार्यकारिणी के सदस्य सदस्यों के समक्ष घोषित किए गए। सुरेश मलिक, धर्मवीर जागलान, बलवान राणा, आजाद चिकारा, जोगिंदर रूढाल, हनुमत चहल, नरेंद्र सांगवान, सतनारायण खंडा, रामकला कालीरमन, राजेंद्र मलिक सेंडिल, सुरेंद्र कुण्डू, सुरेंद्र कोच को नई कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

# डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा हुआ पौधरोपण कार्यक्रम




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उद्योग** प्रबंधक स्व. राजीव बजाज की स्मृति में उनके जन्म दिवस पर डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में 325 पौधे लगाए गए। श्री बजाज के सुपुत्र अभय बजाज व आदित्य बजाज सहित बजाज परिवार व डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने पौधारोपण करते हुए दिवंगत आत्मा को याद किया।

डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा ने बताया कि राजीव बजाज न केवल एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य थे, बल्कि पर्यावरणहित में उनके कार्य सराहनीय रहे। एमसीएफ डीएलएफ इंडस्ट्रीज द्वारा विकसित पार्क में मियांवाकी तकनीक के साथ किए गए पौधरोपण की विशेषता यह रही कि इसमें नीम, गुलमोहर, पीपल, बड़, नींबू, अमरूद इत्यादि के पौधे रोपे गए।

कैकट्स फैशन की सुश्री वंदन भगत ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सभी पौधे वृक्ष बनकर पर्यावरण हित में एक बड़ा कदम सिद्ध होंगे। मोनिका बजाज ने बताया कि भविष्य में भी स्व. राजीव बजाज के सपनों के अनुरूप पौधारोपण कार्यक्रम में उनका औद्योगिक संस्थान व परिवार तत्पर रहेगा। अभय बजाज व जेपी मल्होत्रा ने जानकारी दी कि पार्क में 1000 से अधिक और पौधे मानसून में लगाए जाएंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## लीगल लिटरेसी क्लब ने चलाया सेव गर्ल चाइल्ड अभियान




**फरीदाबाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, लीगल लिटरेसी क्लब, गाइड्स और जूनियर रेडक्रॉस के सहयोग से प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सेव गर्ल चाइल्ड एवम एसिड अटैक पीड़ितों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि सरकार द्वारा सभी विद्यार्थियों के लिए सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में लीगल लिटरेसी प्रकोष्ठ और लीगल लिटरेसी क्लब स्थापित किए गए है, ताकि बच्चों को नि:शुल्क लीगल परामर्श और ज्ञान उपलब्ध हो सके। ब्रिगेड व जेआरसी अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बच्चों को एसिड अटैक पीड़ितों के लिए कंपनसेशन स्कीम 2016 और यौन हिंसा पीड़ितों के कंपनसेशन स्कीम 2018 एवमं हरियाणा विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में कक्षा बारह की ब्रिगेड, गाइड्स, लीगल लिटरेसी और जूनियर रेडक्रॉस सदस्य सम्मिलित हुए।

## गोकशी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** धौज पुलिस टीम ने गोकशी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम साकिर उर्फ काले है। आरोपी गांव धौज का रहने वाला है। आरोपी ने अपने अन्य दो साथी ताहिर और सराउदीन के साथ मिलकर गोकशी करने की वारदात को 8 अप्रैल 2023 को अंजाम देने वाला था। मौके से आरोपी फरार हो गए थे। गाय व बछड़े को सकुशल बरामद कर लिया गया था। आरोपियों के खिलाफ थाना धौज में गोकशी की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम ने आरोपी ताहिर और सराउदीन को पहले गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी साकिर उर्फ काले को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## कॉरपोरेट सेक्टर एचकेआरएनएल के तहत युवाओं को दें रोजगार



**फरीदाबाद।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) के तहत प्रदेश के पंजीकृत बेरोजगार शिक्षित युवाओं को कॉरपोरेट संस्थानों में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को गुरुग्राम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में कॉरपोरेट वार्ता का आयोजन किया गया। डीसी विक्रम सिंह ने फरीदाबाद से वीसी के माध्यम से कॉरपोरेट वार्ता में जुड़ते हुए मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक सुना। मुख्यमंत्री द्वारा वार्ता में रखे गए विचारों के तहत डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कॉरपोरेट सेक्टर को युवाओं को नौकरी देने का आह्वान मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है। इस वार्ता में विभिन्न कॉर्पोरेट संस्थानों ने भाग लिया। इस दौरान एचकेआरएनएल द्वारा कॉरपोरेट संस्थानों को दी जाने वाली सेवाओं व रोजगार प्रदाता कॉरपोरेट संस्थाओं की मैनपॉवर की जरूरतों पर विचार विमर्श किया गया। डीसी ने कहा कि सरकार की ओर से युवाओं की स्किलिंग बढ़ाने के लिए स्किल डवलपमेंट अथॉरिटी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार कंपनी की मांग के हिसाब से स्किल्ड लेबर मुहैया कराएगी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा राज्य के बेरोजगार शिक्षित युवाओं के लिए आउटसोर्सिंग नियुक्तियों को ऑनलाइन शुरू किया गया है। निगम के तहत नौकरियों पर नियुक्त हुए कर्मचारियों को ईपीएफ और ईएसआई जैसी सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## तीन नाबालिग बच्चे परिवार के सुपुर्द किए




**फरीदाबाद।** थाना डबुआ पुलिस व पुलिस चौकी सैनिक कॉलोनी प्रभारी मनोज कुमार की टीम ने मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिग बच्चों को तलाश करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस चौकी सैनिक कॉलोनी में 23 अप्रैल की रात को करीब 9.00 बजे एक महिला ने अपने बच्चों की घर से बिना बताए जाने की सूचना दी। चौकी प्रभारी ने मामले में संज्ञान लेते हुए तुरंत मामला दर्ज कर बच्चों की तलाश शुरु कर दी थी। महिला के बच्चे के साथ उसके चचेरे दो और भाई थे। बच्चों का महिला के पास किसी अनजान नम्बर से फोन आया, फोन पर बच्चों से बात हुई। उस नम्बर से बात की और व्यक्ति को बताया गया कि बच्चे बिना बताए घर से निकल गए हैं। पुलिस ने तुरंत एक टीम एएसआई सतबीर, सिपाही रामगोपाल की टीम बनाई, जिसने बच्चों को सकुशल रेलवे स्टेशन मुरादाबाद से बरामद किया गया है। बच्चों से पूछताछ में सामन आया कि तीनों बच्चे 12,13 व 14 वर्ष के है, जो तीनों छात्र है। माता पिता के डांटने के कारण घर से बिना बताए नानी के घर मालवा महानंदा एक्सप्रेस में बैठकर निकल गए थे। पुलिस टीम ने बच्चों को हिदायत देते हुए परिजनों के हवाले किया है।

## सात साल पहले बिछड़े बच्चे को माता पिता से मिलवाया

**फरीदाबाद।** सात वर्ष पहले पटना बिहार का रहने वाला एक सात वर्षीय बच्चा साहिबगंज झारखंड रेलवे स्टेशन पर परिवार से बिछड़ गया था। बिहार के गुमशुदा बच्चे को हरियाणा पुलिस ने ढूंढकर उसे माता पिता के हवाले किया है। गुमशुदा बच्चा वर्ष 2016 में अपनी मां के साथ अपने नाना के घर घमरिया झारखण्ड जा रहा था, जो रेलवे स्टेशन पर भीड़ के कारण साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर बिछड़ गया था। बच्चा उस समय सात वर्ष का था। राजकीय रेलवे पुलिस ने बच्चे के मां-बाप की तलाश तो की लेकिन नहीं मिलने पर कागजी कार्रवाई करते हुए बच्चे को बाल कल्याण समिति साहिबगंज के हवाले कर दिया था। डीसीपीओ साहिबगंज ने बच्चे को शेल्टर होम में छोड़ दिया था। बता दें, ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बच्चों की तलाश का अभियान के अंतर्गत बच्चों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान डीसीपीओ साहिबगंज पूनम से पता चला कि एक बच्चा सात साल से परिवार से बिछड़ा हुआ है, जो हमारे सीडब्ल्यूसी ने शेल्टर होम में रह रहा है। इस तरह खोए हुए बच्चे को पुलिस ने उसके माता पिता से मिलवा दिया।

## बीआर सिंगला लगातार 11वीं बार महासचिव बने



**फरीदाबाद।** वैश्य समाज सेक्टर-28 से 31 के त्रिवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष के पद पर विनेश अग्रवाल को तथा बीआर सिंगला को महासचिव चुना गया। गौरतलब है कि लगातार 11वीं बार चुने गए धर्मनिष्ठ, ईमानदार छवि के धनी सिंगला पिछले 26 वर्षों से लगातार महासचिव दायित्व को निभाते आ रहे हैं। वर्तमान में 877 सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से वैश्य समाज सेक्टर-28 से 31 शहर का सबसे सशक्त व अनुशासित संगठन माना जाता है। संस्था द्वारा हर वर्ष डेढ़ दर्जन से भी अधिक सेवा व सांस्कृतिक सफल व विशाल कार्यक्रम किये जाते हैं। विनेश अग्रवाल व बीआर सिंगला ने अपने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि वैश्य समाज अपने पुरुषार्थी सदस्यों के सहयोग से हर साल सेवा के बड़े आयोजन करता है।

# अमृतपाल गिरफ्तार
## सतर्कता जरूरी

**अमृतपाल** सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन राजनेताओं को सतर्क रह कर यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि पंजाब में उग्रवाद की विभीषिका पुन: न फैले। हर व्यक्ति खालिस्तान-समर्थक अमृतपाल सिंह की मोगा में रोडे गांव से पंजाब पुलिस द्वारा गिरफ्तारी का श्रेय लेना चाहता है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दावा किया कि वे रात भर सोये नहीं। उन्होंने कहा, 'अमृतपाल के बारे में सूचना मिलने के बाद मैं पूरी रात सोया नहीं। सूचना पाने के लिए मैं नियमित रूप से फोन पर वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करता रहा। मैं चाहता था कि पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो जाए।' वास्तव में पंजाब पुलिस व सरकार को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि अमृतपाल की गिरफ्तारी शांतिपूर्ण तरीके से हो गई। लेकिन राज्य प्रशासन व पंजाब पुलिस ने जिस प्रकार अमृतपाल के पूरे मामले में काम किया, उसे सटीक नहीं कहा जा सकता है। शिरोमणि अकाली दल-एसएडी उसकी गिरफ्तारी का श्रेय अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को देना चाहती है। पार्टी ने एक बयान में कहा, 'जिस प्रकार से वारिस पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह ने शांतिपूर्ण ढंग से कानून के समक्ष अपनी गिरफ्तारी दी, उसे देखते हुए आम आदमी पार्टी-आप सरकार को उसके खिलाफ केवल कानून के अनुसार काम करना चाहिए तथा इससे निर्दोष सिखों का उत्पीड़न व अभियोजन समाप्त होना चाहिए।' आमतौर से सिख धर्मगुरु अमृतपाल व उसके समर्थकों की कठोर आलोचना नहीं कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, बताया जाता है कि गुरुद्वारों के प्रबंधन की जिम्मेदार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति 25 लाख हस्ताक्षर एकत्र कर रही है। उसका इरादा इन हस्ताक्षरों के साथ एक ज्ञापन राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित को 27 अप्रैल को देने का है जिसमें सिख राजनीतिक बंदियों की रिहाई की मांग होगी। उन्होंने इस सूची में अमृतपाल के सभी समर्थकों का नाम शामिल किया है, हालांकि इनमें से अनेक निकट अतीत में हिंसा में लिप्त पाए गए हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि अमृतपाल जिस लक्ष्य का समर्थन कर रहा है उसके कारण 1980 के दशक व 1990 के दशकारंभ में पंजाब में अनेक हत्यायें हुई थीं और अराजकता पैदा हुई थी।



अमृतपाल को सुरक्षित समझी जाने वाली असम की डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल भेजा गया है, जहां उसके अनेक निकट सहयोगी पहले से बंद हैं। इस बीच केन्द्र सरकार विदेशी खालिस्तान-समर्थक समूहों से निपटने के लिए कार्रवाई कर रही है जो खासकर कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका व आस्ट्रेलिया में सक्रिय हैं। इस दृष्टिकोण से कनाडा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि वहां न केवल अनेक सिख अलगाववादी रहते हैं, बल्कि उनमें कई महत्वपूर्ण लोग भी शामिल हैं। वास्तव में, छ: साल पहले पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टेन अमरिंदर सिंह ने कहा था कि कनाडा में जस्टिन त्रूदो सरकार के पांच सिख मंत्री खालिस्तान के प्रति हमदर्दी रखने वाले हैं। हालांकि, इन मंत्रियों ने इससे इनकार किया था, लेकिन यह तथ्य है कि अनेक खालिस्तानी कनाडा तथा अन्य पश्चिमी देशों में सक्रिय हैं। वहां कुछ लोगों ने पिछले महीने लंदन व सैन फ्रांसिस्को के भारतीय उच्चायोगों में तोड़फोड़ की थी। ऐसे में विदेशों में खालिस्तानियों की दुष्टतापूर्ण गतिविधियों पर लगाम लगाना जरूरी है। इसके साथ ही हमारे राजनेताओं को प्रतिज्ञा करनी होगी कि वे ज्यादा जिम्मेदारी से काम करेंगे। 1980 के दशक में तथा 1990 के दशकारंभ में उग्रवाद में पाकिस्तानी आईएसआई व सिख अलगाववादियों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन उन दिनों हमारे नेताओं का व्यवहार भी बहुत गरिमापूर्ण नहीं था। उनको अपनी प्रतिबद्धता पुन: स्पष्ट कर स्वयं को केवल तत्कालीन राजनीतिक लक्ष्यों तक सीमित नहीं रखना चाहिए।

# भ्रष्टाचार की विभीषिका से मुकाबला

गरीबों के लाभ हेतु बनाई कल्याणकारी योजनाओं का पैसा हड़पना भी भ्रष्टाचार की कार्रवाई है। इसके साथ कठोरता से निपटा जाना चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा 17 अप्रैल, 2023 को भ्रष्टाचार के एक मामले में एक आईआरएस अधिकारी की अंतरिम जमानत को खारिज करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 'भ्रष्टाचार समाज के लिए गंभीर खतरा है। इससे कड़ाई से निपटा जाना चाहिए क्योंकि इससे न केवल सरकारी खजाने को भारी नुकसान होता है, बल्कि सुशासन को भी कुचल दिया जाता है।' सर्वोच्च न्यायालय की इस टिप्पणी से वह विभीषिका केन्द्रीय स्थान पर आ जाती है जिसने भारत को कई पीढ़ियों से प्रभावित किया है। वित्तीय निष्ठा के भारत सरकार के मानकों के अनुसार, 'किसी अधिकारी को खर्च की अनुमति देने की अपनी शक्तियों का ऐसा आदेश देने में प्रयोग नहीं करना चाहिए जिससे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उसे लाभ हो। जनता का पैसा इस प्रकार नहीं खर्च होना चाहिए कि उसका लाभ किसी खास व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को हो, जब तक कि इस धनराशि का खर्च किसी अदालत के आदेश पर न हो या यह खर्च स्वीकृत नीति या परंपरा के अनुसार न हो।' जब अधिकार के पद पर बैठा कोई नौकरशाह या राजनेता किसी निजी बिजनेस को लाभ पहुंचाने के लिए रिश्वत लेता है और इसके बदले में उसे कोई सरकारी ठेका देता है या परियोजना प्रस्ताव स्वीकृत करता है या कर राजस्व माफ करता है तो वह वित्तीय निष्ठा के सिद्धान्त और शर्तों का उल्लंघन करता है। सरल भाषा में कहा जाए तो ऐसा कर वह भ्रष्टाचार में लिप्त होता है।

गरीबों के लाभ हेतु बनी कल्याणकारी योजनाओं से पैसा हड़प करना भी एक प्रकार का भ्रष्टाचार है क्योंकि इससे संबंधित राजनेता-नौकरशाह सार्वजनिक धन से अपनी सेवा करता है। इसी प्रकार किसी सार्वजनिक क्षेत्र बैंक-पीएसबी के प्रबंधन द्वारा रिश्वत लेने के बजाय कर्ज देना भी इसी श्रेणी में आता है। इस भ्रष्टाचार का अपरिहार्य परिणाम लाखों लोगों, खासकर गरीबों के लिए निर्धारित राष्ट्रीय संसाधनों का प्रयोग कुछ व्यक्तियों की जेबें भरना होता है। इसमें संदिग्ध बिजनेसमैन तथा भ्रष्ट नौकरशाह व राजनेता शामिल होते हैं। इससे जहां गरीब मूलभूत सुविधाओं, जैसे मकान, शिखा, स्वास्थ्य, भोजन, सड़कों, आदि से वंचित होते हैं, वहीं भ्रष्ट लोगों की संपत्ति में आय से अधिक बढ़ोत्तरी होती है। ऐसे कुछ लोगों द्वारा एकत्र अवैध पैसा 'बिना लिखा पढ़ी' वाला होता है। सामान्य भाषा में इसे 'काला धन' कहा जाता है जो विकास गतिविधियों व कल्याणकारी कार्यों की फंडिंग हेतु उपलब्ध नहीं होता है। पूरी संभावना है कि इसका प्रयोग अनाजों, दालों, आदि की जमाखोरी में होता है जिससे मुद्रास्फीति बढ़ती है तथा आम आदमी की तकलीफों में इजाफा होता है। भ्रष्टाचार से कमाई धनराशि का प्रयोग आतंकी फंडिंग, नशीले पदार्थों के व्यापार, स्मगलिंग, आदि गतिविधियों में होता है। इससे सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने पर ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ता है जिससे सीमित संसाधनों पर दबाव बढ़ता है। इस विभीषिका का मुकाबला करने के लिए केन्द्र सरकार तीन मोर्चों पर काम कर रही है। 1. वह उदाहरण स्थापित करती है, 2. कल्याणकारी योजनायें व सेवायें प्रदान करने में तकनीक का प्रयोग करती है तथा 3. 'नीतिगत' प्रक्रियाओं में विवेकाधिकार का स्थान नहीं छोड़ती है।

पहला, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सारी कार्रवाइयां इस दर्शन से संचालित होती हैं कि 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा।' केन्द्र सरकार ने पिछले नौ साल में राजनीतिक अवस्थापना के सर्वोच्च शिखर को भ्रष्टाचार से मुक्त किया है। विपक्षी नेताओं द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के अनेक आरोप गलत सिद्ध हुए हैं। दूसरा, कल्याणकारी योजनाओं के संचालन में तकनीक के अधिकतम उपयोग से मानव हस्तक्षेप को न्यूनतम कर वित्तीय अनियमितताओं की जड़ों पर प्रहार किया गया है। 'जेएएम' प्लेटफार्म पर प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी का प्रयोग कर हर साल बिना किसी चोरी के लाभार्थियों को लाखों करोड़ रुपये भेजे गए हैं। 2015 से भेजे गए 2700,000 करोड़ रुपये से उसने लगभग 225,000 करोड़ रुपये बचाए हैं जिनको आमतौर से हड़प लिया जाता था।

लेकिन लाभार्थियों की पहचान के लिए खासकर ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। यदि ठीक से पहचान न हो तो व्यापक पैमाने पर दुरुपयोग होगा। उदाहरण के लिए, पीएम-किसान योजना में हर भूस्वामी किसान को 6,000 रुपये की वार्षिक सहायता दी जाती है। वर्ष 2021-22 में 24 मिलियन अयोग्य लोगों को यह सहायता मिल गई थी। इसका कारण यह था कि उनकी असलियत जांचने के लिए आधार का प्रयोग नहीं किया गया था। केन्द्र अब उनसे पैसा वसूल कर रही है, लेकिन यह काम बहुत आसान नहीं है। सरकार को अपनी सभी योजनाओं में लाभार्थियों की असलियत जांचने के लिए आधार को जरूरी बना देना चाहिए ताकि सूची से अनुपयुक्त लोगों को हटाया जा सके जिनका नाम लालची अधिकारियों व राजनेताओं ने रिश्वत लेकर शामिल किया है। 2014 के पहले कर संग्रह व्यवस्था में करापवंचन आम था क्योंकि इसका संचालन मैनुअल था और भ्रष्टाचार कर निर्धारण प्रक्रिया में घर कर गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आईटी, कृत्रिम बुद्धि-एआई व डेटा एनालिटिक्स का प्रयोग कर सरकार ने जुलाई, 2017 से फरवरी 2023 के बीच 308,000 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी। 2022-23 में ही 100,000 करोड़ रुपये की चोरी पकड़ी गई जिससे सरकार का जीएसटी संग्रह रिकार्ड 1800,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इसी प्रकार कारपोरेट व व्यक्तिगत आय कर के प्रत्यक्ष कर क्षेत्र में रिटर्न भरने, जांच व आंकलन में 'फेसलेस' ढांचे के निर्माण के साथ ही तकनीकी जानकारियों से कर अदायगी तथा करापवंचन रोकने में सहायता मिली। इसके परिणामस्वरूप 2022-23 में लगभग 2000,000 करोड़ रुपये कर संग्रह हुआ।

पूर्व संप्रग सरकार के दौरान अवस्थापना व निर्णय लेने की प्रक्रिया पर नौकरशाही लाल फीताशाही हावी थी जिसके कारण नीतिगत विकलांगता थी तथा संस्तुतियां प्राप्त करने में विलंब होता था। मोदी सरकार ने यह अव्यवस्था दूर की है तथा सभी संस्तुतियां अधिकांशत: ई-मोड से दी जाती है जिससे प्रमोटरों को मंत्रालयों व विभागों में जाने तक की जरूरत नहीं होती है। इस प्रकार सड़कों, राजमार्गों, रेलवे, रक्षा, आदि क्षेत्रों में लाखों करोड़ की परियोजनायें फौरन क्रियान्वित होती हैं और इनमें भ्रष्टाचार की जरा भी भूमिका नहीं होती है। पीएसबी में कुख्यात 'फोन बैंकिंग' के स्थान पर अब परियोजना प्रस्ताव, उसकी उपयुक्तता तथा कर्जदार द्वारा कर्ज चुकाने की क्षमता पर पूरी सावधानी से गौर करने के बाद कर्ज मिल जाता है। मोदी सरकार ने यथास्थितिवादी व्यवस्थाओं को छोड़ दिया है। एयर इंडिया बेचने का उसका साहसी निर्णय इसका एक उदाहरण है, जबकि पुरानी व्यवस्था में रिश्वत के बदले निजी पार्टियों को लाभ पहुंचाया जाता था। इसके साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-पीएसयू को संबंधित मंत्रालयों व विभागों से दूरी पर रखा जाता था।

लेकिन इसके बावजूद कुछ ऐसे क्षेत्र बचे हुए हैं जहां भ्रष्टाचार संभवत: अभी बना हुआ है। इसका संबंध खाद्यान्न व उर्वरक सब्सिडी लागू करने से है। भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियों से 800 मिलियन लाभार्थियों को खाद्य सब्सिडी दी जाती है। इन लोगों को मोटे अनाज, गेंहूं व चावल 1,2 व 3 रुपये प्रति किलो की दर पर मिलता है तथा इसमें खर्च होने वाली अतिरिक्त धनराशि का भुगतान केन्द्र करता है। लेकिन सवाल है कि इसमें से कितने खर्च की भरपाई होनी चाहिए? इस मामले में कृषि विभाग के नौकरशाहों का विवेकाधिकार लागू होता है। वेंडरों को अधिक भुगतान के अनेक मामले सामने आए हैं।


यही स्थिति उर्वरकों के मामले में है जहां किसानों को सब्सिडी निर्माताओं के माध्यम से दी जाती है और लागत-खर्च आधार पर इसकी उनको भरपाई की जाती है। अनेक अन्य क्षेत्रों में भी शक्तिशाली नौकरशाहों के निर्णयों से किसी बिजनेसमैन की किस्मत बन या बिगड़ सकती है। ऐसे क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस का मूल्य निर्धारण व इसका आबंटन, बिजली टैरिफ तय करना, आदि शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऐसे सभी क्षेत्रों में 'नीतिगत' अवधारणा को आगे बढ़ाना चाहिए ताकि विवेकाधीन निर्णयों का दायरा न्यूनतम किया जा सके। केन्द्र में स्थितियां बेहतर होने के बावजूद राज्यों के स्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष की दयनीय स्थिति बनी हुई है। राज्यों को भी केन्द्र के रास्ते पर चलते हुए भ्रष्टाचार की विभीषिका समाप्त करने के कदम उठाने चाहिए।

# भगवान: यथार्थ एवं प्रतीक

भगवान चाहते हैं कि हम धर्म के मार्ग पर चलें क्योंकि धर्म ही सृजन का आधार है।

**अजित कुमार विश्नोई**
(लेखक, आध्यात्म शिक्षक हैं।)



ये क्या हैं? मैं कुछ का उल्लेख करूंगा। भगवान चाहते हैं कि हम धर्म के मार्ग पर चलें क्योंकि धर्म ही सृजन का आधार है। यह न्याय व औचित्य, आदि के गहन सिद्धान्तों पर आधारित है जिसमें 'कर्मफल सिद्धान्त' का प्रमुख स्थान है। यह बहुत सरल है-'जैसा बोओगे वैसा काटोगे।' अपने पूरे जीवन में हम अपने शरीर, मन और शब्दों से कर्म करते हैं। इससे दो प्रकार के कर्म फल पैदा होते हैं-अच्छे और बुरे। वे भविष्य में फल देते हैं। यदि हम दूसरों के प्रति धर्म के आधार पर व्यवहार करते हैं तो हम विश्वास एवं सद्भावना प्राप्त करते हैं।

ये गुणवत्तापूर्ण जीवन की महान संपत्तियां हैं। इसी प्रकार भगवान चाहते हैं कि हम अपने कर्तव्य पूरे करें। इससे वह अत्यधिक प्रसन्न होता है क्योंकि उसने हमें यही करने का अधिकार दिया है। इसके परिणाम भगवान के हाथ में हैं। जब हम अपने दायित्वों पर ध्यान देते हैं तो अपने चारों ओर के लोगों, अपने परिवार, अपने पेशे से जुड़े लोगों, आदि को प्रसन्न करते हैं। सबके प्रसन्न होने से हमें लाभ मिलता है। भगवान चाहते हैं कि हम उनसे प्रेम करें और वे भी ऐसा ही करते हैं तथा हमें अनेक पुरस्कार देते हैं। यदि हम यही व्यवहार करें, यानी दूसरों को प्रेम करें तो वे भी हमें जवाब में प्रेम करेंगे। क्या हम दूसरों से अपने प्रति अच्छे व्यवहार की आशा नहीं करते हैं? इसी प्रकार भगवान चाहते हैं कि सर्वोच्च ज्ञान का प्रसार कर उनकी सेवा करें। भगवान चाहते हैं कि हम उनसे निर्देश प्राप्त करें क्योंकि वे सर्वव्यापी हैं। केवल भगवान ही सही सलाह दे सकते हैं।



भगवान हमें उनकी सहायता लेने को प्रेरित करते हैं क्योंकि मामूली लोगों की तरह हम मामूली काम ही कर सकते हैं, जब तक कि हमारे पूर्व कर्मों में किए काम फल न देने लगें। उदाहरणार्थ, कोई व्यक्ति बहुत जल्दी अमीर हो जाता है। वह व्यक्ति चाहे जो सोचे उसे उसके पूर्व जीवनों में किए अच्छे कामों का लाभ मिलता है। जब मैं परेशान होता हूं और दूसरों की सहायता मांगता हूं तो भगवान की सलाह मांगता हूं। इसी प्रकार भगवान हमें शरण लेने को प्रोत्साहित करते हैं। न केवल हमें ऐसा करना चाहिए, बल्कि उस व्यक्ति के पास जाना चाहिए जो हमें शरण देने की इच्छा रखता हो। इस व्यवहार से हमें दूसरों से संबंध रखने में सहायता मिलती है। भगवान अच्छाई को बढ़ावा देते हैं जिसका मूलत: अर्थ है कि हम सबके प्रति अच्छे हों। हमें दूसरों के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए, अच्छा भोजन करना चाहिए तथा दूसरों के लिए लाभदायक बोलना चाहिए। क्या हम नहीं जानते कि अच्छाई से हमें लाभ होता है? सभी जानते हैं कि लोग बुरे लोगों के बजाय अच्छे लोगों की सहायता करते हैं। इसी प्रकार भगवान दूसरों के प्रति विनम्रता सिखाते हैं। जब हम भगवान तथा दूसरों के प्रति अच्छा व्यवहार करते हैं तो बहुत लाभ होता है। भगवान दयालुता के सर्वोत्तम उदाहरण हैं। वे कभी किसी की निन्दा नहीं करते हैं, भले ही दंड देते हों। इसी प्रकार हमें दूसरों के प्रति व्यवहार से अच्छा लाभ मिलता है। इसी प्रकार सच्चा पश्चाताप करने पर भगवान हमें क्षमा करते हैं।

हम भगवान से अनेक गुण सीख सकते हैं। शुद्धता एक गुण है। भगवान पूर्ण शुद्ध हैं। हम केवल तार्किक रूप से शुद्ध हो सकते हैं। शुद्धता एक महत्वपूर्ण गुण है। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि योगी अपने शरीर, मन, विवेक व ज्ञानेन्द्रियों से स्वयं को शुद्ध करने के लिए काम करते हैं। भगवान चाहते हैं कि हम अहंकार छोड़ दें और उसकी शरण में चले जांए। इससे हमें जीवन में लाभ मिलेगा। अहंकार जीवन में पतन का कारण है। भगवान ने उदारतापूर्वक हमें स्वतंत्र इच्छाशक्ति दी है, हम हमेशा अपने कर्म फल से बंधे रहते हैं। भगवान के प्रति अच्छी भावनायें रख कर हम उसके प्रिय हो जाते हैं।

## आप की बात

### युवा आबादी

**संयुक्त राष्ट्र** के आंकड़ों के मुताबिक भारत अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला बन गया है। युवा किसी भी देश का भविष्य है। लेकिन सभी युवाओं को स्कूल, काम, बाहरी रुचियों व सामाजिक संबंधों को सफलतापूर्वक प्रबंधित करने के लिए मुख्य जीवन कौशल विकसित करने की आवश्यकता है। मस्तिष्क के विकास के दृष्टिकोण से इन कौशलों में नियोजन, फो्कस, आत्म-नियंत्रण, जागरूकता व लचीलापन शामिल हैं। आज की जरूरतों को देखते हुए पीएम कौशल विकास योजना के तहत कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई, रोबोटिक्स, मेकाट्रॉनिक्स, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग व ड्रोन जैसे विषय कोर्स में शामिल किये गए हैं। इसके अलावा पारंपरिक नौकरियों के लिए प्रशिक्षण, उद्योग साझेदारी व उद्योग की जरूरतों के मुताबिक पाठ्यक्रम पर अत्यधिक बल दिया जाना चाहिए। भारत में युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल व बेरोजगारी की चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार बड़े पैमाने पर काम कर रही है ताकि देश का युवा सशक्त हो और देश सेवा में अपना योगदान दे सके। आज यह आवश्यक हो गया है कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में मोड़ा जाए तथा शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाया जाए।

– **रवि रंजन,** नई दिल्ली

### बिखरते परिवार

**आजकल** की नई पीढ़ी हर जगह नया मुकाम हासिल कर रही है। अनेक युवा अपने पैरों पर खड़े है और आगे बढ़ रहे है। वे देश छोड़कर कहीं और शिफ्ट हो रहे है। लेकिन इन सब के बीच भी कोई है जिसका हमें ध्यान रखना है वो है अपने माता-पिता का। आज कल देखने को मिलता है बच्वें बड़े होकर नए-नए सपने देखने लगते हैं। अच्छी बात है। पर हमें अपने परिवार को भी देखना है। उन्हें अकेला नही छोड़ना है। समय का चक्र ऐसा बदलता है कि जहाँ माँ बाप बिना थके पूरे दिन अपने बच्चों के लिए रात भर जगे रहते थे आज वो इतना थक गए है कि वो सिर्फ इतना चाहते है कि उनके बच्चे ऐसे समय पर हमारा सहारा बने। बच्चे की तरह उनकी देखभाल करें। उनके पास कहने को कितना कुछ रहता है, लेकिन अक्सर ज़िन्दगी में बड़े-बड़े मुकाम हासिल करने के बावजूद हम बहुत बड़ी गलती कर बैठते है अपने माँ बाप का साथ न देकर। ऐसी हज़ारों खबरें देखने को मिलती है माँ बाप को लेकर। इसीलिए जिन्होंने आपको जन्म दिया है अंत तक उनका ध्यान रखें व उनकी सेवा करते रहें। बिखरते परिवार चिन्ता का विषय हैं जिसका खामियाजा बुजुर्गों को भुगतना पड़ता है।

– **सृष्टि मौर्य,** फरीदाबाद

### महाराष्ट्र की राजनीति

**महाराष्ट्र** में विधानसभा चुनाव के बाद से ही मुख्यमंत्री पद को लेकर जिस तरह उद्धव ठाकरे ने भाजपा को धोखा देकर अन्य दलों के सहयोग से मुख्यमंत्री प्राप्त पद प्राप्त किया तब से ही प्रदेश में अस्थिर सरकारों की कुंडली लिख दी गई थी। प्रदेश में सबसे ज्यादा सीटें होने के बावजूद बीजेपी का अधिक समय तक सत्ता से दूर रहना संभव भी नहीं था। अब शिंदे के साथ जो जर्जर गठजोड़ हुआ है, उसकी स्थिरता पर भी सवाल हैं। इसे देखते हुए अजित दादा को खुद में मुख्यमंत्री पद की भरपूर संभावनाएं नजर आने लगी है। शायद शरद पवार को भी अजित दादा को मुख्यमंत्री बनाने में कोई हानि नजर नहीं आती है। तभी तो उन्होंने कह दिया कि महा विकास अघाडी आज है, कल का पता नहीं। शरद पवार के हालिया बयानों से सबसे ज्यादा परेशान कांग्रेस है जिसे महाराष्ट्र में अस्तित्व के संकट का सामना करना पड़ सकता है। शरद पवार के बयान बड़े-बड़े दिग्गजों की समझ में नहीं आ रहे हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में मची उथल-पुथल में भाजपा खामोशी से अपनी शक्ति बढ़ाने में लगी है तथा आगामी लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक लाभ उठाने को प्रयासरत है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### ऑनलाइन सट्टा

**न्यूजीलैंड** के पूर्व कप्तान और अब इंग्लैंड में मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम एक ऑनलाइन सट्टेबाजी के विज्ञापन में दिखाई देने के लिए सुर्खियों में हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड जांच करेगा कि क्या उन्होंने इंग्लैंड के भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों या नियमों का उल्लंघन किया है? न्यूजीलैंड के एक सट्टेबाजी विरोधी संगठन ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के साथ ब्रेंडन मैकुलम के खिलाफ सट्टेबाजी के विज्ञापन में शामिल होने की शिकायत दर्ज की है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड का नियम है कि सट्टेबाजी कंपनियों के विज्ञापन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भाग लेना अपराध है। इसके लिए ब्रैंडन मैकुलम पर बैन लग सकता है। ऐसे नियम आईसीसी द्वारा बनाए जाने चाहिए या यदि हैं तो उन्हें और सख्त किया जाना चाहिए क्योंकि यहां भी ऑनलाइन सट्टा धड़ल्ले से चल रहा है। सेलिब्रिटी क्रिकेटर क्रिकेट प्रेमियों को विज्ञापनों में ताश के खेल जैसे रमी खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं या उन्हें टीम बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आईसीसी को भी इस बारे में कठोर नियम बनाने चाहिए।

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# अब माफिया व अपराधी के लिए यूपी में कोई जगह नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले पार्टी विशेष से जुड़े लोगों के हाथों में तमंचे होते थे पर आज यूपी के नौजवानों के हाथों में टैबलेट है। 2017 से पहले व्यापारियों से रंगदारी वसूली होती थीए आज उन्हें पीएम स्वनिधि से लाभान्वित किया जा रहा है। 2017 से पहले शोहदों का आतंक था आज सेफ सिटी बन रहे हैं। पहले कूड़े के ढेर दिखते थे। आज हमारे नगर स्मार्ट हो रहे हैं। यूपी में अब माफिया, अपराधी, अपराध और भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों के लिए जगह नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उन्नाव के रामलीला मैदान में नगर पालिका परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्वेता मिश्रा के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्नाव कलम व तलवार की धरती है। उन्नाव आत्मीयता का संदेश लेकर आता है। 2022 में विधानसभा चुनाव में आपने डबल इंजन की सरकार पर विश्वास कर सभी प्रत्याशियों को विजयी बनाया। इसके लिए मैं आप सभी का आभार प्रकट करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकाय चुनाव चल रहे हैं। इसे लोग छोटा चुनाव मानते हैंए लेकिन यूपी का नगर निकाय छोटा नहीं है। यहां 762 नगर निकाय हैं। 17 नगर निगमए 200 नगर पालिकाएं व 545 नगर पंचायतें हैं। 4ण्32 करोड़ मतदाता हैं यानी छह करोड़ की आबादी नगर निकायों में निवास करती है। जहां इतनी आबादी निवास करती हैए उसे छोटा कैसे कह सकते हैं। इतनी तो दुनिया के तमाम देशों व देश के कई राज्यों की आबादी नहीं है। डबल इंजन पर आप ट्रिपल इंजन लगा दीजिए। विकास की गति तेजी से बढ़ती जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नए भारत के रूप में विकसित हो रहा है। दुनिया अब भारत की तरफ आशा की निगाहों से देखती है पर 2014 से पहले लोग शक की निगाह से देखते थे। भारत का सम्मान नहीं करते थे। कहीं भी विस्फोटए घुसपैठ होता था। विदेशी दुश्मन भारत पर हमले की धमकी देते थे। नौजवानों के सामने दुनिया में पहचान का संकट था। भारत की साख नहीं बची थी। घोटाले पर घोटाले पहचान बन गई थी। 2014 के बाद भारत के बारे में नजरिया बदला है। भारत के नौजवानों को लोग अब सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। भारत हर क्षेत्र में आज प्रगति कर रहा है। कोरोना प्रबंधन समेत भारत में चलने वाले कार्यक्रम दुनिया में नजीर बनते हैं। 3 वर्ष से 80 करोड़ लोगों को नि:शुल्क राशन दिया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन ने जीवन में क्रांति ला दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले कोई सुरक्षित नहीं था। बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं। व्यापारी रंगदारी देता था। त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में नहीं मनाए जाते थे। नौजवानों को नौकरीए गरीबों को शासन की सुविधा व किसानों को सम्मान नहीं मिलता था। छह वर्ष में आपने बदलते यूपी को देखा है। आज शहर या गांवों में शोहदों का आतंक नहीं है। व्यापारी रंगदारी नहीं देता है। आज शहर कूड़े के ढेर नहीं बने हैं। नो कर्फ्यूए नो दंगा हैए क्योंकि अब यूपी में सब चंगा है। अब उपद्रव नहींए अयोध्या में दीपोत्सवए काशी में देव दीपावलीए बरसाना में रंगोत्सव यूपी की पहचान बने हैं। 2017 के पहले पेशेवर अपराधी तनकर चलते थे। नौजवानए महिलाएंए व्यापारी डरकर घर से पहले नहीं निकलते थे। सूर्य अस्त से पहले दुकानें बंद हो जाती थींए बाजारों में वीरानी छा जाती थी। अब बाजार में सूर्यास्त के बाद भी चहलकदमी रहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज माफ्यिा.अपराधी गले में तख्ती लगाकर जान की भीख मांग रहे हैं। यह नया उत्तर प्रदेश है। पात्रता के अनुसार शासन की सुविधाएं दी जा रही हैं। जाति-मजहब के आधार पर भेदभाव का कोई आरोप नहीं लगा सकताए क्योंकि यूपी का हर नागरिक हमारे लिए परिवार है। आज प्रदेश में न रंगदारीए न फिरौती, यूपी नहीं है किसी की बपौती। उत्तर प्रदेश के हर गांवए गरीबए नगरए किसानए व्यापारी व नागरिकों को शासन की सुविधाओं से जोड़कर सुरक्षा की गारंटी दी जा रही है। उन्नाव में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 22241 गरीबों को आवास उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 11 हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को ब्याज मुक्त ऋण दिलाया गया।



सीएम योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो. (डॉ.) माणिक साहा ने शिष्टाचार भेंट की।

## सीएम के रूप में बहुगुणा का प्रदेश व देश की सेवा के लिए सदैव किया जाएगा स्मरण: योगी

- मुख्यमंत्री ने स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वप्त हेमवती नन्दन बहुगुणा की जयन्ती के अवसर पर मंगलवार को योजना भवन में उनकी प्रतिमा तथा चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा की 104वीं जयन्ती है। स्व. बहुगुणा का जन्म 25 अप्रैल 1919 को उत्तराखण्ड राज्य के पौड़ी गढ़वाल जनपद के एक गांव में हुआ था। प्रारम्भिक शिक्षा गांव में ही अर्जित करने के उपरान्त उच्च शिक्षा के लिए उन्हें प्रयागराज जाना पड़ा था। उच्च शिक्षा अर्जित करते समय ही वे देश की आजादी के आन्दोलन में सक्रिय भागीदार बने। सन् 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान और उसके उपरान्त भी देश की आजादी के लिए हुए विभिन्न आन्दोलनों में उन्होंने बढ़चढ़ कर भाग लिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए स्व. बहुगुणा का विजन स्पष्ट था। उन्हें स्वतंत्र भारत में अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करने का अवसर प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश और देश की सेवा के लिए उनका सदैव स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री गृह एवं सूचना संजय प्रसाद सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## तेल कंपनियों के मेगा अभियान का हिस्सा बनें लोग: सीएस

- सीएम के सलाहकार ने किया संरक्षण क्षमता महोत्सव-2023 का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से जन-केन्द्रित ईंधन संरक्षण मेगा अभियान सक्षम-2023 का शुभारम्भ किया । उन्होनें विभिन्न तेल कम्पनियों द्वारा किए जाने वाले इस अभियान को जन-जन से जोड़ने के उद्देश्य को सराहा।

उन्होनें जनता से अपील करते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में भारत को समृद्ध बनाने के लिए तेल कम्पनियों द्वारा चलाए जा रहे मेगा अभियान का हिस्सा बनें। साथ ही उन्होनें इस अभियान की चर्चा करते हुए हरित ऊर्जा को आज की आवश्यकता बताया और सभी से इस पर ध्यान केन्द्रित करने और ऊर्जा के हरित विकल्पों को अपनाने को कहा । अपने वक्तव्य में उन्होंने सभी से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की उस पहल से प्रेरणा लेने की बात कही जिसमें कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर बल दिया गया है। सक्षम (संरक्षण क्षमता महोत्सव) हर साल मनाया जाने वाला एक प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है जो ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और जन स्वास्थ्य के बारे में सफलतापूर्वक जन जागरूकता पैदा कर रहा है। इसका उद्देश्य आयात किए जाने वाले कच्चे तेल पर निर्भरता को कम करके भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करना भी है। सक्षम-2023 का थीम 'ऊर्जा संरक्षण . नेट जीरो की ओर' वर्तमान समय में अत्यधिक प्रासंगिक है। नेट जीरो हासिल करने के लिए ऊर्जा संरक्षण एक महत्वपूर्ण रणनीति है क्योंकि यह ऊर्जा की समग्र मांग को कम करने में मदद करती है, जो आगे ऊर्जा उत्पादन और खपत से जुड़े ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम कर सकती है।

## सीएम योगी को धमकी देने वाला कानपुर से गिरफ्तार

- गर्लफ्रेंड के पिता को फंसाने के लिए उनका मोबाइल चोरी कर उसी से भेजा था यूपी-112 को मैसेज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ को यूपी-112 पर मैसेज करके जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स अमीन को पुलिस ने कानपुर नगर के बाबू पुरवा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गर्लफ्रेंड के पिता को फंसाना चाहता था इसलिए उसने सीएम योगी को जान से मारने की धमकी दी थी। कानपुर पुलिस के अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक ने बताया कि गर्लफ्रेंड के पिता को फंसाने के लिए उसने दो दिन पहले उनका मोबाइल भी चोरी किया और फिर उसी मोबाइल फोन से धमकी भरा मैसेज भेज दिया था। सीएम योगी को मैसेज के जरिए मिली धमकी से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था। इसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने मोबाइल फोन के मालिक को पूछताछ के लिए उठाया तो पता चला कि दो दिन पहले उसका मोबाइल गायब हो गया था। जांच में सामने आया कि मोबाइल गायब करने वाला शख्स और कोई नहीं बल्कि आमीन है। पुलिस ने बताया कि आमीन अपनी गर्लफ्रेंड के पिता को पसंद नहीं करता था, इस वजह से ऐसा कांड कर डाला।

सीएम योगी को धमकी मिलने के बाद आनन-फानन में पुलिस हरकत में आई और धमकी देने वाले शख्स की तलाश में जुट गई। ऑपरेशन कमांडर ने आरोपित के मोबाइल नम्बर के आधार पर सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज करा दी है।

## किसानों व उद्यमियों के हितों के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध: धर्मपाल

- पशुधन व दुग्ध विकास मंत्री ने की दुग्धशाला और कुक्कुट विकास के क्षेत्र में निवेश करने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पशुधन** एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के साथ मंगलवार को विधानभवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में उत्तर प्रदेश में अण्डा संचरण के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश के पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े किसानों एवं उद्यमियों तथा नेशनल एग क्वारडिनेशन कमेटी के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस दौरान पंजाब तथा हरियाणा के अण्डा उद्योग से जुड़े उद्यमी मौजूद थे।

सिंह ने पंजाब एवं हरियाणा के उद्यमियों से दुग्धशाला विकास नीति तथा कुक्कुट विकास नीति के तहत प्रदेश में निवेश करने की अपील करते हुए कहा कि सरकार उद्यमियों को हर प्रकार की सहायता एवं सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि अण्डा संचरण हेतु प्रतिनिधिमण्डल द्वारा दिये गये सुझावों पर विचार कर निर्णय लिया जायेगा और अण्डा व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों के आर्थिक उन्नयन के लिए कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर मंत्री धर्मपाल ने कहा कि प्रदेश को अण्डा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना और जनसामान्य को गुणवत्तायुक्त अण्डों की उचित दरों पर उपलब्धता सुनिश्चित कराना सरकार की प्राथमिकता है। जनता, किसानों और उद्यमियों के हितों के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कुक्कुट उत्पादन में मांग के सापेक्ष उपलब्धता में अंतर को पूर्ण कर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने तथा निर्यातोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से कुक्कुट विकास नीति 2022 लागू की गई। उन्होंने कुक्कुट विकास नीति की विशेषता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नीति के तहत आगामी 05 वर्षों में एक करोड़ 90 लाख अण्डा प्रतिदिन उत्पादन क्षमता के कामर्शियल लेयर फार्म की स्थापना तथा एक करोड़ 72 लाख ब्रायलर चूजों के वार्षिक उत्पादन के लिए ब्रायलर पेरेन्ट फार्म की स्थापना किया जाना लक्षित है। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकारी की वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होगी तथा इससे अधिकाधिक रोजगार का सृजन होगा। बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पशुपालन को लघु उद्योग के रूप में विकसित करने के साथ ही कुक्कुट विकास को भी प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 1.60 करोड़ अण्डों का उत्पादन प्रतिदिन किया जा रहा है, जबकि 2.50 करोड़ अण्डों का उपभोग प्रतिदिन होता है, जिसकी पूर्ति अन्य राज्यों से आयात कर की जा रही है। बैठक में चर्चा के दौरान नेशनल एग क्वारडिनेशन कमेटी एनईसीसी के प्रतिनिधियों ने प्रदेश में अण्डो के परिवहन हेतु शीतितयान की अनिवार्यता को समाप्त करने का अनुरोध किया। बैठक में पशुपालन निदेशालय के अपर निदेशक गोधन डा. राजेश कुमार, उपनिदेशक कुक्कुट डॉ. बृजेश कुमार त्रिपाठी एवं डॉ. अजय कुमार मिश्रा सहित ईएनसीसी के प्रिंस गोयल, गुरूप्रीत सिंह, इन्द्रजीत सिंह, हरियाणा पोल्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा पंजाब पोल्ट्री फर्म एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी एम. के अरोड़ा उपस्थित थे।

## यूपी में कानून के रखवाले भी बदमाशों के हो रहे शिकार: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस के प्रवक्ता अशोक सिंह ने कहा है कि लखीमपुर खीरी में पुलिस के सिपाही अनिल सिंह चौहान की बेखौफ बदमाशों द्वारा गोली मारकर की गई नृशंस हत्या प्रदेश की दिनों दिन बेजार होती जा रही कानून व्यवस्था का जीता जागता उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के हालात यह हो गए हैं कि खुद कानून के रखवाले ही बदमाशों की गोलियों के शिकार हो रहे हैं। हरदोई में राजस्व टीम के सामने ही गोलियां चली। राजधानी के अति व्यस्तत्म इलाके कैसरबाग में सरेराह महिला की चेन और व्यापारी का लाखों रुपये की लूट हुई। उन्नाव में दलित बच्ची के रेप के आरोपियों के जेल से छूटने पर पीड़िता और उसके बच्चे को जिंदा जलाया। बस्ती में कोतवाली के अन्दर युवक पूछताछ के नाम पर पुलिस द्वारा पीट-पीट कर हत्या। जालौन में परीक्षा देकर लौट रही बच्ची को राह चलते सड़क पर बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या। सिंह ने कहा कि अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि आमजनता की कौन कहे खुद खाकीधारी ही बदमाशों की गोलियों का निशाना बन रहे हैं। इतना ही नहीं अभी पूरा उप्र प्रयागराज की दिल दहलाने वाली घटना से उबर नहीं पाया है कि प्रदेश के लगभग सभी जनपदों में हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती की घटनाओं में बाढ़ सी आ गई है। सिंह ने कहा कि आत्ममुग्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उप्र से लेकर कर्नाटक तक माफिया राज के खात्मे और यूपी में सब चंगा का ढोल पीट रहे हैं और प्रदेश की पुलिस बदमाशों की गोलियों का शिकार हो रही है।

## निकाय चुनाव में बतौर प्रेक्षक सभी जिलों में तैनात होंगे आईएएस अफसर

- नियुक्ति विभाग ने राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा अफसरों का पैनल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए यूपी के 75 जिलों में आईएएस अफसरों को बतौर प्रेक्षक तैनात किया जाएगा। नियुक्ति विभाग ने इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग को आईएएस अफसरों को पैनल भेज दिया है।

आयोग से अनुमति मिलने के बाद इन अफसरों को जिलेवार तैनाती की जाएगी। यूपी में निकाय चुनाव दो चरणों में होगा। पहले चरण का मतदान चार और दूसरे चरण का मतदान 11 मई को होना है। इसके बाद 13 मई को मतदान होना है। इसके पहले प्रदेश के सभी जिलों में निकायवार आईएएस अफसरों की बतौर प्रेक्षक तैनाती की जानी है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसके लिए नियुक्ति विभाग से आईएएस अफसरों का पैनल मांगा था। नियुक्ति विभाग ने वरिष्ठता के आधार पर पैनल तैयार करते हुए सूची आयोग को भेज दी है। इसमें 100 से अधिक अफसरों के नाम हैं। आयोग अपने हिसाब से प्रेक्षकों की तैनाती करते हुए नियुक्ति विभाग को सूची भेजेगा। इसके आधार पर जिलेवार प्रेक्षकों की तैनाती की जाएगी। प्रेक्षक के रूप में तैनात होने वाले अफसर एक मई से अपने तैनाती वाले जिलों में जाने लगेंगे। वह सबसे पहले संबंधित जिलों और चुनाव ड्यूटी में लगे अफसरों के साथ बैठक करेंगे। इसमें आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन कराने की जानकारी दी जाएगी।

## किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए जागरूक करने में आएगी तेजी

- राज्य सरकार ने जारी किए 25 करोड़ रुपए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वैज्ञानिक** खेती के प्रचार-प्रसार के साथ ही किसानों को लाभप्रद खेती के लिए जागरूक करने में तेजी आएगी। विभाग उन्हें तकनीकी प्रबंधनए कृषि प्रसार आदि के बारे में जागरूक करेगा। इसके लिए सरकार ने 25 करोड़ रुपए जारी किए हैं।

विशेष सचिव देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा ने कृषि निदेशक को जारी पत्र में कहा है कि राज्य पोषित कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए कृषि प्रसारए कृषि निवेश और तकनीकी प्रबंधन योजनांतर्गत कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरुकता के लिए 25 करोड़ पांच लाख रुपए जारी किए गए हैं। स्वीकृत धनराशि के संबंध में कहा गया है कि जहां तक संभव हो व्यय की फेजिंग वित्त वर्ष की शेष अवधि के लिए प्रतिमाह समान रूप से की जाय। पत्र में यह भी कहा गया है कि आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाय। यदि विभाग के आहरण एवं वितरण अधिकारी जनपद स्तर पर हैं तो जनपद स्तर पर व्यय की जाने वाली धनराशियों को संबंधित जनपदों के आहरण एवं वितरण अधिकारी को आवंटित की जाय। ऐसे मामलों में विभागाध्यक्ष स्तर पर एकमुश्त धनराशि का आहरण न किया जायए क्योंकि धनराशि के एकमुश्त आहरण से राज्य के रोकड़ प्रबंधन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा अनावश्यक रूप से बैंकों में खाता खोलकर धनराशि जमा करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है।

शासन की पूर्वानुमति के बिना कोई भी धनराशि बैंक खातों में नहीं रखी जाएगी। यदि ऐसा कोई तथ्य प्रकाश में आता है तो उसे गंभीर वित्तीय अनियमितता मानते हुए कार्यवाही की जाएगी। पत्र में कहा गया है कि कृषि निदेशक लखनऊ जनता के बीच योजनाओं का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंगे।

## अखिलेश की जनता से अपील, भाजपा हटाइए और सुविधाएं पाइए

- मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि उनके ऊपर कितने मुकदमे हैं: सपा प्रमुख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की जनता के नाम एक अपील जारी करते हुए कहा कि नगर निकायों से भाजपा को हटाइए और सुविधाएं पाइए। समाजवादी पार्टी नगर निकायों में जीतेगी और आम जनता को शहरों में हर तरह की नागरिक सुविधाएं और सुरक्षा देगी। उत्तर प्रदेश में सिस्टम पूरी तरह से फेल है। भाजपा खुद भी दिवालिया हो चुकी है। बीजेपी में भारी गुटबाजी है। भाजपा के पास नगर निगम चुनाव लड़ाने के अपने कार्यकर्ता और प्रत्याशी भी नहीं है। एक अन्य सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि उनके ऊपर कितने मुकदमे हैं। कहीं उन पर दंगों के मुकदमे भी तो नहीं हैं। लखनऊ से समाजवादी पार्टी की

### भाजपा ने लखनऊ को कूड़ों का शहर बना दिया है: वन्दना मिश्रा



मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा ने कहा कि महापौर पद का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा ने लखनऊ को कूड़ों का शहर बना दिया है। हमें इस शहर की गरिमा वापस लानी है। चुनाव जीतने के बाद हम नगर निगम के जरिये नागरिकों को मिलने वाली स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, पेयजल, ट्रैफिक मैनेजमेंट की सुविधाओं को बहाल करायेंगे। हमारा लक्ष्य लखनऊ की पहचान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लाना हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर लखनऊ की जो जगह थी उसे फिर से दिलाना है। लखनऊ की विरासत उसकी गंगा जमुनी तहजीब फिर से वापिस लानी है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि नगर निकाय के चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। शहरों की आबादी बढ़ती जा रही है। लखनऊ समेत प्रदेश के कई नगर निगमों पर लम्बे समय से भाजपा के मेयर हैं लेकिन उन्होंने कोई काम नहीं किया। आज शहरों में जो समस्याएं हैं वह भाजपा की देन है। निगमों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट के कारण भाजपा को अपने मेयरों के टिकट काटने पड़े। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचार किया और झूठ का सहारा लेकर प्रदेश में शहरों को बर्बाद कर दिया है। स्मार्ट सिटी के नाम पर भारी भ्रष्टाचार और लूट हुई है। केन्द्र और प्रदेश में सरकार होने और नगर निगमों में लम्बे समय तक भाजपा के काबिज रहने के बाद भी एक भी स्मार्ट सिटी नहीं बनी। प्रदेश का कोई भी शहर स्मार्ट सिटी के मानक को पूरा नहीं करता है। भाजपा सरकार नागरिकों को शहरों की सुविधाएं नहीं दे पाई। नगर निगमों का पूरा पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। शहरों और सड़कों पर गड्ढें हैं। गलियों में साफ-सफाई नहीं है। नालियों में गंदगी भरी पड़ी है। शहरों का गंदा पानी नदियों में जा रहा है। छुट्टा जानवर घूम रहे हैं। ट्रैफिक मैनेजमेंट ध्वस्त है। प्रदेश की जनता सब देख रही है और नगर निकाय चुनाव में भाजपा को इसका जवाब देगी।

अखिलेश ने कहा कि बीजेपी के नेता जिस ट्रिपल इंजन की बात कर रहे हैं वह तो कई नगर निगमों में पहले से है लेकिन भाजपा ने भ्रष्टाचार और लूट के अलावा कोई काम नहीं किया है। शहरों में कूड़े के ढेर हैं। नालियां गंदी है और खुली हैं। गड्ढे हैं। शहरों में भारी शोरगुल है। भाजपा शहरों से जानवर तक नहीं हटा पाई। कई आईएएस लगाए गए लेकिन फिर सरकार सांड नहीं हटा पाई जिसके चलते तमाम दुर्घटनाएं हो रही है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने गोमती रिवरफ्रंट बर्बाद कर दिया। वाराणसी में वरुणा नदी पर रिवरफ्रंट बनने नहीं दिया। आम जनता की सुविधा के लिए बनाए गये प्रदेश के हजारों पार्कों को भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया। बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की, पर्यावरण बर्बाद किया। प्रदेश के शहरों में प्रदूषण है। जीएसटी पर व्यापारियों को परेशान और प्रताड़ित किया गया। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार और उसके नेता जनता की बुनियादी समस्याओं, महंगाई, बेरोजगारी, खराब कानून व्यवस्थाए ध्वस्त स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था से ध्यान हटाने के लिए चाहे जितने मुद्दे लेकर आयें लेकिन इस बार शहरों की जागरूक जनता भाजपा को नगर निकाय चुनाव में हराने का काम करेगी और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताएगी।

# इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश की टॉप टेन सूची में आए फतेहपुर जिले के सात छात्र

## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यालयों में रहा जश्न का माहौल

**संवाददाता।** फतेहपुर



**यूपी** बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम मंगलवार को आ गया। इंटरमीडिएट में जिले के सात टापरों ने जनपद का नाम रोशन करते हुए प्रदेश की टॉप टेन सूची में अपना नाम शुमार कराया है। टॉपर्स छात्र-छात्राओं ने आगे चलकर देश सेवा और समाज के लिए काम करने की बात कही। मेधावी छात्र-छात्राओं का विद्यालय प्रबंध तंत्र ने मुंह मीठा कराकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इंटरमीडिएट की बात की जाये तो प्रदेश में तीसरे नंबर पर संयुक्त रूप से छात्र और छात्रा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। तीसरे स्थान पर आए प्रियांशु उपाध्याय और खुशी यादव हैं। प्रियांशु जहां सरस्वती बाल मंदिर रघुवंशपुरम के छात्र हैं तो खुशी हुसैनगंज के एसएसआईसी मुस्तफापुर स्कूल की छात्रा हैं।

प्रदेश में चौथे स्थान पर फतेहपुर के रघुवंशपुरम इंटर कॉलेज के दो छात्र हैं। जिसमें विक्रम सिंह और निखिल तिवारी हैं। दोनों ने अपनी सफलता का श्रेय टीचरों के साथ-साथ अपने परिवारीजनों को दिया है। इसके अलावा पांचवें स्थान पर आशू कुमार (श्री एसएस सिंह इंटर कॉलेज), आकांक्षा और संजना देवी (एसएसआईसी मुस्तफापुर) ने सफलता हासिल की है। शहर के राधानगर स्थित जय मां सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कालेज में हाईस्कूल की चंचल सिंह ने 96.16 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम व तृष्टि दीक्षित ने 95.5 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। इंटरमीडिएट में दीक्षा द्विवेदी व हिमांशी सिंह ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। शहर के राधानगर स्थित सुंदरमती बालिका इंटर कालेज में भी जश्न का माहौल रहा।

हाईस्कूल व इंटर की में अभिषेक अग्रहरि ने 92 प्रतिशत, हिमांशी देवी ने 91 प्रतिशत, राधा देवी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मदर सुहाग इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटर का रिजल्ट घोषित हुआ। इंटरमीडिएट के छात्र शिवम 95 फीसदी प्राप्त किया।

# हाईस्कूल-इंटर परीक्षा परिणामों में एसआर विद्यालय का रहा दबदबा

**● एसआर कालेज के सत्यम ने प्रदेश में पाया सातवां स्थान**

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**मंगलवार** को उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा घोषित किये गये हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 में एसआर इंटर कालेज एवं एसआर बालिका इंटर कालेज उरई का परिणाम उत्कृष्ट रहा। परीक्षा परिणाम के बारे में विद्यालय के प्रबंधक अशोक राठौर ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में 149 छात्रायें एवं 193 छात्र थे जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा में 197 छात्रायें एवं 259 छात्र शामिल हुये थे। जिसमें हाईस्कूल में सभी 149 छात्रायें, 192 छात्र तथा इंटर में 190 छात्रायें 227 छात्र उत्तीर्ण हुये। इस प्रकार हाईस्कूल बालिका का परिणाम शत प्रतिशत रहा। वहीं हाईस्कूल बालक का परिणाम 99.5 प्रतिशत, इंटर बालिका का परिणाम 96.4 प्रतिशत तथा इंटर बालक का परिणाम 87.6 प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट में शामिल कुल 456 छात्र-छात्राओं में 339 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुये इसमें 125 छात्र-छात्राओं ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ऑनर्स तथा हाईस्कूल में शामिल 342 छात्र-छात्राओं में 310 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये इसमें 113 छात्र-छात्राओं ने ऑनर्स श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इंटरमीडिएट में छात्र सत्यम पुत्र राजेश कुमार ने 500 में से 481 जो 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम एवं प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया। जनपद की इंटरमीडिएट टॉपटेन सूची में सात छात्र-छात्रायें सत्यम प्रजापति 96.2, जीतेश साहू 94, अंकित एवं आर्यन 93.8, अंकित 94.4, शिवानी कुशवाहा तथा स्वामी सिंह ने 93.2 अंक एसआर विद्यालय उरई के शामिल हैं। आदर्श विद्यापीठ इंटर कॉलेज में जिले में पांचवा स्थान प्राप्त किया मुस्कान बाथम पुत्र राजू बाथम मदनेपुर ने 94.20 प्रतिशत अंक पाकर जिले का नाम रोशन किया।

## चित्रकूट की अंशिका देवी ने पाया यूपी में 7 वां स्थान

**चित्रकूट।** बोर्ड परीक्षा 2023 मे हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित होते ही हरिमोहन सिंह इंटर कॉलेज बछरन की छात्रा अंशिका देवी पुत्री शत्रुघन सिंह ने प्रदेश में 7 वां और चित्रकूट जिले में पहला स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का एवं अपने माता-पिता सहित गुरुजनों का नाम रोशन किया है। बोर्ड परीक्षा में यूपी में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अंशिका देवी पुत्री शत्रुघन सिंह का कहना है कि विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं माता-पिता के आर्शीवाद से यह सफलता हासिल हुई है। उन्होने कहा कि सिविल सेवा सर्विस की तैयारी कर आईएएस बनकर देश की सेवा करना उनके जीवन का सपना है। वही इसी विद्यालय की छात्रा प्रतीक्षा द्विवेदी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा मे जिले में दसवां स्थान हासिल कर विद्यालय को गौवान्वित किया है।

## श्रेयांश व शिवम डाक्टर बनकर करना चाहते हैं समाज सेवा

**हमीरपुर।** आज माध्यमिक शिक्षा परिषद इलाहाबोर्ड के परीक्षाफल में स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्र श्रेयांश ने 96 फीसदी अंक पाकर प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार इंटर के छात्र शिवम कुमार ने 96 फीसदी अंक पाकर प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। श्रेयाश व शिवम का सपना है डाक्टर बनकर समाज की सेवा करना है उनका मानना है कि सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों की कमी के चलते मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है जिससे उन्होने निश्चित किया है कि वह डाक्टर बनकर समाज की सेवा करेंगे। सफल हुये छात्र इसका श्रेय शिक्षकों व अपने माता पिता को देते है। इस मौके पर बांदा संभाग के संभागीय निरीक्षक शिवकरन जी ने सभी सफल छात्रों को आशीर्वाद दिया है।

# रूरा में रोचक हुआ त्रिकोणीय संघर्ष

**रविकान्त दुबे।** कानपुर देहात

**रूरा** नगर पंचायत चुनाव में सियासी पारा चढ़ता नजर आ रहा है, इस चुनाव में भाजपा ने कद्दावर नेता व उद्योगपति रामजी गुप्ता को मैदान में उतारा है वहीं सपा ने निर्वतमान चैयरमैन रमा देवी को दोबारा मौका दिया है वहीं कांग्रेस ने भाजपा के बागी रजोल शुक्ला को टिकट दे कर चुनाव को त्रिकोणीय संघर्ष में पहुँचा रोचक बना दिया है। आगामी आसन्न नगर पॅचायत चुनाव में रूरा में पाला किस करवट बैठेगा अभी यह तो भविष्य के गर्त में छिपा नजर आ रहा है। परन्तु कॉग्रेस ने भाजपा के बागी रजोल शुक्ला को टिकट देकर चुनाव में रोमॉच जरूर पैदा कर दिया है। रूरा नगर पॅचायत में पूर्व मंत्री व लगातार तीन बार विधायक रहे रामस्वरूप सिंह गौर का वर्चस्व रहा है, पूर्व विधायक के सर्मथन से महेश सिंह भदौरिया, देवप्रताप सिंह गौर, संदीप कश्यप, रमा देवी देवी नगर पॅचायत के अध्यक्ष का पद सॅभाल चुके है। वहीं एक बार भाजपा की नन्ही कमल व संयुक्त विपक्ष मोर्चा के घनश्याम ओमर भी चैयरमैन निर्वाचित हो चुके है, रूरा में राजनीति दो पक्षों के बीच हमेशा घूमती रही है। एक पक्ष का नेतृत्व पूर्व मंत्री स्व0 रामस्वरूप सिंह गौर व दूसरे पक्ष का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता रामजी गुप्ता करते रहे है, अपनी विनम्र छवि व कुशल प्रबन्धन के चलते ही रामजी के नेतृत्व में ही भाजपा व संयुक्त विपक्ष दो बार परचम फहरा चुके है। निर्वतमान ब्रम्हलीन चैयरमैन घनश्याम ओमर के बडे भाई भाजपा के कद्दावर नेता व उद्योगपति रामजी गुप्ता पर भाजपा ने भरोसा जताते हुये टिकट प्रदान कर रूरा नगर पॅचायत में भगवा फहराने की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं रूरा की राजनीति की पहचान रहे पूर्व मंत्री के निधन के बाद उनकी अनुपस्थित में पहली बार हो रहे चुनाव में उनके सुपौत्र नीरज सिंह गौर की प्रतिष्ठा दॉव में लगी हुयी है।

वहीं कांग्रेस ने भाजपा की जमीनी स्तर पर पहचान रहे रजोल शुक्ला पर दॉव लगाया है। अपनी कर्मठता, जुझारूपन व सक्रियता से जनता के बीच बैठ रखने वाले रजोल के चुनाव मैदान में उतर जाने से इस बार नगर पंचायत चुनाव में रोचक संघर्ष के आसार नजर आ रहे हैं।

# बाढ़ के मद्देनज़र एनडीआरएफ की टीम ने जिले में डाला डेरा



**चित्रकूट।** डीआईजी मनोज कुमार शर्मा के निर्देश में 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ वाराणसी से आई टीम ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से वार्तालाप कर जिले में आपदा प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी ली। अपर जिलाधिकारी के सहयोग से जिले की मुख्य नदी यमुना व मंदाकिनी के मुख्य घाटों व निचले स्तर पर बसे गांव के निरीक्षण का प्लान तैयार किया। मंगलवार को जिलाधिकारी के साथ हुई बैठक में एनडीआरएफ टीम ने बाढ़ क्षेत्र में बसे गांवों एवं ग्रामीणों को आपदा से बचाने के उपाय बताए। ग्रीष्म ऋतु में अग्निकांड से होने वाली घटनाओं की रोकथाम को जनमानस की सुरक्षा को बचाव कैसे किया जाए। इसका डेमो दिखाने का कार्य किया जा रहा है। आपदा मोचन बल ने नदियों का जल स्तर बढ़ने पर बाढ़ से बचाव की बाबत जानकारी दी जा रही है। आगामी संभावित बाढ़ के मद्देनजर एरिया रेकी का कार्य किया जा रहा है। 21 सदस्यीय टीम की अगुवाई निरीक्षक रितेश कुमार कर रहे हैं।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**● अधिकांश संस्थानों का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत**

**संवाददाता।** जालौन, उरई

**माध्यमिक** शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में नगर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अधिकांश स्कूलों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है।

महाराणा प्रताप साइंस इंटर कालेज के प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में सम्मिलित 147 छात्रों में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। दीपक द्विवेदी ने 90.33 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट की परीक्षा में 90.2 सुमित दिवाकर ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने इंग्लिश विषय में 97 फीसदी अथवा अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र, छात्राओं को नगद 1100 रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

एसबीडीएम इंटर कॉलेज के यूपी बोर्ड के अंग्रेजी माध्यम के रिजल्ट में प्रधानाचार्य जावेद खान ने बताया कि विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में राजनारायण सिंह ने 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यालय में टॉप किया है बल्कि जिले में दूसरी रैंक हासिल की। आनंदी बाई हर्षे बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में शामिल ओमनी कुशवाहा ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ पहला, शालिनी प्रजापति ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और आशी चौरसिया ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद यादव ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में आलोक सिंह ने 92 फीसदी अंकों से कक्षा में टॉप किया।

## किसान की बेटी ने दसवीं रैंक प्राप्त की

**जालौन,** उरई। इंटरमीडिएट की परीक्षा में नगर के सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा ने जिले में 10वीं रैंक हासिल की है। किसान की बेटी का सपना बैंकिंग क्षेत्र में जाने का है। नगर के सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा आकांक्षा ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 93.2 फीसदी अंकों के साथ जिले में 10वीं रैंक हासिल की है। उनका सपना आगे बैंकिंग सेक्टर में करियर बनाने का है।

## बायोटेक इंजीनियर बनना चाहते हैं राजनारायण

**जालौन,** उरई। जिले में हाईस्कूल की परीक्षा में दूसरे स्थान पर रहे राजनारायण का सपना बायोटेक इंजीनियर बनकर समाजहित में कार्य करने का है। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपनी मां को दिया है। नगर के स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के छात्र राजनारायण के पिता राजकुमार यादव प्राथमिक विद्यालय शिक्षक हैं। उनकी मां मुक्ति यादव भी जूनियर हाईस्कूल में शिक्षिका हैं। हाईस्कूल में अध्ययनरत थे।

## क्विक न्यूज

### बिजली मिस्त्री के बेटे ने पाया जनपद में पहला स्थान

**जालौन, उरई।** इलेक्ट्रिक आइटम के मिस्त्री के बेटे ने हाईस्कूल की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया। जिले में टॉपर राज का सपना कम्प्यूटर इंजीनियर बनने का है। नगर के मोहल्ला दलालनपुरा निवासी दिनेश प्रजापति इलेक्ट्रिक आइटम के मिस्त्री हैं। उनके परिवार में तीन बेटियां व एक पुत्र राज प्रजापति है। राज प्रजापति ने इस वर्ष पूर्णा देवी इंटर कॉलेज से हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। हाईस्कूल की परीक्षा में राज ने राज ने 97 फीसदी अंकों के साथ जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। राज बताते हैं कि उनके पिता ने काफी संघर्ष के साथ उन्हें पढ़ाया है।

### पुलिस ने जुआ खेलते रंगे हाथ दबोचे सात जुआरी

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग हरीशचन्द्र मिश्रा की टीम ने ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते सात लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग हरीशचन्द्र मिश्रा ने रामप्रकाश पटेल पुत्र कटारे प्रसाद, प्रेमबाबू पटेल पुत्र शम्भू प्रसाद निवासी भानपुर, राम प्रकाश यादव पुत्र बाबूलाल निवासी बरगदहा, सुनील उर्फछोटू पुत्र रामकरन निवासी सेमरिया जगन्नाथवासी, रामनरेश गुप्ता पुत्र रामसजीवन निवासी खोही, कुलदीप यादव पुत्र लक्ष्मण, मिथलेश पुत्र बाबूलाल निवासी बरगदहा थाना कोतवाली कर्वी को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से 3980 रुपये व ताश के 52 पत्ते तथा जामा तलाशी में 1120 रुपये बरामद किये।

### संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के कठेरिया गांव में 30 वर्षीय महिला का घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में शव लटका देख घर में हड़कंप मच गया। वही घटना की जानकारी परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कठेरिया गांव निवासी राजकुमार की 30 वर्षीय पत्नी उषा देवी का घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में शव लटका देख परिजनों में हड़कम्प मच गया। वही घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

### डग्गामार वाहन से बरामद किया लाखों का कैश

**उरई, जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के झांसी चुंगी पर सर्विलांस स्टेटिक टीम ने मंगलवार की सुबह वाहन चेकिंग के दौरान एक डग्गामार वाहन से 3 लाख 15 हजार रुपये कैश बरामद किया। पूछताछ के दौरान सही जबाब न मिलने पर टीम ने लाखों रुपए के कैश को कब्जे में लिया और कैश ले जाने बालों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। शहर कोतवाली क्षेत्र के झांसी चुंगी पर सर्विलांस स्टेटिक टीम मंगलवार की सुबह वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी सर्विलांस स्टेटिक टीम के प्रभारी रमेश उदैनिया ने एक डग्गामार वाहन को रोककर चेकिंग की तो उसमें कानपुर के सरस्वती नगर के रहने वाले ब्रह्मादीन पुत्र रामपाल को पकड़ा गया। चेकिंग के दौरान उसके पास से 3 लाख 15 हजार रुपये कैश बरामद हुआ।

### बसपा प्रत्याशी को ब्राम्हणों ने दिया समर्थन

**फतेहपुर।** बहुजन समाज पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी का जनसंपर्क के दौरान ब्राम्हण समाज के कई लोगों ने बसपा प्रत्याशी का फूल-माला पहनाकर समर्थन किया। बसपा प्रत्याशी वर्मा चौराहा पहुंचे तो वहां बस सर्विस के मालिक तिवारी ब्रदर्स, जतिन तिवारी, पुष्पेंद्र तिवारी समेत कई ब्राम्हण समाज के लोगों ने उनका फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बसपा प्रत्याशी ने कहा कि शहर के चहुमुखी विकास के लिए बसपा जरूरी है। यदि शहर की जनता ने उन पर भरोसा करके पालिका पहुंचाया तो वह शहर की तस्वीर बदलने का काम करेंगे।

### भाजपा से टिकट न मिलने से बागी ने दाखिल किया नामांकन

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर में भाजपा पदाधिकारी/मनोनीत सभासद रही गायत्री कोल को नगर पंचायत अध्यक्ष पद का टिकट न मिलने से उनका दर्द बाहर आने लगा। सभासद ने पार्टी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि गांव की रहने वाली महिला को नगर पंचायत अध्यक्ष पद का टिकट नहीं दिया। मंगलवार को नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशियों के नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया कल खत्म हो गई है। कुल 13 अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। निर्दलीय उम्मीदवार भाजपा के टिकट वितरण से नाराज पूर्व जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा/जिला महामंत्री महिला मोर्चा ने पार्टी से बगावती तेवर अख्तियार करते हुए पर्चा दाखिल किया है। सब्र का बांध तोड़ते हुए भाजपा पर खूब बरसी।

# हर हाल में पात्रों को आवास से करें लाभान्वितः सीडीओ

**संवाददाता।** चित्रकूट



**मुख्य** विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने सभी ग्राम विकास अधिकारी व सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत वर्ष 2023-24 को राज्य सरकार के बजट में किये प्रावधान के क्रम में विकासखंड को आवास निर्माण का भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य आवंटित करना है।

मंगलवार को उन्होंने बताया कि इसके लिए विकासखंड स्तर के वित्तीय वर्ष के मांग पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्राकृतिक दैवीय आपदा से ग्रसित, वनटांगिया, कुष्ठ रोग पीड़ित, जेईएस, एईएस, कालाजार से पीड़ित, मूसहर, कोल थारू, नट चेरो, पछिया लोहार, गढइया लोहार, बैगा एवं दिव्यांगजन श्रेणी जाति के पात्र लाभार्थियों का मांग पत्र हार्ड कॉपी, सॉफ्ट कॉपी में 30 अप्रैल तक परियोजना निदेशक ग्राम विकास अभिकरण कार्यालय को उपलब्ध करा दें। प्राकृतिक दैवीय आपदा माह अक्टूबर 2022 में प्राकृतिक दैवीय आपदा से ग्रसित श्रेणी के तहत आवास विहीन तहसील स्तर से अक्टूबर 2022-23 के बाद प्राकृतिक आपदा से ग्रसित मुआवजा प्राप्त लाभार्थियों की सूची लाभार्थी वार पात्रता का सत्यापन करते पात्र लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराई जाये। दिव्यांगजन श्रेणी के तहत वर्ष 2023-24 को मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिला अस्पताल में मरीजों को निःशुल्क मिल रही डायलिसिस सुविधा : डॉ सुधीर शर्मा

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा आम जनता के लिए बेहद मददगार साबित हो रही है। जिला अस्पताल सोनेपुर में तीन मशीनों से लोगों को डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। अब तक तीन मशीनों से लगभग हजारों निःशुल्क डायलिसिस किए गए। गौरतलब है कि शासन से जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में किडनी सम्बन्धी बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए जिला अस्पताल सोनेपुर में संचालित निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा वरदान बनकर उभरी है। पहले डायलिसिस को मरीजों को जिले से बाहर जाकर महंगे खर्च करने पड़ते थे। आज जिले में ही एक दिन में ही 5-6 मरीज तक को सुविधा देने में जिला चिकित्सालय सक्षम है। मुख्य चिकित्सा धीक्षक डॉ सुधीर शर्मा ने बताया कि जिला चिकित्सालय में दूर-दराज से मरीज आते हैं। मरीजो को किसी प्रकार की समस्या न हो। इसके लिए सभी डॉक्टरों को निर्देश दिये गये हैं कि सभी मरीजों का समुचित इलाज किया जाए। जिला अस्पताल में खून की सारी जांच, डिजिटल एक्सरे, स्कैन, डायलसिस की सुविधा उपलब्ध है। जिला चिकित्सालय में एमआरआई की सुविधा नहीं है। उसके लिए प्रयास जारी हैं। डायलिसिस को चिकित्सालय में भर्ती 32 वर्षीय दीनबंधु के परिजनों ने बताया कि वे लगातार जिला अस्पताल में डायलिसिस को आ रहे हैं।

# कारागार में मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ी

**हमीरपुर।** जिला कारागार में मानसिक रोग से ग्रस्त बंदियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। खतरनाक बीमारी स्किजोफ्रेनिया के मरीजों की संख्या बढ़कर सात हो गयी है, जिनको लखनऊ इलाज के लिये भेजने की सलाह दी है। मानसिक रोग की क्लीनकल साइक्लोजिस्ट मानसी सिंह ने बताया कि समाज में अनेक प्रकार के मानसिक रोगी पाये जाते हैं मगर इस प्रकार के रोगों को लोग बहुत ही हल्के में लेते हैं। पिछले दिनों मानसिक रोग विशेषज्ञों की टीम डा नीता, कम्यूनिटी नर्स प्रगति गुप्ता, मानसी सिंह ने जिला कारागार का जाकर बंदियों की काउन्सिलंग की जिसमें पाया कि एक माह पहले स्किकफ्रेनिआ के चार मरीज थे मगर अब बढ़कर सात हो गये हैं। इस रोग से बंदी काल्पनिक दुनिया में खोया रहता है। जेल अधीक्षक विवेकशील त्रिपाठी का कहना है कि इस मामले में कोर्ट में रिपोर्ट कर वहां से अनुमति पर ही इलाज के लिये बाहर ले जाया जायेगा।

# चुनाव में छत्रसाल कालेज से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

**● एसडीएम ने निरीक्षण कर व्यवस्था के संबंध में दिये निर्देश**

**जालौन,** उरई। नगर निकाय चुनाव छत्रसाल इंटर कालेज को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। इसके साथ ही यहीं से पोलिंग पार्टी को सामग्री वितरण की जाएगी एवं पार्टी रवाना की जाएगी। सामाग्री वितरण व्यवस्था को लेकर एसडीएम ने केन्द्र का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

मंगलवार को एसडीएम सुरेश कुमार ने छत्रसाल इंटर कालेज में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। यहां से 3 मई को पोलिंग पार्टी रवाना की जायेगी तथा पोलिंग पार्टियों को सामग्री वितरण किया जायेगा। नगर में बने 60 बूथों की पोलिंग पार्टी को सामग्री वितरण करने के 6 टेबिल लगायी जाएंगी। इन्ही टेबिलों से 10 पोलिंग पार्टी को बैलेट पेपर, मतदाताओं की उंगली पर लगाने वाली स्याही, पेन, मतदाता सूची, मतपेटी समेत अन्य सामग्री वितरण की जानी है। वितरण व्यवस्था को लेकर एसडीएम ने निर्धारित कक्षों का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रुम में मतदान के बाद जमा होने वाली मतपेटियों की सुरक्षा के लिए लगने वाली थ्री स्टेज बेरीकेटिंग व्यवस्था का जायजा लिया और ठेकेदार को निर्देश दिए। एसडीएम मतगणना के दौरान स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक सुरक्षा में जाने वाली मतपेटियों के रास्ता बनाने आदि को लेकर ठेकेदार को निर्देश दिए। स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने के बाद डॉ. अम्बेडकर इंटर कालेज में बने संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस मौके पर सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी एवं दोनों स्कूलों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## आतंकवाद समर्थक...

कहा कि असल बात यह है कि उस पड़ोसी के साथ संवाद करना बेहद मुश्किल है जो भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को मदद करता है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा यह बात कहते हैं कि उन्हें यह संकल्प लेना होगा कि वे सीमा पार आतंकवाद को न तो बढ़ावा देंगे और न ही प्रायोजित करेंगे। हमें उम्मीद है कि हम एक दिन इस चरण में भी पहुंचेंगे। 2014 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने नई दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था। उसके बाद भारत आने वाले पहले पाकिस्तान मत्री होंगे बिलावल भुट्टो। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के मद्देनजर पिछले हफ्ते बिलावल ने कहा कि था कि उनकी भारत यात्रा को द्विपक्षीय संबंधों के परिपेक्ष्य में नहीं देखा जाना चाहिए। सम्मेलन चार और पांच मई को होना है।

## पूर्वी लद्दाख...

बैठक का 18वां दौर 23 अप्रैल को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी क्षेत्र की ओर स्थित चुशुल-मोल्डो सीमा केंद्र पर हुआ। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की 27 तथा 28 अप्रैल को होने वाली बैठक में हिस्सा लेने के लिए चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू की भारत यात्रा से पहले वार्ता आयोजित की गई। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बयान में कहा, प्रासंगिक मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच दोस्ताना व स्पष्ट बातचीत हुई। बयान के अनुसार, दोनों देशों के नेताओं के मार्गदर्शन में और दोनों विदेश मंत्रियों के बीच बैठक की उपलब्धियों के आधार पर दोनों पक्ष सैन्य तथा राजनयिक माध्यम से निकट संपर्क तथा संवाद बनाए रखने, चीन-भारत सीमा के पश्चिमी क्षेत्र पर प्रासंगिक मुद्दों के समाधान को गति देने और सीमा क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमत हुए।

## पाक के...

का जिक्र किया। इस पर कंबोज ने कहा, अंत में, इस सम्मानित मंच ने आज एक स्थाई प्रतिनिधि द्वारा कुछ बेकार की टिप्पणियां सुनीं जो विशुद्ध रूप से अज्ञानता और विऔपनिवेशीकरण के बुनियादी तथ्यों पर समझ की कमी के कारण की गईं।

## यौन शोषण...

संपर्क करने का उपाय उपलब्ध है। पीठ ने सवाल किया, क्या आरोप हैं। सिब्बल ने कहा कि एक नाबालिग पहलवान सहित सात पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, लेकिन इस पहलू पर बहुत स्पष्ट कानून होने के बावजूद अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि एक समिति की रिपोर्ट है जो सार्वजनिक नहीं की गई है। अदालती फैसलों का हवाला देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि इस तरह के अपराध में प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के लिए पुलिसकर्मी पर भी मुकदमा चलाया जा सकता है। दलीलों पर गौर करते हुए पीठ ने कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकीं पहलवानों ने याचिका में गंभीर आरोप लगाए हैं। न्यायालय को इस पर गौर करने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि याचिका पर सुनवाई की जा रही है। याचिकाकर्ताओं की पहचान जाहिर नहीं की जाए। सिर्फ संपादित याचिका सार्वजनिक की जाए। नोटिस जारी किया जाए।

## मानहानि मामले...

बाद गांधी को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। राहुल गांधी 2019 में केरल के वायनाड से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। सूरत की सत्र अदालत ने कांग्रेस नेता को दोषी ठहराए जाने के फैसले पर रोक लगाने की उनकी अर्जी 20 अप्रैल को खारिज कर दी थी। गांधी इस मामले में फिलहाल जमानत पर हैं।

## हाईस्कूल में...

बालिकाओं ने बाजी मारी है। दोनों की परीक्षाओं में बालकों की अपेक्षा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत अधिक रहा है। यूपी बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में हाईस्कूल में सीतापुर की प्रियांशी सोनी ने 98.33 प्रतिशत (590-600) अंक प्राप्त कर प्रदेश में टॉप किया है। वहीं 97.83 प्रतिशत (587-600) अंक पाकर कानपुर देहात के कुशाग्र पाण्डेय और अयोध्या के मिश्कत नूर दूसरे पायदान पर हैं। इसी तरह 97.67 प्रतिशत अंक (586-600) पाकर मथुरा के कृष्णा झा, पीलीभीत के अर्पित गंगवार और श्रेयांशी सिंह तीसरे स्थान पर हैं। वहीं इंटरमीडिएट में महोबा के शुभ छपरा ने 97.80 प्रतिशत (489-500) अंक पाकर प्रदेश में टॉप किया है। जबकि पीलीभीत के सौरभ गंगवार और इटावा की अनामिका ने 97.20 प्रतिशत (486.500) अंक पाकर दूसरे स्थान पर रहे हैं। इसी प्रकार फतेहपुर के प्रियांशु उपाध्याय, फतेहपुर की ही खुशी और सिद्धार्थ नगर की सुप्रिया 97.00 प्रतिशत (485-500) प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे हैं।

## राज्य व...

उनके अभिभावकों व गुरुजनों को हृदय से बधाई! आप सभी नए उत्तर प्रदेश के स्वर्णिम भविष्य के आधार स्तंभ हैं। मां सरस्वती की कृपा से आप सभी का भविष्य उज्ज्वल हो, यही कामना है। सीएम योगी ने आगे लिखा कि 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तर पर शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर और जनपद स्तर पर शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जनपद स्तर पर राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## मुस्लिमों के...

आज दाखिल करूंगा, लेकिन समस्या यह है कि मैं (सॉलिसिटर जनरल) व्यक्तिगत समस्या का सामना कर रहा हूं। मुझे समलैंगिक विवाह से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही संविधान पीठ के सामने भी दलील रखनी है। कृपया इस मामले को किसी और दिन के लिए सूचीबद्ध करें। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने मेहता द्वारा स्थगन के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि सुनवाई पहले ही चार बार टाली जा चुकी है। मेहता ने कहा कि अदालत द्वारा पारित अंतरिम आदेश पहले से ही याचिकाकर्ताओं के पक्ष में है।

## कांग्रेस सत्ता...

होगी और कर्नाटक दंगों की चपेट में रहेगा। शाह ने कहा, अगर कांग्रेस गलती से सत्ता में आ जाती है तो भ्रष्टाचार चरम पर होगा और तुष्टीकरण का बोलबाला होगा। शाह कर्नाटक के दो दिवसीय दौरे पर हैं और अपनी पार्टी के नेताओं के साथ जनसभाओं, रोड शो और समीक्षा बैठकों में भाग ले रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस को भाजपा से शामिल हुए दो बड़े नेताओं- पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर और पूर्व उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी से कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस ने लिंगायत समुदाय का हमेशा अपमान किया है और इतने साल तक राज्य में अपने शासन में वह केवल दो लिंगायत मुख्यमंत्री-एस निजालिंगप्पा और वीरेंद्र पाटिल दे सकी और दोनों को ही अपमानित कर पार्टी से निकाला गया। शाह ने कहा कि भाजपा से आए नेताओं के आधार पर वोट मांगने से पता चलता है कि कांग्रेस कितनी दिवालिया हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा को हटाने के लिए जनता दल (सेक्यूलर) के साथ हाथ मिलाया था।

## कर्नाटक को...

की एक हालिया टिप्पणी को लेकर मंगलवार को सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा प्रहार किया और कहा कि कर्नाटक को मौजूदा समय के किसी नेता के आशीर्वाद की जरूरत नहीं है और वोट नहीं देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आशीर्वाद नहीं मिलने की धमकी देना राज्य की जनता का अपमान है। कांग्रेस महासचिव ने नड्डा का नाम लिए बगैर कहा, आज भाजपा के नेता धमकी दे रहे हैं कि अगर वोट नहीं दिया तो मोदी जी का अशीर्वाद नहीं मिलेगा। जिस जनता को बसवन्ना जी और नारायण गुरू जी ने अपना आशीर्वाद दिया हो, उसे आज के किसी नेता के आशीर्वाद की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी जनता का अपमान है। कांग्रेस ने पिछले दिनों ट्विटर पर नड्डा का एक वीडियो साझा किया था, उसमें उन्हें यह बोलते हुए सुना जा सकता है, कर्नाटक में विकास की गंगा बहती रहे इसलिए मैं कमल के निशान पर वोट मांगने आया हूं। कर्नाटक में विकास जारी रहे, निरंतर चलता रहे, यह चुनाव का मुद्दा है।

## ढोल-नगाड़े...

और उन जगहों पर भी स्वागत किया गया, जहां सेमी-हाई-स्पीड का स्टॉप नहीं था। रेल मार्ग के किनारे बने घरों में रहने वाले लोग बालकनी, छतों और यहां तक कि चारदीवारी पर भी खड़े थे, जबकि युवाओं ने ट्रेन के साथ तस्वीरें खिचवाईं। कुछ लोगों को गुजरती हुई ट्रेन के वीडियो बनाते हुए देखा गया। तिरुवनंतपुरम सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में लोग ट्रेन के संचालन के गवाह बने। उन्होंने तिरंगा लहराया, ट्रेन पर फूल बरसाए, और ट्रेन के स्टेशन से रवाना होने पर जोरदार तरीके से तालियां बजाईं।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 26 अप्रैल, 2023



# बाइडन 2024 में फिर लड़ेंगे राष्ट्रपति का चुनाव

शीर्ष पद के लिए फिर से दावेदारी की घोषणा की



भाषा। वाशिंगटन

**राष्ट्रपति जो** बाइडन ने अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप को हराने के तीन साल से भी कम समय में एक बार फिर 2024 में शीर्ष पद के लिए अपनी दावेदारी की मंगलवार को घोषणा की। उन्होंने लोकतंत्र को बचाने और काम पूरा खत्म करने के लिए अमेरिकियों से फिर से उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ उन्हें चुनने का आह्वान करते हुए अपनी दावेदारी की शुरुआत की। डेमोक्रेटिक पार्टी के बाइडन (80) ने तीन मिनट के एक प्रचार वीडियो में यह घोषणा की। इस वीडियो की शुरुआत एक शब्द फ्रीडम के साथ होती है। राष्ट्रपति बाइडन कई दशकों से राजनीति में सक्रिय रहे हैं। बाइडन की दलील है कि 2024 में चुनावों में गर्भपात के अधिकार, लोकतंत्र की रक्षा, मतदान के अधिकार और सामाजिक सुरक्षा तंत्र सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक होंगे। अमेरिकियों की हर पीढ़ी ने एक ऐसे क्षण का सामना किया है जब उन्हें लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए खड़े होना पड़ा। उनकी मौलिक स्वतंत्रता के लिए खड़े होना पड़ा। मेरा मानना है कि यह हमारे अधिकार हैं। यही कारण है कि मैं फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूं। हमारे साथ जुड़िए। आइए इस काम को संपन्न करें। अपनी दावेदारी के लिए औपचारिक रूप से चुनाव अभियान की घोषणा करते हुए बाइडन ने कहा कि अमेरिकियों की हर पीढ़ी ने एक ऐसे क्षण का सामना किया है जब उन्हें लोकतंत्र की रक्षा करनी है, हमारी व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा के लिए खड़े होना है, और हमारे मतदान के अधिकार और हमारे नागरिक अधिकारों के लिए खड़े होना है। यह हमारा है। आइए इसे पूरा करते हैं। मौजूदा उपराष्ट्रपति भारतीय-अमेरिकी कमला हैरिस 2024 में भी इस पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से दावेदारी पेश करेंगी। उनके प्रचार अभियान में कहा गया, जो और कमला फिर से चुनाव के लिए मैदान में हैं, और इस बात के प्रसार के लिए हमें आपकी मदद की जरूरत है। वीडियो में बाइडन ने 2024 के चुनाव को रिपब्लिकन अतिवाद के खिलाफ लड़ाई करार दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें राष्ट्र के चरित्र को बहाल करने के लिए अपने संकल्प को पूरी तरह से साकार करने के वास्ते और समय चाहिए। उन्होंने वीडियो में कहा, जब मैं चार साल पहले राष्ट्रपति पद के लिए खड़ा हुआ था, मैंने कहा था कि हम अमेरिका की आत्मा के लिए लड़ रहे हैं। और हम अब भी लड़ रहे हैं। हम जिस प्रश्न का सामना कर रहे हैं वह यह है कि आने वाले वर्षों में हमारे पास अधिक स्वतंत्रता है या कम स्वतंत्रता, अधिक अधिकार हैं या कम। वीडियो छह जनवरी 2021 के उपद्रव और गर्भपात अधिकार कार्यकर्ताओं के अमेरिकी उच्चतम न्यायालय में विरोध की तस्वीरों के साथ शुरू होता है। हम जिस प्रश्न का सामना कर रहे हैं वह यह है कि क्या आने वाले वर्षों में हमारे पास अधिक स्वतंत्रता होगी या कम। अधिक अधिकार होंगे या कम। बाइडन ने कहा, मुझे पता है कि मैं क्या जवाब चाहता हूं और मुझे लगता है कि आप भी जानते हैं। यह संतुष्ट होने का समय नहीं है। इसलिए मैं दोबारा चुनाव लड़ रहा हूं। बाइडन बीती नवंबर में 80 साल के हो गए। अगर वह 2024 में दोबारा चुने जाते हैं तो वह अमेरिकी इतिहास में अब तक के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति होंगे। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वर्तमान में अगले नवंबर में उन्हें चुनौती देने के लिए पार्टी के नामांकन को जीतने के लिए रिपब्लिकन का नेतृत्व कर रहे हैं। दो भारतीय अमेरिकी निक्की हेली और विवेक रामास्वामी भी रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की दावेदारी की दौड़ में हैं।

## पाकिस्तानी सेना प्रमुख रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए चीन के दौरे पर

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चीन की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। पिछले साल नवंबर में पाकिस्तानी सेना का पदभार संभालने के बाद से यह जनरल मुनीर की चौथी विदेश यात्रा है। जनवरी में उन्होंने सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा किया था। उसके बाद, उन्होंने सुरक्षा से संबंधित रणनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के निमंत्रण पर वहां का दौरा किया था। ब्रिटेन यात्रा के बाद जनरल मुनीर ने फिर से संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया था। सेना की मीडिया शाखा ने सोमवार को एक बयान में कहा, थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को बढ़ाने के लिए चीन की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बढ़ते दबाव के बीच सेना प्रमुख की यह यात्रा चीन से कम से कम छह अरब अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता की व्यवस्था करने के लिए है। हालांकि, यात्रा के वित्तीय उद्देश्य के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के बाद चीन एकमात्र देश है जो पाकिस्तान को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करता है। अब तक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने पाकिस्तान को तीन अरब अमेरीकी डॉलर देने का ऐलान किया है।

## यूएनएससी की कार्यप्रणाली में बड़े सुधार की भारत की मांग बिल्कुल उचित है : कंबोज

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** में भारत की राजदूत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की कार्यप्रणाली में बड़े सुधार की भारत की मांग बिल्कुल सही है क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को वैश्विक फैसले लेने से दूर रखा जाता है। कई वर्षों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग करने वालों में भारत अग्रणी है। राजदूत ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र में स्थाई सदस्यता पाने का हकदार है। वर्तमान में यूएनएससी में पांच स्थाई सदस्य - चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं। एक स्थाई सदस्य को ही किसी मूल प्रस्ताव पर वीटो का अधिकार होता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा, भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर हस्ताक्षर करने वाले शुरुआती संस्थापक सदस्य देशों में से एक है।

### चीन 29 अप्रैल से कोविड न्यूक्लिक एसिड जांच की जरूरत खत्म करेगा

बीजिंग। चीन ने मंगलवार को कहा कि वह देश में आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 29 अप्रैल से कोविड-19 न्यूक्लिकएसिड जांच की अनिवार्यता को खत्म कर देगा। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन आने वाले यात्रियों को 29 अप्रैल से कोविड-19 न्यूक्लिक एसिड जांच की रिपोर्ट प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन उड़ान भरने से 48 घंटे के भीतर की एंटीजन जांच रिपोर्ट देनी होगी। माओ ने कहा, 29 अप्रैल से यात्री विमान में सवार होने से 48 घंटे पहले न्यूक्लिकएसिड टेस्ट के अलावा एंटीजन टेस्ट कराने का विकल्प चुन सकते है। विमान कंपनियां अब प्रस्थान से पहले के परीक्षण के परिणामों की जांच नहीं करेंगी।

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पूर्व पति ने महिला डांसर की गोली मारकर हत्या की

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 26-वर्षीया मशहूर स्टेज डांसर की उसके पूर्व पति ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार को पंजाब के हाफिजाबाद जिले में हुई। पुलिस के अनुसार, मुल्तान जिले की एक स्टेज डांसर मुनाजा मुल्तानी उर्फ आशी सोमवार को हाफिजाबाद शहर मे अपने घर पर थी, तभी उसका पूर्व पति जुबैर अपने पांच साथियों के साथ उसके घर मे घुस गया और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। मुल्तानी की मां शाहिदा बीबी ने पुलिस को बताया कि जुबैर और मुल्तानी को एक बेटा भी है।

### चीनी पत्रकार पर जासूसी के आरोपः परिवार

बीजिंग। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से संबद्ध एक अखबार में काम कर चुके और हार्वर्ड विश्वविद्यालय मे फेलोशिप प्राप्त कर चुके एक वरिष्ठ चीनी पत्रकार को एक रेस्तरां में जापान के एक राजनयिक के साथ मुलाकात करते हुए हिरासत मे लिया गया था और उन पर जासूसी के आरोप लगाए गए है। पत्रकार के परिवार ने सोमवार को यह जानकारी दी। गुआंगमिंग डेली अखबार के संपादकीय विभाग के उप प्रमुख डोंग यूयू के परिवार के अनुसार वह वैश्विक परिस्थितियों को समझने मे मदद के लिए विदेशी पत्रकारो और राजनयिको से मुलाकात करते थे।

### जासूसी के शक में स्वीडन ने रूसी दूतावास के पांच कर्मियों को निकाला

स्टॉकहोम। स्वीडन ने मंगलवार को रूस को सूचित किया कि स्टॉकहोम में रूसी दूतावास के पांच कर्मचारियो को उन पर जासूसी का संदेह होने के कारण देश छोड़ने के लिए कहा गया है। विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम ने कहा कि उनकी गतिविधियां उनकी राजनयिक स्थिति के साथ असंगत है। करीब दो हफ्ते पहले पड़ोसी देश नॉर्वे ने कहा था कि वह देश से 15 रूसी राजनयिको को निकाल रहा है और उन्हें जासूस बताया था।

### अब चीन को सबसे बड़े सैन्य खतरे के रूप में देखते हैं भारतीय : रो खन्ना

वाशिंगटन। प्रभावशाली भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने कहा कि भारतीय अब चीन को अपने सबसे बड़े सैन्य खतरे के रूप में देखते है न कि पाकिस्तान को और उन्होंने बीजिंग के साथ रचनात्मक तरीके से पुनः संतुलन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत और चीन के बीच मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद से ही दोनों देशों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण है। दोनों देशों ने इस गतिरोध को हल करने के लिए उच्च स्तरीय सैन्य कमांडर स्तर की 17 दौर की वार्ता की है। भारत ने कहा है कि सीमावर्ती इलाको में शांति कायम होने तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नही हो सकते।

## रूस ने यूक्रेन युद्ध की आलोचना करने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की

भाषा। तल्लिन (एस्टोनिया)

**रूस की अदालत** ने दोस्त के साथ फोन पर बातचीत करने के दौरान यूक्रेन युद्ध की आलोचना करने पर एक पूर्व पुलिस अधिकारी को देश की सेना के बारे में भ्रामक सूचना फैलाने का दोषी करार दिया है। अदालत ने यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद क्रेमलिन द्वारा लाए गए नए कानून के तहत पूर्व अधिकारी सेमिल वेडेल को सोमवार को सात साल कारावास की सजा सुनाई। आरोप है कि रूस की सरकार इस कानून का इस्तेमाल विरोधियों की आवाज दबाने के लिए कर रही है। दोषी करार दिए गए अधिकारी को रिहा होने के बाद अगले चार साल तक पुलिस में काम करने की अनुमति नहीं होगी। अधिकारियों ने वेडेल पर आरोप लगाया कि उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्वाई को लेकर रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक बयान से अलग जाकर भ्रामक सूचना फैलाई। मामले के अभियोजक के मुताबिक वेडेल ने पिछले साल तीन बार अपने मित्र से बात की और इस दौरान रूस का उल्लेख हत्यारे देश के तौर पर किया, अभिवादन के दौरान यूक्रेन का महिमामंडन किया और दावा किया कि युद्ध में रूस को भारी नुकसान हुआ है।

### प्रौद्योगिकी की डिग्री होने के बावजूद करना पड़ रहा है कब्रों की खुदाई का काम

क्रिवी रीह (यूक्रेन)। यूक्रेन के इस शहर में एक कब्रिस्तान के दो-दो मीटर तक खुदे चार भूखंड रूस के साथ युद्ध में मारे गए देश के सैनिकों को दफन करने के लिए है जहां सुबह से कब्र की खुदाई का काम शुरू हो जाता है। ओलेह इवसेंको (29) और एंड्रिल कुजनेत्सोव (23) पौ फटने की कब्रों की खुदाई में लग जाते है और सूरज छिपने तक इस काम में लगे रहते है। कुजनेत्सोव ने कभी नहीं सोचा था कि उसे यह काम करना पड़ेगा। उसके पास प्रौद्योगिकी की स्नातक डिग्री है। उसने कहा कि उसके पास कोई काम नहीं था और उसे पैसों की सख्त जरूरत थी। कीव से करीब 400 किलोमीटर दूर इस शहर के मुख्य कब्रिस्तान में आज चार सैनिकों को दफ्न किया जाएगा।

## यूक्रेन के संग्रहालय पर रूसी सैन्य बलों के हमले में दो लोगों की मौत, 10 घायल

भाषा। कीव



**रूसी सैन्य** बलों ने यूक्रेन के शहर कुपियांस्क में संग्रहालय की इमारत पर ताबड़तोड़ मिसाइल दागीं जिससे दो लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि रूसी सेना ने खारकीव क्षेत्र में कुपियांस्क के संग्रहालय पर हमला करने के लिए एस-300 वायु रक्षा मिसाइल का इस्तेमाल किया। रूसी सेना ने हमला करने के लिए कई बार एस-300 का इस्तेमाल किया है, लेकिन यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली इसे नष्ट नहीं कर सकी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने घटनास्थल से एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें ध्वस्त हुई इमारत और आपातकालीन सेवा के कर्मियों को नुकसान का पता लगाते हुए दिखाया गया है। आतंकी देश हमें पूरी तरह बर्बाद करने के लिए हर मुमकिन प्रयास कर रहा है। हमारे इतिहास, हमारी संस्कृति, हमारे लोगों पर निरंतर हमले किए जा रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि हमले में संग्रहालय के एक कर्मचारी की मौत हो गई। खारकीव के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव ने कहा कि मलबे से एक और शव निकाला गया। सिनेहुबोव ने कहा कि तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि सात लोगों को मामूली चोट आई। हमले के शुरुआती दिनों में रूसी सेना ने कुपियांस्क पर कब्जा कर लिया था लेकिन सितंबर में यूक्रेन की सेना ने इस पर फिर से नियंत्रण बना लिया।

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख और पश्चिमी देशों ने यूक्रेन मुद्दे पर रूस के शीर्ष राजनयिक को फटकारा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख और पश्चिम देशों के प्रतिनिधियों ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र की एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे रूस के शीर्ष राजनयिक को फटकारा और आरोप लगाया कि रूस यूक्रेन पर हमला कर संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का उल्लंघन कर रहा है और उसके क्षेत्र पर कब्जा कर रहा है। रूस के विदेश मंत्री ने इसके जवाब में अपने देश की सैन्य कार्वाई का बचाव किया और आरोप लगाया कि अमेरिका और उसके सहयोगी तीसरे विश्वयुद्ध को रोकने के लिए गठित संयुक्त राष्ट्र की नीव वैश्विक कूटनीति को कम कर रहे है।

## प्रिंस विलियम को फोन हैक मामले के निपटारे में मिली काफी बड़ी रकम

**लंदन।** रूपर्ट मर्डोक की मीडिया कंपनी की ब्रिटिश अखबार शाखा से ब्रिटिश सिंहासन के उत्तराधिकारी प्रिंस विलियम को फोन हैकिंग के लिए 2020 के समझौते में चुपचाप बहुत बड़ी राशि प्राप्त हुई थी। प्रिंस विलियम के भाई के एक मुकदमे में मंगलवार को प्रसारित अदालती दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। प्रिंस हैरी के वकील ने दलीलों के अंत में रहस्योद्घाटन किया कि द सन और अब बंद हो चुके न्यूज ऑफ द वर्ल्ड के प्रकाशक के खिलाफ हैरी का मुकदमा खारिज क्यों नहीं किया जाना चाहिए। वाद में आरोप लगाया गया है कि समाचार पत्रों ने दो दशक पुराने एक स्कैंडल में अवैध रूप से जानकारी एकत्र की।

### चीन में भारत के राजदूत ने राष्ट्रपति शी को परिचय पत्र सौंपा

**बीजिंग।** बीजिंग में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने सोमवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग को अपना परिचय पत्र सौंपा। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, राष्ट्रपति शी ने रावत समेत चीन में 70 राजदूतों के परिचय पत्र प्राप्त किए। शी को परिचय पत्र सौंपने वाले राजदूतों में चीन में अमेरिका के राजदूत रॉबर्ट निकोलस बर्न्स भी शामिल रहे। रावत ने मार्च 2022 में बीजिंग में भारत के राजदूत के तौर पर विक्रम मिसरी का स्थान लिया था। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1990 बैच के अधिकारी रावत पहले नीदरलैंड में भारत के राजदूत थे।

### नीली को इमिग्रेंट अचीवमेंट अवार्ड

**वाशिंगटन।** पेन स्टेट यूनिवर्सिटी की भारतीय-अमेरिकी अध्यक्ष नीली बेंदापुडी को अमेरिका मे उच्च शिक्षा मे उनके योगदान के लिए इस साल का प्रतिष्ठित इमिग्रेंट अचीवमेंट अवार्ड दिया जाएगा। अमेरिकी विरासत के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए यह पुरस्कार हर साल किसी व्यक्ति या संगठन को दिया जाता है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of our Client ICICI Bank Ltd. that Dr. Udai Pratap Singh Chauhan was the owner of Flat No. 5A, on Ground floor, in Block IB, in the layout plan of Housing Estate at Ashok Vihar, Phase-I, Category MIG, at Wazirpur, New Delhi "the said property" by virtue of Conveyance deed dated 15.03.2001, registration No. 2984, after demise of Late Dr. Udai Pratap Singh Chauhan & his wife Late Mrs. Rama Chauhan, their legal heirs Mr. Rajeev Singh Chauhan, Mr. Sanjeev Chauhan, Mr. Sharad Chauhan are claiming owners of said property. All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned claiming owners want to sell the said property to Mr. Mahesh Chand Verma or his nominee who is taking Loan for purchase the said property from ICICI Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of above legal heirs in respect of the said property its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

For **Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi-15
E-mail: legal@knalegal.com, Ph: 011-41112527-28

### इस महीने के अंत तक दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन सकता है भारत : संरा

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत के** इस महीने के अंत तक दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में चीन को पीछे छोड़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भारत की आबादी 1.425 अरब पहुंचने की संभावना है। संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि भारत की आबादी के 2064 के बाद स्थिर होने का अनुमान है और सदी के अंत तक यह करीब 1.5 अरब होगी। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग के जनसंख्या मंडल के निदेशक जॉन विलमथ ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत के अप्रैल 2023 के दौरान दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में चीन को पीछे छोड़ने का अनुमान है।

## पाकिस्तानः शार्ट सर्किट को स्वात में धमाकों की वजह बताई, आतंकी साजिश से इनकार

भाषा। पेशावर (पाकिस्तान)

**पुलिस ने देश** के अशांत उत्तर-पश्चिम हिस्से में एक आतंकवाद-निरोधक केंद्र में हुए दोहरे विस्फोट के पीछे आतंकवाद का हाथ होने से मंगलवार को इनकार करते हुए कहा कि ए धमाके विद्युत शार्ट सर्किट की वजह से हुए थे। सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की स्वात घाटी में काबल थाने के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) में हुए इन धमाकों में कम से कम 17 लोगों की जान चली गई थी और 70 घायल हुए थे। पुलिस उपमहानिरीक्षक (सीटीडी) खालिद सुहैल ने बताया कि धमाकों में जिन लोगों की मौत हुई, उनमें एक बच्ची, 12 पुलिसकर्मी और चार कैदी शामिल थे। आत्मघाती हमले के शुरुआती दावों का खंडन करते हुए सुहैल ने कहा कि सीटीडी थाने में हथियार एवं गोला-बारूद रखे गए थे तथा इन धमाकों की वजह संभवतः गोला-बारूद में विस्फोट थे। जियो न्यूज के अनुसार सुहैल ने कहा, वहां एक शस्त्रागार है।



### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 15 लोगों की मौत

**लाहौर,।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत मे दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं मे महिलाओ और बच्चो समेत कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रेस्क्यू 1122 के अनुसार, सोमवार को लाहौर से लगभग 350 किलोमीटर दूर लोधरन जिले में तेज रफ्तार तेल टैंकर की चपेट मे आने से एक घुमंतू परिवार के आठ सदस्यो की मौत हो गई, जिनमे महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

## इंडोनेशिया ने समुद्र में शक्तिशाली भूकंप के बाद जारी सुनामी की चेतावनी वापस ली

भाषा। जकार्ता

**इंडोनेशिया** ने मेंतावई द्वीप पर समुद्र के अंदर 7.1 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद जारी की सुनामी की चेतावनी मंगलवार को वापस ले ली। इस शक्तिशाली भूकंप के बाद क्षत्र में दहशत का माहौल पैदा हो गया था, हालांकि इससे कोई बड़ी क्षति या कोई हताहत नहीं हुआ है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने बताया कि उत्तरी सुमात्रा प्रांत के तटीय शहर दक्षिण नियास रीजेंसी में तेलुक डलाम के दक्षिण पूर्व में 170.4 किलोमीटर की दूरी पर समुद्र के अंदर 15 किलोमीटर की गहराई में भूकंप आया था। इस भूकंप के बाद कम से कम पांच बार 5.8 और 4.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। सुनामी की शुरुआती चेतावनी के बाद मौसम एजेंसी ने भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी वापस ले ली।

### संयुक्त राष्ट्र को संघर्ष विराम के बावजूद सूडान में और विस्थापन होने की आशंका

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने सूडान पर नियंत्रण को लेकर युद्धरत दो जनरल के बीच एक संघर्ष विराम होने के बावजूद देश से और अधिक लोगों का विस्थापन होने की मंगलवार को आशंका जताई। इस लड़ाई ने अफ्रीकी देश में अव्यवस्था पैदा कर दी है। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) की प्रवक्ता ओल्गा सरादो ने मंगलवार को कहा कि देश में 15 अप्रैल को झड़पें शुरू होने के बाद से कम से कम 20,000 सूडानियों ने भाग कर चाड में शरण ली है ।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Piramal Capital & Housing Finance Limited** that **Mrs. Preeti Vashisth** intends to purchase & mortgage the **Property No. F-8, on Ground Floor, without roof/terrace rights, admeasuring 58.08 Sq. Mts., situated at Sector-10, Raj Nagar, Ghaziabad (U.P.)** with our client against the financial assistance. Whereas **Mr. Surendra Singh** had acquired the Said Property by way of Lease of land and sale of superstructure dated 31-03-1999 and after death of Mr. Surendra Singh, his son **Mr. Gurpreet Singh Vohra** along with other legal heirs i.e. **1) Mrs. Amarjeet Kaur & 2) Ms. Simran Kaur Bhatia** intends to sell the same to **Mrs. Preeti Vashisth.**

If any person(s) having objection with regard to ownership/mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address. In the event no information is received within 07 days from date hereof, our Client i.e. **Piramal Capital & Housing Finance Limited** will proceed with the mortgage process.

DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE
A-13, LGF, South Extn-II,
New Dehi-49 # 011-40587824

## अकेले में जानवर दूसरों से जीवित रहने के गुर सीखते हैं

भाषा। सेंट एंड्रयूज



**बहुत** से जानवर समूहों में रहते हैं। इसका एक मुख्य लाभ साझा ज्ञान है। यह जानकारी जानवरों को समस्याओं से निपटने में मदद कर सकती है जैसे कि भोजन और साथी कहां खोजें, प्रवासन मार्गों का पालन कैसे करें और शिकारियों से कैसे बचें। समूह के सभी जीव एक दूसरे के लिए सूचना के मूल्यवान स्रोत होते हैं। उदाहरण के लिए, चूहे अपनी कॉलोनी के अन्य सदस्यों की सांसों को सूंघकर सीखते हैं कि किस प्रकार का भोजन खाना सुरक्षित है। जबकि भारतीय मैना पक्षी संकट में फंसे अपने साथियों की आवाज के माध्यम से शिकारियों के बारे में जान पाते हैं। ए जानवर एक दूसरे का अनुसरण, नकल और सीख कर अपने जीवित रहने की संभावना को बढ़ाते हैं। इस तरह से दूसरों से सीखने के इस व्यवहार को वैज्ञानिक ‘सामाजिक शिक्षा’ कहते हैं। लेकिन कई अन्य जानवर अपना जीवन अकेले बिताना पसंद करते हैं। ऐसे में क्या इन जानवरों को अकेला रहने के कारण इन समस्याओं का पता लगाना है? अकेले रहने वाले जानवरों की सामाजिक सीख से संबंधित साहित्य की हालिया समीक्षा में मैंने यही खोजा है। ऐसा प्रतीत होता है कि अकेले रहना दूसरों से सीखने में कोई बाधा नहीं है। कीट, ऑक्टोपस, मछली, शार्क, छिपकली, सांप, कछुआ और कछुआ की एकान्त प्रजातियों में सामाजिक शिक्षा के दर्जनों उदाहरण हैं। सामाजिक जीवन:इस बात पर आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि यह कतई जरूरी नहीं है कि एकाकी जानवर सामाजिक संपर्क से कटे हों। वास्तव में, कई जानवर अकेले रहने के बावजूद ऐसी समृद्ध सामाजिक दुनिया में रहते हैं जो अन्य जानवरों की आवाजों और सुगंध संकेतों से भरी हुई है - वे इन जानवरों के साथ नियमित रूप से संपर्क (और कभी-कभी संघर्ष) में भी आते हैं। जैसे समूह में रहने वाले जानवर अपने जैसे दूसरे जानवरों से मूल्यवान ज्ञान प्राप्त करते हैं, वैसे ही एकान्त जानवर भी प्राप्त कर सकते हैं। एक अध्ययन में पाया गया कि लकड़ी के झींगुर शिकारी मकड़ियों का सामना कर चुके अन्य झींगुरों के व्यवहार को देखकर सावधान रहना सीख सकते हैं। अन्य शोधों से पता चला है कि दक्षिण अमेरिका के लाल पैर वाले कछुए अन्य कछुओं को देख कर समझ सकते हैं कि कैसे किसी बाधा से दूर रहना है।

### कुछ जानवर दूसरों से बेहतर सीखते हैं

प्राकृतिक दुनिया में ज्ञान साझा करना एक महत्वपूर्ण तंत्र है, और कई अकेले जानवर इसमें सक्षम हैं। लेकिन कौन से जानवर सामाजिक संकेत सबसे अच्छे से ग्रहण करते हैं? समूह में रहने वाले जानवर एकान्त जानवरों की तुलना में अधिक बार सामाजिक जानकारी के संपर्क में आते हैं, इसलिए वे प्राकृतिक चयन या अनुभव के माध्यम से इसके प्रति अधिक अभ्यस्त हो सकते हैं। कुछ वैज्ञानिकों का तर्क है कि सामाजिक शिक्षा संज्ञानात्मक स्तर पर अन्य प्रकार के सीखने के समान है, सिवाय इसके कि सूचना का स्रोत पर्यावरण की कुछ निर्जीव विशेषता के बजाय एक अन्य जानवर होता है। हालांकि, यह संभव है कि सामाजिक सूचनाओं को इकट्ठा करने और संसाधित करने में शामिल इंद्रियों और मस्तिष्क क्षेत्रों को सामाजिक संकेतों के प्रति अधिक चौकस होने के लिए कई पीढ़ियां लगी हों।

**केसॉल्व्स इंडिया लिमिटेड**

KSOLVES Emerging Ahead Always

(सीआईएन : एल72900डीएल2014पीएलसी269020)
पंजी. कार्यालय : 317/276, द्वितीय तल, लेन नंबर 3, मेहरोली रोड, सईडुलअजब, साकेत, नई दिल्ली, साउथ दिल्ली-110030, भारत
कार्पो. कार्यालय : पैरेक्स/वर्कस्पेसेज, बी-4, प्रथम तल, बी ब्लॉक, सेक्टर-63, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301
फोन नंबर : +91-8962669996 ई-मेल : cs@ksolves.com; वेबसाइट : www.ksolves.com

**31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु लेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सारकित रूप**
(राशि लाख में)

| विवरण | 31-03-2023 को समाप्त तिमाही | 31-12-2022 को समाप्त तिमाही | 31-03-2022 को समाप्त तिमाही | 31-03-2023 को समाप्त पूर्व वर्ष हेतु वर्षांद्यतन आंकड़े | 31-03-2022 को समाप्त पूर्व वर्ष हेतु वर्षांद्यतन आंकड़े |
|---|---|---|---|---|---|
| | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| प्रचालनों से आय | 2274.47 | 2055.20 | 1422.53 | 7831.16 | 4,706.86 |
| कर पूर्व लाभ | 958.36 | 823.84 | 595.12 | 3293.56 | 2091.43 |
| कर पश्चात लाभ | 733.64 | 617.60 | 442.04 | 2472.04 | 1589.39 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय | 725.59 | 614.13 | 438.74 | 2444.98 | 1576.82 |
| प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य : रू. 10 प्रति शेयर) | 1185.60 | 1185.60 | 1185.60 | 1185.60 | 1185.60 |
| कुल संचेय (गैर-नियंत्रणकारी हितों सहित) | 1052.75 | 719.41 | 482.02 | 1052.75 | 482.02 |
| प्रति इक्विटी शेयर अर्जन मूल और तनुकृत | 6.19 | 5.21 | 3.73 | 20.85 | 13.41 |

**31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का सारकित रूप**
(राशि लाख में)

| विवरण | 31-03-2023 को समाप्त तिमाही | 31-12-2022 को समाप्त तिमाही | 31-03-2022 को समाप्त तिमाही | 31-03-2023 को समाप्त पूर्व वर्ष हेतु वर्षांद्यतन आंकड़े | 31-03-2022 को समाप्त पूर्व वर्ष हेतु वर्षांद्यतन आंकड़े |
|---|---|---|---|---|---|
| | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| प्रचालनों से आय | 2246.21 | 2028.13 | 1358.91 | 7711.65 | 4,534.58 |
| कर पूर्व लाभ | 933.28 | 821.28 | 580.56 | 3299.31 | 2029.03 |
| कर पश्चात लाभ | 718.26 | 613.21 | 435.30 | 2487.03 | 1543.95 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय | 710.21 | 609.74 | 432.00 | 2459.97 | 1531.38 |

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा (www.nseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट www.ksolves.com पर भी उपलब्ध है।
2. बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए रू. 8/- प्रति शेयर का अंतिम लाभांश भी, शेयरधारकों के अनुमोदन की शर्त के तहत, अनुमोदित किया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
केसॉल्व्स इंडिया लिमिटेड
हस्ता./-
रतन कुमार श्रीवास्तव
प्रबंध निदेशक

तिथि : 23-04-2023
स्थान : दिल्ली

# हमने नई कार्य संस्कृति आरंभ की: मोदी

**● सिलवासा में नमो चिकित्सा संस्थान राष्ट्र को समर्पित किया, पूर्ववर्ती सरकारों पर साधा निशाना**



**सिलवासा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां नमो चिकित्सा शिक्षा एवं शोध संस्थान राष्ट्र को समर्पित किया और कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान जहां परियोजनाओं में देरी होती थी, वहीं उनकी सरकार ने एक नई कार्य संस्कृति की शुरुआत की है। वह सिलवासा में एक चिकित्सा महाविद्यालय का उद्घाटन करने और केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव में 4,800 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न अन्य परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद बोल रहे थे। केंद्र द्वारा वित्त पोषित नमो चिकित्सा शिक्षा और शोध संस्थान केंद्र शासित प्रदेश का पहला चिकित्सा महाविद्यालय है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2019 में इसका शिलान्यास किया था। जिन सरकारी परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाती थी, उनमें देरी होती थी। नौ वर्षों में हमने देश में एक नई कार्यशैली विकसित की है। जिस कार्य की नींव रखी जाती है, उसे तेजी से पूरा करने का भी भरसक प्रयास किया जाता है। एक काम पूरा करते ही हम दूसरा काम शुरू कर देते हैं।

मोदी ने कहा कि देश का यह भी दुर्भाग्य रहा है कि अनेक दशकों तक विकास को राजनीति के वोटबैंक के तराजू पर ही तौला गया। उन्होंने कहा, परियोजनाओं की घोषणाएं होती थीं, लेकिन इसके केंद्र में कहां से कितना वोट मिलेगा और किस वर्ग को खुश करने से वोट मिलेगा, यह हुआ करता था। जिनकी पहुंच नहीं थी, जिनकी आवाज कमजोर थी, वो अभाव में रहे और विकास यात्रा में पीछे छूटते गए। यही कारण है कि हमारे आदिवासी और सीमावर्ती क्षेत्र विकास से वंचित रह गए। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा केंद्र सरकार सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही है। उन्होंने कहा, देश के हर क्षेत्र का विकास हो, देश के हर क्षेत्र का संतुलित विकास हो, इस पर हमारा बहुत जोर है। छात्र अब अपनी स्थानीय भाषाओं में चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसे पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर सकते हैं।

चिकित्सा महाविद्यालय का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने अस्पताल परिसर का दौरा किया और सुविधाओं का भी मुआयना किया। यह केंद्र शासित प्रदेश का पहला चिकित्सा महाविद्यालय है। पीएम ने अस्पताल के निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों से संवाद भी किया। केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली, दमन एवं दीव की राजधानी में 203 करोड़ रुपए की लागत से बने इस अत्याधुनिक चिकित्सा महाविद्यालय में नवीनतम अनुसंधान केंद्र, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं से सुसज्जित केंद्रीय पुस्तकालय, विशेष चिकित्सा कर्मचारी, चिकित्सा प्रयोगशालाएं, स्मार्ट लेक्चर हॉल, अनुसंधान प्रयोगशालाएं, शरीर रचना संग्रहालय, क्लब हाउस और खेल सुविधाएं शामिल हैं। इसमें छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए आवासीय परिसर की सुविधा भी मुहैया कराई गई है।

## हुगली से एक्यूआईएस का संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले से मंगलवार को अलकायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) के एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में आतंकवादी समूह के गिरफ्तार सदस्यों से पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर पश्चिम बंगाल विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के अधिकारियों ने दादपुर के एक घर पर छापा मारा और एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया जिसकी उम्र करीब 30 साल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति मूल रूप से मुर्शिदाबाद जिले के खारग्राम का निवासी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, संदिग्ध को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह हुगली अपने रिश्तेदार के घर आया था। उन्होंने बताया, संदिग्ध इस्लामिक स्टेट से प्रेरित था और अलकायदा के सक्रिय सदस्यों के संपर्क में था। वह आतंकवादी संगठन की विचारधारा को प्रोत्साहित करने के लिए जिम्मेदार था।

# केरल की राजधानी में प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत

**● झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में जुटे लोग**

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का, मंगलवार को केरल की राजधानी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने और वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने सहित कई परियोजनाओं की शुरुआत करने के सिलसिले में वे यहां पहुंचे हैं। तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री पिनरई विजयन और तिरुवनंतपुरम के सांसद तथा कांग्रेस नेता शशि थरूर ने उनका स्वागत किया। यहां से रेलवे स्टेशन की उनकी यात्रा एक रोड शो की तरह थी, क्योंकि हजारों लोग उनका स्वागत करने के लिए घंटों पहले से ही सड़कों के किनारे कतार में खड़े थे। लोगों ने उनके काफिले पर फूलों की बारिश भी की।

एसपीजी कर्मियों से घिरे अपने वाहन के फुटबोर्ड पर खड़े होकर प्रधानमंत्री ने सड़क के किनारे मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का अभिवादन किया। हवाई अड्डे से रेलवे स्टेशन तक के पूरे मार्ग पर हजारों लोगों के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक पार्टी के झंडे और मोदी की तख्तियां लिए एकत्र हुए थे। सड़क के किनारे हजारों लोगों के जमा होने के अलावा, रेलवे स्टेशन तक जाने वाले लगभग छह किलोमीटर लंबे मार्ग पर प्रधानमंत्री और वंदे भारत एक्सप्रेस के कटआउट भी लगाए गए थे। हवाई अड्डे से रेलवे स्टेशन तक की यात्रा के दौरान राज्य की पूरी राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और सैकड़ों पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। इस दौरान कड़े यातायात प्रतिबंध भी लगाए गए थे।

प्रधानमंत्री जिस वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, वह 11 जिलों क्रमशः तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, कोट्टायम, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, पठानमथिट्टा, मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड स्थानों को कवर करेगी। वे यहां 3200 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। वह कोच्चि वाटर मेट्रो भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। कोच्चि शहर के साथ निर्बाध संपर्क के लिए बैटरी चालित इलेक्ट्रिक हाइब्रिड नौकाओं के माध्यम से कोच्चि के आसपास के 10 द्वीपों को जोड़ने वाली यह अपनी तरह की अनूठी परियोजना है। डिंडीगुल-पलानी-पलक्कड़ खंड का रेल विद्युतीकरण किया गया है प्रधानमंत्री इसे भी देश को समर्पित करेंगे। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री विभिन्न रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। वे तिरुवनंतपुरम, कोझिकोड, वर्कला, शिवगिरी रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और निमोन व कोचुवेली सहित तिरुवनंतपुरम क्षेत्र के व्यापक विकास और तिरुवनंतपुरम-शोरानूर खंड की सेक्शनल गति में वृद्धि की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री तिरुवनंतपुरम में डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला भी रखेंगे। डिजिटल साइंस पार्क की परिकल्पना शिक्षाविदों के सहयोग से उद्योग और व्यावसायिक इकाइयों द्वारा डिजिटल उत्पादों और सेवाओं को विकसित करने के लिए एक प्रमुख शोध सुविधा के रूप में की गई है।

# प्रधानमंत्री मोदी 29 को काशी तेलुगू संगमम कार्यक्रम को संबोधित करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आयोजित होने वाले काशी तेलुगू संगमम कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम ऐसे समय में आयोजित किया जाएगा जब बड़ी संख्या में तेलुगु भाषी तीर्थयात्री 12 दिनों तक होने वाले धार्मिक समागम गंगा पुष्कर अलू के दौरान वाराणसी पहुंच रहे हैं। भाजपा सांसद जी वी एल नरसिम्हा राव ने कहा कि तेलुगू लोगों से जुड़े आश्रमों और धर्मशालाओं का संगठन श्री काशी तेलुगू समिति संगमम का आयोजन कर रहा है। राव इस कार्यक्रम के समन्वयक और श्री काशी तेलुगू समिति के अध्यक्ष भी है।

गंगा नदी के मानसरोवर घाट पर आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय कार्यक्रम में वाराणसी और तेलुगू भाषी लोगों की आबादी वाले दो राज्यों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच प्राचीन सभ्यतागत संबंधों को रेखंकित किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

इस कवायद को दक्षिणी राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा की जड़ें मजबूत करने के मोदी के प्रयासों के हिस्से के रूप में भी देखा जा रहा है। वाराणसी ने एक महीने तक चलने वाले काशी तमिल संगमम की भी मेजबानी की थी। राव ने कहा, गंगा पुष्कर अलू के दौरान लाखों लोग गंगा में पवित्र स्नान के लिए और विभिन्न अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए वाराणसी पहुंच रहे हैं। यह बहुत पवित्र अवधि है। प्रधानमंत्री ऐसे हजारों तीर्थयात्रियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी दोनों क्षेत्रों के बीच प्राचीन सभ्यतागत जुड़ाव को रेखांकित करेंगे। उन्होंने वाराणसी की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए प्रधानमंत्री की सराहना की।

## आदि शंकराचार्य के संदेशों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना समाहितः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय दार्शनिक आदि शंकराचार्य की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके आध्यात्मिक संदेशों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना समाहित है, जो युगों तक देशवासियों की प्रेरणाशक्ति बनी रहेगी। शंकराचार्य जयंती 25 अप्रैल को मनाई जाएगी। इसे सनातन धर्म में महत्वपूर्ण समारोहों में से एक माना जाता है। यह समारोह आदि शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। आदि शंकराचार्य आठवीं शताब्दी के भारतीय दार्शनिक और धर्मविज्ञानी थे। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, अद्वैत वेदांत के सूत्रधार और भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण के प्रणेता जगद्गुरु आदि शंकराचार्य जी को उनकी जन्म-जयंती पर कोटि-कोटि नमन। उनके आध्यात्मिक संदेशों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना समाहित है, जो युग-युगांतर तक देशवासियों की प्रेरणाशक्ति बनी रहेगी।

# भारतीय लोक लेखा सेवा के अधिकारी अनुकरणीय प्रणाली विकसित करें: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के समतामूलक एवं समावेशी विकास में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करते हुए मंगलवार को कहा कि भारतीय लोक लेखा सेवा के महत्वपूर्ण उत्प्रेरक के रूप में इसके अधिकारियों से ऐसी प्रणाली विकसित एवं लागू करने की अपेक्षा की जाती है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मॉडल बन सके। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मू ने यह बात 2018-2021 बैच के भारतीय लोक लेखा सेवा के अधिकारियों से भेंट के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस सेवा के अधिकारी देश के वित्तीय प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और युवा लोक सेवकों के रूप में उनसे लोक प्रशासन और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने में उत्कृष्ठता की अपेक्षा की जाती है।



मुर्मू ने कहा कि उनकी (अधिकारियों) नियुक्ति चाहे जिस विभाग में हुई हो, उन्हें अपने काम के उद्देश्यों के प्रति सजग रहना चाहिए और इस प्रक्रिया में मकसद नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को प्रक्रिया का पालन करते हुए उद्देश्य से भटकना नहीं चाहिए तथा सार्वजनिक कल्याण और देश के समावेशी विकास के उद्देश्य से काम करना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन की ठोस व्यवस्था देश के समतामूलक एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देने में सहायक होती है तथा भारतीय लोक लेखा सेवा के महत्वपूर्ण उत्प्रेरक के रूप में अधिकारियों से ऐसी प्रणाली विकसित एवं लागू करने की अपेक्षा की जाती है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मॉडल बन सके। उन्होंने कहा कि हमने प्रशासनिक प्रणाली में प्रौद्योगिकी के उपयोग से काफी बेहतरी देखी है तथा डिजिटलीकरण एवं ऑनलाइन सेवा प्रदान करने से सार्वजनिक प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही काफी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के उपयोग ने देश में प्रशासन के मानक बदल दिए हैं जहां शासन प्रणालियों में प्रौद्योगिकी के उपयोग में तेज बदलाव देखा गया है। मुर्मू ने कहा कि नए लेखा साफ्टवेयर और क्लाउड भंडारण प्रौद्योगिकी के आने से लेखा प्रक्रिया काफी सुगम एवं सटीक हुई है।

## क्विक न्यूज

### अतीक के बहनोई को सरकारी डॉक्टर के पद से निलंबित किया गया

**मेरठ (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद में तैनात डॉक्टर अखलाक को मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग से निलंबित कर दिया गया। मेरठ के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर अखिलेश मोहन ने अखलाक को निलंबित किए जाने की पुष्टि करते हुए पीटीआई-भाषा को बताया कि शासन के आदेश पर मंगलवार को यह कार्वाई की गई। बसपा विधायक राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के मामले के प्रमुख गवाह उमेश पाल की इस साल 24 फरवरी को हत्या करने के आरोपियों को आश्रय देने और पैसे मुहैया कराने के आरोप में अखलाक अहमद को इस महीने की शुरुआत में गिरफ्तार किया गया था। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि डॉक्टर अखलाक मेरठ जनपद में भावनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में तैनात था। एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक बृजेश सिंह ने पूर्व में कहा था कि अखलाक को उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक अप्रैल को नौचंदी से गिरफ्तार किया था और फिर प्रयागराज ले जाया गया था।

### सरकार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा मोर्चे पर आंतरिक असफलता स्वीकार करनी चाहिए : पनुन कश्मीर

**जम्मू।** कश्मीरी पंडितों के प्रमुख संगठन पनुन कश्मीर ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पिछले सप्ताह पुंछ में हुए आतंकवादी हमले ने जम्मू-कश्मीर में खराब होती सुरक्षा व्यवस्था को उजागर कर दिया है। पनुन कश्मीर के अध्यक्ष अजय चुरुंगू ने कहा कि वे चाहते है कि उप राज्यपाल नीत केंद्र शासित प्रदेश और केंद्र की सरकार सुरक्षा प्रतिष्ठानों और राजनीतिक नेतृत्व के स्तर पर सुरक्षा मामलों की निगरानी के मोर्चे पर मिली आंतरिक असफलता को स्वीकार करे। उल्लेखनीय है कि पुंछ में 20 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद ट्रक में आग लग गई थी जिसमे सेना के पांच जवान मारे गए थे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, पुंछ में पांच सैनिकों की हत्या सरकार के सामान्य स्थिति के दावे को उजागर करती है जोकि लंबे समय से यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि जम्मू-कश्मीर मे आतंकवाद के खिलाफ जंग उन्होंने जीत ली है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार किया जाना जरूरी है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों में न केवल पाकिस्तान की भूमिका है बल्कि भीतर छिपी जिहादी ताकतें भी जिम्मेदार है।

### समाज में समानता आने तक सेवा की जरूरत : भागवत

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि समाज मे जबतक समानता नही आ जाती, तब तक सेवा जरूरी है। सरकार अकेले सबकुछ नही कर सकती और देश को चलाने की जिम्मेदारी सबकी है। भागवत यहां स्थित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल मे श्री सिद्धिविनायक सेवा फाउंडेशन द्वारा दीनदयाल थाली शुरू करने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होने कहा, हमें अपने देश मे तबतक सेवा की जरूरत है, जबतक सभी (विकास के मामले में) समान स्तर तक पहुंच नही जाते। भागवत ने कहा, यह उपलब्धि प्राप्त करने के बाद हमें वैश्विक स्तर पर इसी तरह की समानता लाने के लिए काम करना चाहिए।

### मन की बात सुनकर चुने रास्ता

**नई दिल्ली।** हममें से ज़्यादातर लोग अपने जीवन के लिए वहीं रास्ता चुनते हैं जिसे अक्सर चुना जाता है, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं तो दुनिया की बातों की परवाह न करते हुए अपने मन की आवाज सुनते हैं और अपने चुने रास्ते पर चलकर कामयाबी हासिल करते हैं। फ्लाईट का नया विज्ञापन- सर उठा, कदम बड़ा- उस भावना पर आधारित है जो हम सभी के भीतर गहराई से बसी है। यह विज्ञापन हमारे भीतर छिपी इस भावना के साथ हमें जोड़ता है। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए गौरव दुआ, एक्विटव डायरेक्टर (सेल्स एण्ड मार्केटिंग), रिलेक्सो ने कहा किइस विज्ञापन के माध्यम से ब्राण्ड फ्लाईट एक व्यक्ति की उन भावनाओं पर रोशनी डाल रहा है, जो अपने सपने साकार करने की मुश्किल यात्रा के दौरान उसके मन में आती है।

### परंपरा को आधुनिकता में मिलाए : नोएल

**नोएडा।** ट्रेंट लिमिटेड के चेयरमैन नोएल टाटा ने कहा कि हमारी परंपरा को आधुनिकता में मिलाकर हम अपने वस्तुओं को और लोकप्रिय बना सकते हैं। वह प्रीमियम ओकेजन वियर परिकल्पना समोह के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा हमें बहुत खुशी हो रही है। हमारी पारंपरिक जड़े समोह की प्रेरणा है, साथ ही आधुनिक सुंदरता के साथ हमने इसका मिलाप किया है। जिन्दगी के विशेष पलों के लिए खास खरीदारी करते हुए, में लक्जरी, आधुनिकता और सुबकता का आकर्षक स्पर्श मिलेगा। समोह में ऐसे सिलहट्स पर ध्यान केंद्रित किया गया है जो सुरुचिपूर्ण और आधुनिक होने के साथ-साथ पहनने वाले के व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करते हैं। समोह का शुभारंभ लखनऊ केपहले स्टोर से हो रहा है।

## राज्य के कल्याण के लिए मई में छह दिनों के यज्ञ की घोषणा की

**भाषा।** विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)

**आंध्र प्रदेश** सरकार राज्य के कल्याण और समृद्धि के लिए 12 मई से छह दिवसीय यज्ञ का आयोजन करेगी। राज्य के बंदोबस्ती आयुक्त एस सत्यनारायण ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एस सत्यनारायण ने एक बयान में कहा कि बंदोबस्ती विभाग विजयवाड़ा के इंदिरा गांधी नगर स्टेडियम में चंडीरूद्र, राज्य श्यामला, सुदर्शन, सहिता और श्री लक्ष्मी यज्ञ करेगा। उन्होंने यज्ञ स्थलों का दौरा करने के बाद कहा, आंध्र प्रदेश सरकार ने राज्य की समृद्धि, कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए इन परम पवित्र यज्ञों की योजना बनाई है। राज्य में 12 मई को शाम पांच बजे से शुरू होने वाले यज्ञों के अनुष्ठान चार पंडाल में होंगे, जिसमें 520 से अधिक पुजारी भाग लेंगे।

# नाबालिग की मौत मामले में भीड़ ने थाने में आग लगाई

**कालियागंज (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में धारा 144 के तहत लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर लोगों के एक समूह ने पिछले सप्ताह एक नाबालिग लड़की का शव मिलने के मामले में प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को कालियागंज थाने में आग लगा दी। भीड़ ने थाने की इमारत के पास खड़े दोपहिया वाहनों समेत कई वाहनों में भी आग लगा दी, जो जलकर राख हो गए। हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। कथित तौर पर आदिवासी और राजबंग्शी समुदायों से संबंधित लोगों ने मामले में पुलिस की कथित निष्क्रियता के विरोध में मंगलवार दोपहर को थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि लड़की से दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या की गई।

लड़की के शव के पोस्टमॉर्टम की आरंभिक रिपोर्ट से दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इस घटना के लिए विपक्षी दल भाजपा को जिम्मेदार ठहराया, वहीं भाजपा ने कानून-व्यवस्था के पूरी तरह ठप होने का आरोप लगाया। रायगंज के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद सना अख्तर को निलंबित करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों ने अवरोधकों को तोड़ने के साथ वहां तैनात पुलिसकर्मियों पर पथराव किया। पुलिसकर्मियों ने लाठीचार्ज किया, लेकिन भीड़ को थाने में घुसने और आग लगाने से नहीं रोक सके।

भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। हमने रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के कर्मियों सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की एक टीम के दौरे से पहले रविवार सुबह कालियागंज के कुछ हिस्सों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। इस बीच टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने आगजनी के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। घोष ने आरोप लगाया, भाजपा आदिवासियों को गुमराह कर रही है और उन्हें पुलिस पर हमला करने के लिए उकसा रही है। हालांकि भाजपा ने इस घटना के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दोषी ठहराया। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा, मैं पुलिसकर्मियों पर हमले का समर्थन नहीं करता। लेकिन मुझे पता चला है कि पुलिस ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हमला किया था। यह कानून-व्यवस्था के पूरी तरह ठप हो जाने का नतीजा है। इसके लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं। मंगलवार की आगजनी के मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। नहर से नाबालिग लड़की का शव 21 अप्रैल को बरामद होने के बाद भीड़ द्वारा पुलिसकर्मियों पर हमला करने और कालियागंज में कई दुकानों और वाहनों में आग लगाने की घटना के बाद छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने रविवार को लड़की के परिवार से मुलाकात की।

# आखिरी क्षण तक राकांपा में रहूंगा: अजीत पवार

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजीत पवार ने मंगलवार को दोहराया कि वह अपने अंतिम क्षण तक राकांपा में बने रहेंगे। पवार का यह बयान ऐसे समय आया है जब उनके अगले राजनीतिक कदम को लेकर अटकलें जारी हैं। अजीत पवार महाराष्ट्र के बारामती में पार्टी के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। मेरे बारे में कई तरह की अटकलें लगाई गईं और अफवाहें फैलाई गईं। बिना किसी कारण के मेरे चारों ओर संदेह का घेरा बना दिया गया, लेकिन किसी भी अफवाह में फंसे बिना मैं अपना काम जारी रखे हुए हूं। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि आपके मन में भी कई सवाल होंगे। आप भी सोच रहे होंगे कि क्या मैं वही दोहराऊंगा जो मैंने सुबह 8 बजे किया था (परोक्ष तौर पर 2019 में सुबह-सुबह शपथ लेने की ओर इशारा करते हुए)। हालांकि मैं आपको पहले ही बता चुका हूं कि मैं अपने आखिरी समय तक राकांपा में काम करता रहूंगा और मेरी पार्टी जो भी फैसला लेगी, मैं उससे सहमत हूं। 23 नवंबर, 2019 को भाजपा के नेता देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ने क्रमशः मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, लेकिन सरकार कुछ ही दिनों में गिर गई थी।

पवार ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य लोक कल्याण और विकास की दिशा में काम करना है। पिछले कुछ हफ्तों में, अजीत पवार के अगले राजनीतिक कदम को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं, कुछ का दावा है कि वह भाजपा के साथ हाथ मिला सकते हैं। राकांपा प्रमुख शरद पवार और अजीत पवार की हालिया टिप्पणियों ने अफवाहें उड़ाई हैं कि उनकी पार्टी भाजपा के करीब आ रही है। वहीं पवार ने कहा है कि वह अपनी आखिरी सांस तक राकांपा नहीं छोड़ेंगे। हालांकि उनके स्पष्टीकरण से अटकलों पर विराम नहीं लगा है।

# वैज्ञानिकों ने एआई की मदद से सौर मंडल के बाहर के अज्ञात ग्रह का पता लगाया

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने एक तरह की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग टूल्स का इस्तेमाल कर सौरमंडल के बाहर के अज्ञात ग्रह के सबूत मिलने की पुष्टि की है। अमेरिका के जॉर्जिया विश्वविद्यालय (यूजीए) के शोधकर्ताओं ने कहा कि उनके अध्ययन से मशीन लर्निंग के जरिए नए बने तारों के आसपास की गैस प्रोटोप्लेनेटरी डिस्क को देखकर एक्सोप्लैनेट (सौर मंडल के बाहर के ग्रह) की मौजूदगी को सही ढंग से निर्धारित करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में प्रकाशित उनके निष्कर्ष, पहले से अनदेखे एक्सोप्लैनेट की पहचान करने के लिए मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करने की दिशा में पहला कदम है।

यूजीए फ्रैंकलिन कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज में भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग में डॉक्टरेट छात्र और अध्ययन के अग्रणी लेखक जेसन टेरी ने कहा, हमने पारंपरिक तकनीक का इस्तेमाल करके ग्रह की मौजूदगी की पुष्टि की, हमारे मॉडल ने हमें उन सिमुलेशन को चलाने के लिए निर्देशित किया और हमें दिखाया कि ग्रह कहां स्थित हो सकता है। मॉडल को पुराने अवलोकन के एक सेट पर लागू किया गया, तो एक ऐसी डिस्क की पहचान की गई जिसमें विश्लेषण के बावजूद ग्रह के बारे में पता नहीं चल पाया था।

मॉडल ने एक ग्रह की मौजूदगी का संकेत दिया। कम्प्यूटेशनल एस्ट्रोफिजिक्स और यूजीए में एक्सोप्लैनेट एंड प्लैनेट फॉर्मेशन रिसर्च ग्रुप की प्रमुख अन्वेषक और सहायक प्रोफेसर केसांद्रा हॉल ने कहा, यह अवधारणा का अविश्वसनीय रूप से रोमांचक प्रमाण है। हम अपने पहले के कार्य से जानते थे कि हम सौर मंडल के बाहर के ग्रह को खोजने के लिए मशीन लर्निंग का इस्तेमाल कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि उनका अध्ययन इस बात का उदाहरण है कि कैसे एआई का इस्तेमाल विश्लेषण की सटीकता का विस्तार करके तथा उनके समय को कुशलतापूर्वक कम करके वैज्ञानिकों के काम में मदद कर सकता है।

## ममता की नीतीश से मुलाकात अच्छी पहल, लेकिन टीएमसी के अतीत पर गौर करने की जरूरतः माकपा

**कोलकाता।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात को एक अच्छी पहल बताया, हालांकि उसने कहा कि टीएमसी भाजपा विरोधी से ज्यादा वाम विरोधी है। माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने पीटीआई-भाषा से कहा कि हर राज्य में राजनीतिक परिदृश्य की अपनी विशिष्टता होती है, और यह (विशिष्टता) अखिल भारतीय स्थिति से अलग होती है। कुमार के साथ बनर्जी की मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर सलीम ने कहा, यह एक अच्छी पहल है। हालांकि, उन्होंने कहा कि टीएमसी के पिछले प्रदर्शन पर गौर करने की जरूरत है। तृणमूल भाजपा विरोधी से ज्यादा वामपंथ विरोधी है। सलीम ने कहा कि वामपंथी और कांग्रेस कभी भी भाजपा के साथ हाथ नहीं मिलाएंगे।

# पीएफआई फुलवारी शरीफ मॉड्यूल की जांच के तहत एनआईए ने चार राज्यों में छापे मारे

**भाषा।** नई दिल्ली, पटना

**राष्ट्रीय अन्वेषण** अभिकरण (एनआईए) ने मंगलवार को बिहार के फुलवारी शरीफ में प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पीएफआई के एक संदिग्ध मॉड्यूल के खिलाफ अपनी जांच के तहत बिहार, गोवा, उत्तर प्रदेश और पंजाब में 16 स्थानों पर छापेमारी की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। संघीय आतंकवाद रोधी एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा, पीएफआई संदिग्धों के परिसरों में छापेमारी के दौरान बैंक लेनदेन विवरण के साथ डिजिटल उपकरण जब्त किए गए...साथ ही पीएफआई से संबंधित दस्तावेज और एक लाख रुपए की भारतीय मुद्रा भी जब्त की गई है। एनआईए अधिकारियों ने बिहार के सीवान, शिवहर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, कटिहार, अररिया, पूर्णिया और पूर्वी चंपारण जिलों, गोवा के दक्षिण गोवा जिले, उत्तर प्रदेश के रामपुर और भदोही और पंजाब के लुधियाना में अनेक स्थानों पर छापे मारे।

प्रवक्ता ने कहा कि पिछले साल जुलाई में इस मामले में कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और जांच बिहार के फुलवारी शरीफ में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) कैडर के प्रशिक्षण से संबंधित है। प्रवक्ता ने कहा कि एनआईए ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ जनवरी में आरोपपत्र दायर किया था।

प्रवक्ता ने कहा, आरोपी, अन्य संदिग्धों के साथ, पीएफआई की ओर से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए फुलवारी शरीफ में किराए के परिसर से काम कर रहे थे। उन्होंने पीएफआई के भर्ती किए गए कैडर के लिए शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक के रूप में भी काम किया था। एनआईए ने आरोप लगाया, यह भी संदेह है कि सरकार द्वारा (सितंबर, 2022 में) पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया पर प्रतिबंध लगाने के बाद भी, इसके कैडर संगठन की विचारधारा और इसकी नापाक, गैरकानूनी और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने में शामिल रहे।

बिहार में, एक छापा मुजफ्फरपुर में मारा गया जहां एनआईए की एक टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से कटरा प्रखंड के अंखौली गांव में मोहम्मद साकिब के घर पर छापा मारा। साकिब के पिता नियाज अहमद ने संवाददाताओं से कहा, वे मेरे बेटे के बारे में पूछताछ करने आए थे। हमने उन्हें बताया कि करीब एक साल से हमारा उनसे कोई संपर्क नहीं हुआ है।

अहमद ने कहा, उन्होंने मेरे बेटे का मोबाइल नंबर भी लिया, जिसकी उम्र 30 साल है। उन्होंने उसके नंबर पर कॉल करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। वे उसकी दो बैंक पासबुक, जो घर पर रखी थीं, कुछ अन्य दस्तावेज साथ ले गए। इससे सटे पूर्वी चंपारण जिले में, जहां से संदिग्ध पीएफआई संचालक इरशाद को पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था, एजेंसी की टीम ने चकिया अनुमंडल के कुनवा गांव में सज्जाद अंसारी के घर पर छापा मारा। सज्जाद के भाई सद्दाम ने संवाददाताओं से कहा, टीम सुबह करीब 5 बजे हमारे घर आई। सज्जाद घर पर नहीं था और तलाशी अभियान के दौरान कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। वे मेरे भाई का पहचानपत्र अपने साथ ले गए। सद्दाम दुबई में रहता है और छुट्टी पर घर आया था।

दरभंगा जिले में एक स्थानीय दंत चिकित्सक के घर समेत दो जगहों पर छापे मारे गए। लहेरिया सराय के उर्दू बाजार इलाके में डॉ. शारिक रजा के घर पर छापेमारी सुबह 4 बजे शुरू हुई और कई घंटे चली। सिंहवाड़ा थानाक्षेत्र के शंकरपुर गांव में, एनआईए की एक टीम ने एक स्थानीय नेता मोहम्मद महबूब के घर पर छापा मारा, जो करीब चालीस साल का है। उल्लेखनीय है कि दो अन्य संदिग्ध पीएफआई गुर्गों, मोहम्मद मुस्तकीम और मोहम्मद सनाउल्लाह के घरों पर पिछले दिनों एजेंसी ने छापा मारा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, छापे के समय महबूब अपने घर पर नहीं था और एनआईए के अधिकारी उसकी मां, जो मानसिक रूप से अस्थिर बताई जाती है, और दो भाइयों से पूछताछ कर रहे थे। दरभंगा के टाउन थानाक्षेत्र के उर्दू मोहल्ला में पीएफआई के एक अन्य संदिग्ध सदस्य नूरुद्दीन जंगी का घर भी है, जिसे पिछले साल जुलाई में लखनऊ से गिरफ्तार किया गया था।

मधुबनी जिले के बाबूबाढ़ी थाने की मिश्रौलिया पंचायत के बरहरा गांव में मोहम्मद शहाबुद्दीन के घर पर एनआईए ने छापा मारा। शहाबुद्दीन घर पर नहीं मिला और एनआईए की टीम ने उसकी बीमार मां शकीला खातून, छोटे भाई कलीमुद्दीन, बहन शहनाज खातून और भाभी अंजुम परवीन से पूछताछ की। राजबारा गांव में मोहम्मद नजीम और चांपी गांव में मोहम्मद हसन के घरों पर भी छापे मारे गए। एनआईए ने कहा कि 13 गिरफ्तार आरोपियों और आज की तलाशी में शामिल परिसरों से जुड़े 16 लोगों के बीच संबंधों को उजागर करने के लिए मामले में जांच जारी है।

# टाइटंस के आगे नहीं टिक सके इंडियंस

## ● गुजरात ने मुंबई को 55 रन से हराया

**भाषा।** अहमदाबाद



**गुजरात** टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियंस की 55 रन से शिकस्त दी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 207 रन बनाने के बाद मुंबई को नौ विकेट पर 152 रन पर रोक दिया पर रोक दिया। गुजरात के लिए नूर अहमद ने तीन जबकि राशिद खान और मोहित शर्मा ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की अर्धशतकीय पारी के बाद अभिनव मनोहर और डेविड मिलर के बीच 35 गेंद में 71 रन की साझेदारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ छह विकेट पर 207 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। गिल ने 34 गेंद में सात चौकों और एक छक्के से 56 रन बनाए। मनोहर ने 21 गेंद में 42 रन की पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाए जबकि मिलर ने 22 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 46 रन बनाए। आखिरी ओवरों में राहुल तेवतिया ने पांच गेंद में तीन छक्के की मदद से नाबाद 20 रन का योगदान दिया। मुंबई के गेंदबाजों ने आखिरी चार ओवर में 70 रन लुटाए। टीम के लिए पीयूष चावला (चार ओवर में दो विकेट पर 34 रन) सफल गेंदबाज रहे। अर्जुन तेंदुलकर (दो ओवर में नौ रन), जेसन बेहरनडोर्फ (चार ओवर में 37 रन), कुमार कार्तिकेय (चार ओवर में 39 रन) और राइली मेरेडिथ (चार ओवर में 49 रन) को एक-एक सफलता मिली। कैमरून ग्रीन ने दो ओवर में 39 रन लुटा दिए। पहले गेंदबाजी का फैसला करने के बाद तेंदुलकर और बेहरनडोर्फ ने शुरुआती चार ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की। तेंदुलकर ने तीसरे ओवर में विकेटकीपर इशान किशन के हाथों रिद्धिमान साहा (सात गेंद में चार रन) को कैच कराया। गिल ने छठे ओवर में ग्रीन के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका लगाने के बाद छक्का जड़ा, टीम ने इस ओवर से 17 रन बटोरे जिससे पावर प्ले के बाद गुजरात का स्कोर एक विकेट पर 50 रन था। सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए पीयूष चावला ने पहली ही गेंद पर हार्दिक पंड्या (14 गेंद में 13 रन) को चलता कर दिया। विजय शंकर ने 10वें ओवर कुमार कार्तिकेय के खिलाफ छक्का जड़ा। गिल ने इसी ओवर में चौका लगाने के बाद एक रन चुरा कर 30 गेंद में अपना पचासा पूरा किया। गिल हालांकि इस गेंदबाज के अगले ओवर में फिरकी में फंस गए और लांगऑन पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। चावला ने 13वें ओवर में शंकर (16 गेंद में 19 रन) को पवेलियन की राह दिखाई। मिलर ने 14वें ओवर में कार्तिकेय के खिलाफ अपना पहला छक्का जड़ा तो वही अभिनव मनोहर ने चावला के ओवर में दो चौके और छक्का लगाकर 17 रन बटोरे। अठारहवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए ग्रीन के खिलाफ मनोहर ने लगातार दो जबकि मिलर ने एक छक्का लगाया गुजरात ने इस ओवर से 22 रन बटोरे। मेरेडिथ ने अगले ओवर की पहली गेंद पर मनोहर को आउट किया लेकिन राहुल तेवतिया ने क्रीज पर कदम रखते ही छक्के के साथ खाता खोला। ओवर की आखिरी दो गेंदों पर मिलर ने छक्का लगाया। तेवतिया ने आखिरी ओवर में लगातार दो छक्के के साथ टीम के रनों को 200 के पार पहुंचाया। इसी ओवर में मिलर बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में आउट हुए।

### स्कोरबोर्ड

**गुजरात टाइटंस पारी** :रिद्धिमान का किशन बो अर्जुन 04,गिल का सूर्यकुमार बो कार्तिकेय 56, पंड्याका सूर्यकुमार बो चावला 13, शंकर का डेविड बो चावला 19,मिलरका सूर्यकुमार बो बेहरनडोर्फ 46,मनोहर का बेहरनडोर्फ बो मेरेडिथ 42, तेवतिया नाबाद 20,खान नाबाद 02,**अतिरिक्त**: (वाइड: 05) 05,**कुल योग**: (20 ओवर मे छह विकेट पर) 207,**विकेट पतन**: I-12, 2-50, 3-91,4-101, 5-172, 6-205,**गेंदबाजी**: अर्जुन2-0-9-I,बेहरनडोर्फ 4-0-37-I,मेरेडिथ 4-0-49-I,ग्रीन 2-0-39-0,चावला 4-0-34-2,कार्तिकेय 4-0-39-I

**मुंबई इंडियंस पारी**:रोहित का एवं बो हार्दिक 02, किशन का लिटिल बो राशिद 13, ग्रीन बो नूर 33,वर्मा पगबाधा राशिद 02,यादव का एवं बो नूर 23, डेविड का मनोहर बो नूर 00,बढ़ेरा का शमी बो मोहित 40,चावला रन आउट 18, तेदुलकर का लिटिल बो मोहित 13,बेहरनडोर्फ नाबाद 03, मेरेडिथ नाबाद 00,**अतिरिक्त**: (बाई:04 , वाइड: 01) 05,**कुल योग**: 20 ओवर मे नौ विकेट पर: 152 रन,**विकेट पतन**: I-4, 2-, 3-45 , 4-59 , 5- , 6-90 , 7-135, 8-137, 9-152 ,**गेंदबाजी**: शमी 4-0-18-0, पंड्या 2-0-10-I, खान4-0-27-2,अहमद 4-0-37-3, शर्मा4-0-38-2,लिटिल 2-0-18-0

### आईपीएल-16 स्टेडियम से

#### लखनऊसुपरजायंट्स के गेंदबाज नवीन उल हक ने किया कप्तान राहुल का बचाव



लखनऊ। लखनऊसुपरजायंट्स टीम के तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में धीमी बल्लेबाजी के लिए आलोचना से घिरे अपने कप्तान लोकेश राहुल का बचाव करते हुए कहा है कि उनक प्रदर्शन अच्छा रहा है और उन्होने टीम की अच्छी तरह से अगुवाई की है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच मे टीम की सनसनीखेज हार के बाद लखनऊ के इकाना स्टेडियम की पिच को लेकर उठ रहे सवालो पर हक ने कहा कि पिच मे कोई खराबी नही थी। हक ने यहां प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, राहुल ने टीम की अच्छी तरह से अगुवाई की है। उन्होने अच्छा प्रदर्शन किया है। आप उनके स्ट्राइक रेट के बारे मे बात कर सकते है, मगर किसी को तो मैच को आगे ले जाना होता है। राहुल ने यह काम किया है। उन्होने मैच की परिस्थितियो के हिसाब से बल्लेबाजी की है। गौरतलब है कि इंग्लैड के पूर्व कप्तान और बल्लेबाज केविन पीटरसन ने हाल ही मे राहुल की धीमी बल्लेबाजी की तीखी आलोचना की थी। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज हक ने गत शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ घरेलू मैदान पर मजबूत स्थिति मे होने के बावजूद मुकाबला गंवाने के बारे मे पूछे जाने पर कहा, हमने आखिरी चार ओवरों मे अच्छा खेल नही दिखाया। हम मैच के ज्यादातर हिस्से मे बनाई गई अपनी बढ़त को बरकरार नही रख सके। जल्दी मैच खत्म करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। मेरा मानना है कि गुजरात टाइटंस ने भी आखिरी ओवरों मे अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने आखिरी ओवर की अंतिम गेंद तक संघर्ष किया और वे कामयाब रहे।

#### सनराइजर्स के बल्लेबाजों को अधिक सक्रियता दिखानी चाहिए थी: लारा



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के कोच ब्रायन लारा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपेक्षाकृत छोटे लक्ष्य का पीछा करने मे असफल रहने के लिए अपने बल्लेबाजो को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उन्होंने अपना आक्रामक रवैया दिखाने मे काफी देर कर दी थी। सनराइजर्स को सोमवार की रात को दिल्ली के हाथो सात रन से हार का सामना करना पड़ा जो उसकी लगातार तीसरी पराजय है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने बेहद रक्षात्मक रवैया अपनाया जिसका उन्हे खामियाजा भुगतना पड़ा। उसके सामने 145 रन का लक्ष्य था लेकिन आखिर मे वह छह विकेट पर 137 रन ही बना पाया। लारा ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन मे कहा, पिच मे किसी तरह की गड़बड़ी नही थी तथा हमें पूरी पारी के दौरान अधिक सक्रियता दिखानी चाहिए थी। उन्होंने कहा, हमने सब कुछ आखिर के लिए छोड़ दिया। मुझे अच्छा लगता अगर हमारे बल्लेबाज पावर प्ले का पूरा फायदा उठाते। हमने उन्हे बीच के ओवरो मे विकेट लेने और हावी होने का मौका दिया। सनराइजर्स पावर प्ले मे 36 रन ही बना पाया जबकि उसकी आधी टीम 14.1 ओवर मे 85 रन पर पवेलियन लौट गई थी। लारा ने कहा, पहले 15 ओवर काफी महत्वपूर्ण होते है और तब तक हमें काफी बेहतर स्थिति मे होना चाहिए था। सनराइजर्स को प्लेऑफ मे जगह बनाने के लिए अब प्रत्एक मैच मे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। हमें अब आगे के बारे मे सोचना होगा और जल्द ही एकजुट होना होगा। इसमें कोई संदेह नही कि अब हमारे लिए राह मुश्किल है और हमे अधिक जिम्मेदारी से खेलना होगा।.

#### वॉर्नर पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना



**हैदराबाद।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच मे धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने इस मैच मे सनराइजर्स को सात रन से हराया था। आईपीएल ने बयान मे कहा, धीमी ओवर गति के लिए आईपीएल आचार संहिता के तहत यह टीम का वर्तमान सत्र मे पहला अपराध है इसलिए कप्तान डेविड वॉर्नर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल का उद्देश्य मैचो को तीन घंटे और 20 मिनट मे समाप्त करना है लेकिन धीमी ओवर गति एक मुद्दा बनता जा रहा है जिसके कारण अधिकतर मैच चार घंटे से भी अधिक समय तक खिंच रहे है।

### पिंडली की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हटी ओंस जाबूर

**मैड्रिड।** गत चैम्पियन ओंस जाबूर बाई पिडली मे चोट के कारण मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई है जिससे उनकी फ्रेंच ओपन की तैयारियों को करारा झटका लगा है। ट्यूनीशिया की विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी जाबूर ने जर्मनी के स्टुटगार्ट मे चल रहे क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में तब मैच से हटने का फैसला किया जब वह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक के खिलाफ पहले सेट में 0-3 से पीछे चल रही थी। जाबूर ने इसके बाद ट्विटर पर पोस्ट किया कि उनकी पिडली चोटिल हो गई है और उन्हे कई तरह की जांच करानी पड़ेगी। मुझे इस चोट से उबरने के लिए समय चाहिए। मुझे यह घोषणा करते हुए दुख हो रहा है कि मै मैड्रिड मे नही खेल पाऊंगी।

### टीएचएस कप अंडर-14 लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट एक मई से

**लखनऊ।** टीएचएस टेंडर हार्ट्स स्कूल कप अंडर-14 लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 1 से 3 मई 2023 तक टेंडर हार्ट्स स्कूल कुर्सी रोड के खेल मैदान पर खेला जायेगा। नॉक आउट आधार पर होने वाले इस इस टूर्नामेंट में शहर की 12 टीमें खेलेंगी। टूर्नामेंट में भाग लेने की इच्छुक टीमें प्रतिभाग करने एवं अन्य जानकारी के लिए आयोजन सचिव दिग्विजय शुक्ला से मोबाइल नंबर 9453345220 से संपर्क कर सकते है।

### गोविंदराज का एशियाई बास्केटबॉल का अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय

**नई दिल्ली।** भारतीय बास्केटबॉल महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष केम्पारेड्डी गोविंदराज का अगले महीने बेंगलुरू मे इस खेल की एशियाई संस्था की कांग्रेस के दौरान उसका अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय है। महाद्वीपीय संचालन संस्था फिबा एशिया के अध्यक्ष का पद छह उप क्षेत्रों- पूर्व एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, दक्षिण एशिया और खाड़ी तथा पश्चिम एशिया के बीच बारी-बारी से दिया जाता है। अब 2023-27 की अवधि के लिए अपने सदस्य राष्ट्रीय महासंघो में से फिबा एशिया अध्यक्ष को नामित करने के लिए दक्षिण एशिया बास्केटबॉल संघ की बारी है जिसने गोविंदराज को नामित किया है।

### गोल्फ ट्रायल में खलिन, अमनदीप को बढ़त

**कोलकाता।** खलिन जोशी और अमनदीप द्राल ने एशियाई खेलों की गोल्फ स्पर्धा के लिए मंगलवार को यहां कलकत्ता गोल्फ क्लब मे शुरू हुए ट्रायल के पहले दिन क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में बढ़त बना ली। बेंगलुरू के खलिन ने शुरुआती छह होल मे पांच बर्डी सहित कुल सात बर्डी और दो बोगी के साथ पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया है। अजितेश संधू पांच बर्डी और एक बोगी से चार अंडर 68 के स्कोर से दूसरे स्थान पर चल रहे है। एशियाई खेल 2010 की टीम स्पर्धा के रजत पदक विजेता राशिद खान, ओलंपियन एसएसपी चौरसिया, अमन राज और युवराज संधू सभी तीन अंडर 69 के स्कोर से संयुक्त तीसरे स्थान पर है।

### एशियाई खेलों के चयन ट्रायल के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने आगामी एशियाई खेलों की टीम चुनने के लिए चयन ट्रायल चार से सात मई तक कराने का फैसला किया है। एशियाई खेल शुरुआत मे पिछले साल होने थे लेकिन चीन के हांगझोउ मे होने वाले इन खेलो को इस साल के लिए स्थगित कर दिया गया और अब ए 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होंगे। सभी मान्यता प्राप्त राज्य संघो को जारी सर्कुलर के मुताबिक ट्रायल का आयोजन तेलंगाना के ज्वाला गुट्टा अकादमी ऑफ एक्सीलेंस किया जाएगा।

# रहाणे की टीम में वापसी, सूर्य व कुलदीप बाहर

## ● डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भारतीय टीम की घोषणा

**भाषा।** नई दिल्ली



**डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भारतीय टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएल राहुल, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।**

**अपनी बल्लेबाजी** में आक्रामकता का पुट जोड़ने वाले पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ सात से 11 जून तक लंदन के ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारतीय टीम में वापसी की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को इस मैच के लिए 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए टीम में शामिल रहे आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव, स्पिनर कुलदीप यादव और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को इस मैच के लिए टीम में नहीं चुना गया है। बीसीसीआई की पांच सदस्ईय चयन समिति और सचिव जय शाह के अलावा कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सोमवार की शाम को बैठक में हिस्सा लेकर टीम को अंतिम रूप दिया। श्रेयस अय्यर के पीठ में चोट के कारण बाहर हो जाने से रहाणे की 15 महीने बाद टीम में वापसी सुनिश्चित थी। अय्यर ने हाल में ब्रिटेन में अपना ऑपरेशन करवाया था। पीटीआई ने 10 अप्रैल को रिपोर्ट ने कहा था कि रहाणे की टीम में वापसी हो सकती है। इस बल्लेबाज ने अभी तक 82 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच जनवरी 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में खेला था। इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने घरेलू सत्र में मुंबई की अगुवाई की और लगभग 700 रन बनाए। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी में आक्रामकता का पुट जोड़ा जिसका वह आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खुलकर प्रदर्शन कर रहे हैं। अभी तक आईपीएल के वर्तमान सत्र में सात मैचों में उन्होंने 190 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम में किसी को उपकप्तान नियुक्त नहीं किया गया है लेकिन चेतेश्वर पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम दो मैचों में यह भूमिका निभाई थी और उन्हें फिर से यह जिम्मेदारी संभालने के लिए कहा जा सकता है। पुजारा अभी काउंटी क्रिकेट में ससेक्स की तरफ से खेल रहे हैं। केएस भरत टीम में शामिल एकमात्र विशेषज्ञ विकेटकीपर है जबकि युवा किशन, कुलदीप और सूर्यकुमार टीम में जगह नहीं बना पाए। केवल एक मैच होने के कारण चयनकर्ताओं ने दूसरे विकेटकीपर का चयन नहीं किया। इस बात की भी संभावना है कि टीम प्रबंधन मध्यक्रम में केएल राहुल को रखकर उन्हें विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी सौंप सकता है जिससे कि रहाणे के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज को अंतिम एकादश में रखा जा सके। टीम में रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल और शार्दुल ठाकुर के रूप में चार ऑलराउंडर हैं। ओवल में बाद में स्पिनरों को मदद मिलती है।

### आईपीएल के आखिरी चरण से बाहर रह सकते हैं वुड

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ मार्क वुड अगले महीने अपने बच्चे के जन्म के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के अंतिम चरण से बाहर रह सकते हैं। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अब तक सुपर जाइंट्स की ओर से चार मैच में 11 विकेट चटकाए हैं और इस दौरान 8.12 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए। वह हालांकि बीमार होने के कारण टीम के पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए। ईएसपीएनक्रिकइंफो की खबर के अनुसार, वुड और उनकी पत्नी मई के अंत में दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं और बच्चे के जन्म के समय मौजूद रहने के लिए वुड आगामी हफ्तों में किसी समय स्वदेश लौटेंगे। आईपीएल क्वालीफायर 23 और 26 मई को खेले जाएंगे जबकि फाइनल 28 मई को होगा।

# अपना अभियान पटरी पर लाने उतरेगा केकेआर



## ● आरसीबी के खिलाफ मुकाबला आज

**भाषा।** बेंगलुरू

**लगातार चार** मैचों में हार से आहत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने का प्रयास करेगा। दो बार के चैंपियन केकेआर ने अभी तक सात मैचों में से केवल दो में जीत दर्ज की है और वह सातवें स्थान पर काबिज है। इससे उसकी आगे की राह काफी कठिन हो गई है। केकेआर को बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उसे नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर और ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की कमी भी खल रही है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को खेले गए पिछले मैच में केकेआर के बल्लेबाजों को बड़े लक्ष्य के सामने अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर, कप्तान नितीश राणा और एन जगदीशन ने दबाव में अपने विकेट गंवाए। केकेआर अभी तक अदद सलामी जोड़ी नहीं तलाश पाया है। उसने अभी तक सुनील नारायण, जगदीशन, लिटन दास, जेसन रॉय और रहमानुल्लाह गुरबाज को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है। पिछले मैच में जेसन रॉय और रिंकू सिंह ने अर्धशतक जमाए लेकिन इन दोनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। आंद्रे रसेल भी फिनिशर की अपनी भूमिका में खरे नहीं उतर पाए। केकेआर के लिए उनकी फिटनेस भी चिंता का विषय है क्योंकि इस सत्र में वह अभी तक एक बार भी अपने कोटे के चारों ओवर नहीं कर पाए हैं। केकेआर ने इस सत्र के शुरू में आरसीबी को 81 रन से हराया था और वह उस मैच से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरेगा। आरसीबी का हालांकि पिछले मैच में राजस्थान रॉयल पर सात रन की जीत से मनोबल बढ़ा होगा और वह अपना विजय अभियान जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

### खराब प्रदर्शन के बाद केकेआर को खेल का स्तर ऊंचा करना होगा: रॉय

**बेंगलुरु।** केकेआर के आक्रामक बल्लेबाज जेसन रॉय ने आईपीएल के शुरुआती चरण में टीम के लचर प्रदर्शन की बात को स्वीकार करते हुए मंगलवार को खिलाड़ियों से खेल के स्तर को उंचा करने को कहा। आईपीएल खिताब को दो बार जीतने वाली केकेआर की टीम ने शुरुआती सात मैचों में से दो में जीत दर्ज की है। रिंकू के अलावा टीम के किसी खिलाड़ी के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही है। रॉय ने पिछले मैच में चेन्नई के खिलाफ आक्रामक अर्धशतक जड़ा था तो वहीं मुंबई के खिलाफ वेंकटेश अय्यर ने शतक जड़ा था लेकिन इन दोनों मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा। रॉय ने बेंगलोर के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, टीम के अंदर सिर्फ इतनी ही बात हो रही है कि अपनी ओर से पूरा जोर लगाना जारी रखे ।

# सिंधू की निगाहें अच्छे प्रदर्शन पर

## ● एशिया चैंपियनशिप

**भाषा।** दुबई



**ओलंपिक में दो** पदक जीतने वाली पीवी सिंधू सहित भारत के स्टार खिलाड़ी अपने खेल में सुधार करके बुधवार से यहां होने वाली एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने के उद्देश्य से कोर्ट पर उतरेंगे। यह प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता मंगलवार को क्वालीफाईंग दौर के साथ शुरू हो गई जबकि मुख्य दौर के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे। भारत के लिए पदक जीतना आसान नहीं होगा क्योंकि पिछले कुछ समय से उसके शीर्ष खिलाड़ी संघर्ष कर रहे हैं। भारत ने एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में अभी तक कुल मिलाकर 17 पदक जीते हैं। उसके लिए एकमात्र स्वर्ण पदक 1965 में दिनेश खन्ना ने जीता था। स्वर्ण पदक के इस इंतजार को खत्म करने के लिए सिंधू, एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन को वास्तव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली सिंधू अपने अभियान की शुरुआत ताइवान की वेन ची सू के खिलाफ करेंगी। पुरुष एकल में विश्व के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय का पहला मुकाबला म्यांमार के फोन प्यारे नाइंग से होगा जबकि किदांबी श्रीकांत बहरीन के अदनान इब्राहिम का सामना करेंगे। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य के लिए पहली चुनौती ही आसान नहीं है। पहले दौर में उनका सामना पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन से होगा। महिला एकल में मालविका बंसोड़ शीर्ष वरीय और पिछले साल फाइनल में जगह बनाने वाली जापान की अकाने यामागुची से भिड़ेंगी, जबकि आकर्षि कश्यप का सामना इंडोनेशिया की कोमांग आयू काह्या देवी से होगा। पुरुष युगल में इस साल के शुरू में स्विस ओपन का खिताब जीतने वाले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी तान कियान मेंग और तान वी किओंग की मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला तथा कृष्ण प्रसाद गरगा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला भी पुरुष युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

### आयरलैंड ने टेस्ट पारी में अपना सर्वोच्च स्कोर 492 रन बनाया

**भाषा।** गॉल

**पॉल स्टर्लिंग** (103) और कर्टिस कैंफर (111) की पहली शतकीय पारियों से आयरलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन मंगलवार को अपनी पहली पारी में रिकॉर्ड 492 रन बनाए। खराब रोशनी और बारिश के कारण दिन का खेल लगभग आधे घंटे पहले खत्म हुआ। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 81 रन बनाकर मजबूत शुरूआत की। स्टंप्स के समय निशान मधुशंका 41 और कप्तान दिमुथ करुणारत्ने 39 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। बल्लेबाजी के लिए माकूल परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए आयरलैंड के बल्लेबाजों को श्रीलंका के गेंदबाजों के खिलाफ कोई खास परेशानी नहीं हुई। टेस्ट क्रिकेट की पारी में यह टीम का सर्वोच्च स्कोर है। आयरलैंड ने इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ डबलिन में 2018 में दूसरी पारी में 339 रन बनाए थे

# शरत, मनिका डरबन में होने वाले विश्व टेटे स्पर्धा में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे



## ● 20 से 28 मई तक होंगे मुकाबले

**भाषा।** जालंधर

**बर्मिंघम** राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शरत कमल और शीर्ष रैंकिंग की भारतीय महिला खिलाड़ी मनिका बत्रा 20 से 28 मई तक डरबन में 2023 विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 11 सदस्ईय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम में पांच पुरुष और छह महिला खिलाड़ी शामिल हैं। विश्व चैम्पियनशिप के 59वें आयोजन में केवल टीम चैंपियनशिप के मुकाबले खेले जाएंगे। इस चैंपियनशिप की मेजबानी 1939 में मिस्र के बाद पहली बार कोई अफ्रीकी देश करेगा।। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ((टीटीएफआई) की चयन समिति ने नवीनतम चयन नीति के आधार पर अहम टूर्नामेंटों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन, अनुभव और व्यक्तिगत उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए टीम का चयन किया है। पुरुषों की टीम में शीर्ष भारतीय जी. साथियान (विश्व रैंकिंग 50) और अनुभवी शरत (विश्व रैंकिंग 55) के अलावा मानुष शाह, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर शामिल हैं। महिला टीम में मनिका बत्रा (विश्व रैंकिंग 40), श्रीजा अकुला, सुतीर्था मुखर्जी, रीथ रिश्या, अर्चना कामथ और दीया चितले को मौका मिला है। साथियान, शरत, मानुष और हरमीत पुरुष एकल और युगल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। साथियान शरत के साथ जोड़ी बनाएंगे जबकि मानुष और हरमीत देश के लिए पुरुषों की दूसरी जोड़ी बनाएंगे। मनिका, श्रीजा , सुतीर्था और रीथ एकल में प्रतिस्पर्धा करेंगी। मनिका हालांकि युगल में अर्चना के साथ जोड़ी बनाएंगी, जबकि श्रीजा की जोड़ी दीया के साथ बनेगी। साथियान और मनिका मिश्रित युगल में भारत की पहली जोड़ी होगी और जबकि मानव और अर्चना दूसरी जोड़ी बनाएंगे। सुभाजीत साहा और ममता प्रभु क्रमश: पुरुष और महिला कोच के रूप में टीमों के साथ रहेंगे।

### बबीता का आरोप, निगरानी समिति की सदस्य ने उनसे रिपोर्ट छीनी

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व पहलवान** बबीता फोगाट ने मंगलवार को दावा किया कि निगरानी समिति की उनकी साथी सदस्य राधिका श्रीमन ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर अंतिम रिपोर्ट उनके पूरा पढ़ने से पहले ही उनसे छीन ली थी। पूर्व खेल प्रशासक राधिका ने हालांकि इन आरोपों को सिरे से नकार दिया है। विरोध करने वाले पहलवानों के जोर देने पर आरोपों की जांच के लिए सरकार के जांच पैनल में शामिल बबीता ने आरोप लगाया कि उन्हें कुछ आपत्तियां थीं लेकिन राधिका ने उन्हें पूरी रिपोर्ट पढ़ने नहीं दी। बबीता ने पीटीआई को बताया, मैंने अंतिम रिपोर्ट के कुछ ही पन्ने पढ़े थे और मुझे कुछ आपत्तियां थीं लेकिन राधिका श्रीमन ने आकर रिपोर्ट छीन ली।

# ओम, प्रणव और आयरा क्वार्टरफाइनल में

## ● आइटा चैंपियनशिप सीरीज

**लखनऊ।** लखनऊ की आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी में चल रहे आल इंडिया टेनिस प्रतियोगिता आइटा चैंपियनशिप सिरीज सीएस-7 के दूसरे दिन भी उलटफेर का दौर जारी रहा है। दूसरी वरियता प्राप्त उज्जवल वर्मा को गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अनुज कुमार ने सीधे सेटो में 6-4,6-4 से हरा दिया। आज हुए मुकाबलों में ओम, प्रणव, वंशराज, मीका सेठ और वरुण ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वहीं बालिका वर्ग में आयराए वैष्णवी और ऋषिभा ने अपने मुकाबले जीतकर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। अन्य मुकाबले में गोवा के खिलाडी मीका सेठ ने यूपी के शांतनु को 6-1,6-1 से आसानी से हरा दिया। वहीं शीर्ष वरीयता प्राप्त ओम यादव ने अनुज पांडेय को 6-3,6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी बर्थ पक्की कर ली। इसी तरह यूपी के ही प्रणव मिश्रा ने यूपी के ही ऋषि यादव कड़े मुकाबले में 4-6,6.4,6-2 से हरा दिया। बालिका वर्ग के मैचों में आयरा ने अपनी प्रतिद्वंदी सोनाली पटेल को आसानी से 6-0,6-1 से हरा दिया। सोनाली के पास आयरा के ग्राउंड स्ट्रोक्ट्स, ड्राप और पासिंग शॉट्स का कोई जवाब नहीं दिखा। इसी तरह एक अन्य मुकाबले में वैष्णवी लोधी ने धृति दुबे को 6-3,6-4 से आसानी से हराकर अंतिम आठ में जगह बना ली है। एक अन्य मैच में ऋषिभा पटेल ने श्रेया पांडेय को 7-5,6-3 से हरा दिया।